सैद्धान्तिकी

समय–समाज के संदर्भों की शोध–पत्रिका

संपादक

डॉ॰ व्रज कुमार पाण्डेय

डॉ॰ दीपक कुमार राय

अलका पब्लिकेशन्स

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I

दिल्ली-110091

वर्ष : 14 **अंक :** 3 ❑ जुलाई-सितम्बर, 2021

सैद्धान्तिकी

सैद्धान्तिकी भारत में समाचार पत्रों के निबंधक (आर.एन.आई.) द्वारा अनुमोदित है।

संरक्षकः
डॉ० नवल किशोर
डॉ० पी. एन. सिंह
डॉ० एस. त्रिपाठी

परामर्शः
डॉ० गिरीश मिश्र
डॉ० आर. एन. कुमार
डॉ० जी. पी. ओझा

संपादक मंडलः
डॉ० शशिकांत राय
डॉ० कृष्ण कुमार सिंह
डॉ० अनिल कुमार सिंह
डॉ० अमर कान्त सिंह

प्रबंध संपादकः
डॉ० साद बिन हामिद

साज-सज्जा :
पंकज कुमार झा

संपादकीय सम्पर्कः

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-1,
दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916, 40564514
e-mail : editorialindia@gmail.com

मूल्य : ₹ 2000.00

मुद्रक एवं प्रकाशक शैलेन्द्र सेंगर द्वारा 448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091 से प्रकाशित तथा शिव शक्ति प्रिंटर्स, नवीन शाहदरा दिल्ली-32 से मुद्रित

नोट :

पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

Editorial

The key to harnessing India's demographic dividend is education. Indian higher education currently the third largest in the world, is likely to surpass the US in the next five years and China in the next 15 years to be the largest system of higher education in the world. Indian higher education has a complex structure riddled with many contradictions, still has great possibilities. By 2030, India will be amongst the youngest nations in the world. With nearly 140 million people in the college-going age group, one in every four graduates in the world will be a product of the Indian education system. Higher education in India has recorded impressive growth since Independence. University Grants Commission (UGC), by designing programmes and implementing various schemes through academic, administrative and financial support, has contributed in the growth and development of Indian higher education. In the changing landscape, entrance of private universities is a game changer. Many new institutions of medicine, science, technology and others have been introduced. We have gross enrollment ratio of about 17.9% now, while an ambitious target of 25.2% has been envisaged by the end of 12th Plan. A major concern for India is creation of employable workforce to harness our demographic dividend. According to Industry reports supported by NASSCOM, only 25% of technical graduates and about 15% of other graduates are considered employable by IT/ITES industry. Another survey conducted on 800 MBA students across different cities in India revealed that only 23% of them were considered employable. Hence, there is an immediate need for a holistic and symbiotic association between industry and academia to make employable graduates. There is also an immediate need for moving from 'generic model' of education to a 'learner-centred' model of education. The students should be mentored to make their careers in the areas of their strength and abilities.

Currently, there are lots of issues regarding governance and autonomy of such educational institutions, which create major road blocks in performance and require urgent attention. There are several legal and regulatory hurdles to create quality institutions in India. For example, ISB Hyderabad is the only B-School from India which features in Top-20 in Financial Times list, but it cannot grant a recognized MBA degree due to legal and regulatory constraints. There is an immediate need for transforming governance and leadership in higher education Institutions. Last but not the least, to achieve GER as envisaged in our 12th Plan and harness our demographic dividend, it is important to allow not-for profit institutes to bring large-scale investments from Indian promoters and global educational institutes as has been done in the Healthcare sector. This step can truly transform the Education sector and India can become the knowledge capital of the world.

—Editor

इस अंक में

गृह विज्ञान

बाल अपराध के कारकों एवं उनके उपचारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन–*डॉ० विजय लक्ष्मी* 7

पंचायती राज में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका–*डॉ० रश्मि कुमारी* 15

भारत सरकार की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में नीति एवं कार्यक्रम–*श्वेता कांता* 25

पत्रकारिता

आपातकाल की भूमिगत पत्रकारिता–*डॉ० अरूण कुमार भगत* 47

भारत में समाचार पत्रों की वर्तमान प्रवृतियां–*शशि प्रकाश राय* 57

इतिहास

हड़प्पाई धर्म–*प्रीतम सिंह सारसर* 69

असहयोग आन्दोलनोपरांत 1930 तक चम्पारण में गांधी प्रभाव की निरंतरता–*कुमारी नीतू* 73

मुंडा जनजाति और समावेशी विकास: मुंडा महिलाओं के विशेष संदर्भ में–*श्रीमन नारायण पाठक* 78

और गाँधीजी बोल उठे - 'चम्पारण की लड़ाई फतह हो गई!'–*विनीता कुमारी* 84

भारत-बर्मा संबंध (1900-1923)–*इन्द्रकान्त* 89

डॉ० लोहिया का आर्थिक दर्शन: एक दृष्टि में–*मनोरंजन कुमार 'मयंक'* 93

हिन्दी

अलका सरावगी के साहित्य में प्रगतिशीलता–*डॉ० सविता वर्मा; खेमवती साह* 96

राजनीति विज्ञान

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005: एक समीक्षा–*सुनील कुमार* 99

भारत में पंचायती राज व्यवस्था–*डॉ० मनीषा शमा* 105

वैश्वीकरण की राजनीति और भारत–*अंजनी कुमार घोष* 108

संस्कृत

महाकवि भवभूति का व्यक्तित्व एवं कृतित्व–*वीणा कुमारी* 114

हमारे संस्कृति में संस्कार–*मनीष कुमार भारती* 118

काशी का धार्मिक जीवन–*राधिका कुमारी* 120

द्वैत वेदान्त में प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप–*आशुतोश कुमार* 122
श्रीहरिनामामृत व्याकरण में वर्णित संज्ञाओं का वैशिष्ट्य–*चित्रा भारद्वाज* 129
वैदिकसाहित्ये विवाहसंस्कारस्य वैशिश्ट्यम्–*डॉ महेन्द्र पाण्डेय* 134

मैथिली

आलोचना आ साहित्यवृद्धि: विश्लेषणात्मक अध्ययन–*सरोज कुमार* 138

दर्शनशास्त्र

राजा राममोहन राय के सामाजिक-पुनर्जागरण की दार्शनिकता–*सुमन कुमारी* 141

शिक्षाशास्त्र / मनोविज्ञान

उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं का तुलनात्मक अध्ययन–*अलका कुमारी; डॉ० अनीता शर्मा* 144

पी.एच.डी.

प्रेसमड (मैली) से बनी जैविक खाद का जनपद मुजफ्फरनगर के कृषि क्षेत्र में योगदान–*डॉ० रश्मि तायल* 150

गांधी विचार

खादी से आर्थिक स्वावलम्बन: गांधी जी के विचारों के संदर्भ में–*अक्षय कुमार* 159

COMMERCE

Management of Microfinance for Rural Development in India: A Review—*Deepak Kumar* 163
Reforms in Indian Capital Markets—*Sonam Tomar* 168
Impact of T.V Advertisements on Buying Pattern of Adolescent Girls—*Bhawya Sachdeva Mukhi* 173

ECONOMICS

Globalization and Its Impact on Small Scale Industries —*Navin Kumar Singh* 178

EDUCATION

Attitude of Higher Secondary Teachers Towards Inclusive Education in Ranchi District—*Kanak Lata; Dr. Kavita Padegaonkar* 182

ENGLISH

Wordsworth and Coleridge: A Comparative Study—*Dr. Raj Kumar Singh* 191
Feminism and Shashi Deshpande's Feminism—*Sanjeev Kumar Singh* 196
Wordsworth and His Predecessors—*Mayank Ranjan* 201

LAW

Company Act, 2013 is a New Wine in a Small Bottle:
A Study—*Anjay Kumar* 208

GEOGRAPHY

Impact of Agriculture Development on Water Resources
—*Om Prakash and Dr. Shiv Raj Singh Tomar* 217

PSYCHOLOGY

Educational Achievement and Family Environment
—*Dr. Lakshmeshwar Thakur; Smt. Rashmi* 224

Significance of Self-Efficacy with Special Reference to Students
—*Mr. Rajeev Kumar* 228

POLITICAL SCIENCE

Bretton Woods Institutions and Neo imperialism—*Vikash Anand* 237

SOCIOLOGY

Rural Women: Status and Challenges—Yankanna 247

बाल अपराध के कारकों एवं उनके उपचारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ० विजय लक्ष्मी

एसोसिएट प्रोफेसर, पी.जी. विभाग (गृह विज्ञान),
एम.एम. महिला कॉलेज (वी.के.एस.यू.), आरा

प्रस्तावना

प्रत्येक देश तथा समाज की अपनी नीतियां, रीतियां तथा परम्परायें होती हैं। इनका पालन समाज के सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य होता है चाहे सदस्य के रूप में प्रौढ़ व्यक्ति हो या बालक। बालकों में अनुभवों तथा परिवक्तता की कमी होने के कारण शरारती होना एक सामान्य लक्षण है। किन्तु ये शरारतें एवं नटखवन जब ऐसी सीमाओं का उल्लंघन करने लगता है जिससे सामाजिक मार्यादाओं तथा कानूनों का उल्लंघन होने लगता है तब इस स्थिति को बाल-अपराध की संज्ञा दी जाती है। वर्तमान समय में बच्चों का स्वभाव सृजनात्मक कम विध्वंसात्मक अधिक हो गया है। अधिकांश बच्चे अपराधिक प्रवृत्ति के हो गए हैं चाहे बालिग हो या नाबागि हो पूर्णरूप से व्यवसायिक आवरण से ढंका हुआ है जिसका परिणाम नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के रूप में देखने को मिल रहा है। बच्चों की मानसिकता ने विकृत रूप ले लिया है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि कोई भी राष्ट्र महान नहीं बन सकता जब तक उसमें निवास करने वाले लोगों की विचारधारा एवं कार्य संकुचित होंगे। आज बच्चों की मानसिकता बहुत संकुचित हो गई है वह बहुजन हिताय के स्थान पर स्वहिताय की बात करते हैं। आज बच्चों में स्वार्थ घृणा हिंसा नफरत एवं पालायन प्रवृत्ति का बोलबाला है। भारत में कुछ वर्षों में बाल-अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रहे हैं जो आँकड़े हमारे समक्ष आ रहे हैं वो चौंका देने वाले हैं। सन् 1951 में केवल 12000 बच्चों ने अपराध किए थे वही आज बच्चों के द्वारा किए जाने वाले अपराधों की संख्या बढ़कर 1.27 लाख से अधिक हो गई है। भारत के गृह मंत्रालय से प्रकाशित एक रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि पिछले 10 वर्षों में जहाँ लड़कों के द्वारा बाल अपराध में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वही लड़कियों में बाल अपराध 21.6 प्रतिशत बढ़ गए हैं। बाल अधिनियम 1960 के अनुसार 7 से 16 वर्ष के लड़कों तथा 7 से 18 वर्ष की आयु लड़कियों के द्वारा किए जाने वाले कानून विरोधी व्यवहार बाल अपराध के अन्तर्गत आते हैं। सीरिल वर्ट ने कहा है किसी बच्चे द्वारा किए जाने वाले समाज विरोधी व्यवहार जब इतना बंभीर हो जाता है कि राज्य द्वारा उसे दंड देना आवश्यक हो जाए केवल तभी उस व्यवहार को हम बाल अपराध कहते हैं तथा उसके अनुसार यह बालक 5 से 18 की आयु के होते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि एक निश्चित आयु से कम बच्चों द्वारा जुआ खेलना, जेब काटना, चोरी करना तस्करी में सहायता करना, यौनिक दुराचरण करना अव्यवस्थाएं फैलना, तोड़फोड़ करना, किसी पर साधारण आघात

करना इत्यादि बाल अपराध की श्रेणी में आते हैं। 1897 में भारत में बने Refmatory School के अनुसार 15 वर्ष तक के बालकों के समाज विरोधी कार्य को बाल अपराध माना जाता है।

1990 में बाल अपराधियों पर किये गये अध्ययन से यह पता चला कि बाल अपराधियों द्वारा किए गए अपराधों में 321 हत्यों 185 अपहरण 96 डकैतियों 174 लूटमाटर तथा 9.155 चोरी से संबंधित अपराध थे। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि ऐसे अपराध करने वाले की उम्र 7 से 21 वर्ष से थी।

भारत में बाल अपराध की समस्या एक गंभीर समस्या है। इस संबंध में जे.सी. दत्त ने कहा है भारत में बाल-अपराध बड़ी तीव्र गति के साथ एक गंभीर संकट होता जा रहा है और देश के विभिन्न भागों के जो आज से कुछ वर्ष पूर्व अनिवार्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के ही एक अंग थे प्रगतिशील औद्योगिक के साथ-साथ यह समस्या अनेक पश्चात्य देशों में उपलब्ध स्थान को शीघ्र ही ग्रहण कर लेगी।

एक अध्ययन से पता चलता है कि बाल अपराध की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में भी गंभीर है। सर्वेक्षण से यह भी प्रकट हुआ है कि शहरों में 17 प्रतिशत की तुलना में गांवों में 7 से 21 वर्ष के वय: समूह वाली कुल किशोर जनसंख्या के 11 प्रतिशत बालकों द्वारा अपराधी कार्य किये गये थे।

बाल अपराध की परिभाषा

न्यूमेयर के अनुसार- बाल अपराध को परिभाषित करते हुए Juvenile Delinquency In Modern Society में लिखा है। अत: बाल अपराध का अर्थ समाज विरोधी व्यवहार का कोई प्रकार है। वह व्यक्तिगत तथा सामाजिक विघटन का समावेश करता है। इसमें एक निर्धारित आयु से कम आयु का वह व्यक्त होता है जो समाज विरोधी कार्य करता है तथा कानून की दृष्टि से अपराधी होता है।

सिटिल वर्ट- बालक के उस समय के कार्यों को बाल अपराध के रूप में परिभाषित करते हैं। जब अथवा किया जाना अनिवार्य हो जाए।

बाल अपराध के कारक

1. आनुवंशिक कारक- बाल अपराध के अनेक कारकों में आनुवांशिक कारक प्रमुख है। अनेक मनोवैज्ञानिकों का मत है कि व्यक्तियों में अपराधिक प्रवृत्ति जन्म से ही पाई जाती है। इनके अनुसार अपराधियों के कुछ विशेष शारीरिक तथा मानसिक लक्षण होते हैं। इटैलियन सम्प्रदाय के प्रमुख Cesare Lombrasso एवं उनके शिष्य Ferri के अतिरिक्त Maundlsey Dugdate आदि ने अपराध का कारण वंशानुक्रम माना है। इस संदर्भ में Valentine का यह मत उद्धरित करना यहाँ अनुपयुक्त होगा अपराधिक प्रवृत्तियों में आनुवंशिक लक्षणों द्वारा ही प्रोत्साहन प्राप्त होता है।

2. शारीरिक कारक- बालकों में शारीरिक दोष एवं अस्वस्थ शरीर के चलते यह समस्या देखी जाती है। यह तभी होता है जबिक बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रर्याप्त नहीं प्राप्त होता है। जिसे शारीरिक दुर्बलता आ जाती है। वह अपने हम उम्र बालकों की तुलना में स्वयं को कमजोर एवं पिछड़ा मानता है। फलत: हीनता वश असामान्य व्यवहार करने लगता है साथ ही सामाजिक अपमान का सामना भी करना पड़ता है जिससे उसका व्यवहार आसमान्य हो जाता है जिसमें वह अपराधिक कार्यों को करने लगता है।

3. **परिवारिक कारक**- बाल अपराध के संदर्भ में किये गये अध्ययनों से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है।

1. Johnson ने अमेरिका बोस्टन एवं शिकागों नगरों के 4000 अपराधी बालकों का अध्ययन किया और 2000 अपराधी बालकों को भग्न परिवार से संबंध पाया।
2. Healy and Broner ने अमेरिका बोस्टन एवं शिकागों नगरों के 4000 अपराधी बालकों का अध्ययन किया और 2000 अपराधी बालकों को भग्न परिवार से संबंध पाया।
3. Eliot ने अपने अध्ययन में अनैतिक परिवारों की 67 प्रतिशत लड़कियों में तथा Burt ने 54 प्रतिशत लड़कों में आपराधिक प्रवृत्तियों को प्राप्त किया।
4. Glueck ने अपने अध्ययन में यह परिणाम प्राप्त किया 66 अपराधी बालक ऐसे परिवारों के थे जिसकी दैनिक आवश्यकतायें पूरी नहीं हो पाती थी। इसी प्रकार 252 अपराधी बालकों को ऐसे परिवारों से प्राप्त किया जो अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में अत्यधिक कठिनाई का अनुभव करते थे। Valentine ने अत्याधिक निर्धन परिवारों से बाल अपराध को प्राप्त किए।
5. बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार से भी यह प्रवृत्ति जन्म लेती है।
6. **संस्कृति कारकः**- साधारण व्यक्ति अपने बोलचाल में समूह के शिवसो मूल्यों आदर्शों खानपान, वेशभूषा और रहन-सहन के साधनों को संस्कृति कहते हैं। संस्कृति में उचित और अनुचित की एक धारण होती है। संस्कृति व्यक्ति को बताती है कि क्या उचित और क्या अनुचित है। मागरेट मीड ने Neuginea के तीन जनजातीय समूहों का अध्ययन किया जो भौगोलिक रूप से काफी निकट रहते हुए भी अलग-अलग रहते थे। पहाड़ों में रहने वाले जरायुपेश सहयोगपूर्ण स्नेहपूर्ण तथा शक्तिप्रिय थे। उनमें द्वन्द्व और आक्रमक व्यवहार का सर्वथा अभाव था। नदी तट पर रहने मुण्डुगूमर जनजाति के लोग अत्यंत आक्रमक थे। पुरूष तथा महिलाएं सभी झगड़ालू और प्रभुत्व आंकाक्षी थे। वही निकट ही झील के पास बसे शम्बुली जनजाति वाले लोगों से महिलाओं अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय निभाने के कारण पुरूषों पर वर्चस्व बनाये हुए हैं। ये संस्कृति उनके बालक-बलिकाओं में स्पष्ट दृष्टिगोचर हुई।
8. **नगरीकरण**- नगरीकरण औद्योगिकरण को बढ़ावा देता है। औद्योगिकरण मशीनीकरण को बढ़ावा देता है। मशीनीकरण ने बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। लघु एवं कुटीर उद्योगों का पतन हुआ है। ग्रामीणों का शहरों की ओर पलायन होने लगता है। नगरीकरण के कारण गंदी बस्तियों का फैलाव व्यवसायों एवं उद्योगों उद्योग धंधों में विभिन्नता कृत्रिमता व्यक्तिवादिता खर्चीला जीवन पारिवारिक अस्थिरता एकाकी परिवार प्रतिस्पर्धा बालश्रम माताओं का काम पर जाना मादक पदार्थों का सेवन संबंधों की अस्थिरिता कारण बाल अपराध को जन्म दे रहे हैं।

बाल अपराध का उपचार

बाल अपराध वर्तमान समय में देश में कैन्सर जैसी गंभीर बीमीर के समान फैल रहा है जिसका समय रहते उपचार जरूरी है। अतः अध्ययनों द्वारा यह उपचार प्राप्त हुये।

1. मनोवैज्ञानिक विधियों।
2. वैधानिक विधियों।
3. परिवार विद्यालय समाज द्वारा निवारण।

4. मनौवैज्ञानिक विधियां-

(अ) मनोविश्लेषण - इस विधि का प्रयोग करने में मनोविश्लेषक अपराधी बालक के अचेतन मन का अध्ययन करता है। वह इन इच्छाओं तथा संवेगों का पता लगाता है जिनका का दमन कर दिया गया था। उनके आधार पर यह जानने का प्रयास करता है कि बालक के अपराधी बनने का क्या कारण हो सकता है। यदि बालक मनोविश्लेषक को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें तो अपराधी बालक उपचार करने के लिए यह एक सफल विधि प्रमाणित हो सकती है।

(ब) खेल चिकित्सा- जब बालकों को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर नहीं प्राप्त होता है तो उनमें असमाजिक अवैधानिक एवं अनैतिक कार्यों को करने के लिए उत्तेजना प्राप्त होती है। जब उनकी रचनात्मक प्रवृत्तियों का दमन कर दिया जाता है तो उनकी अभिव्यक्ति विध्वंसात्मक कार्यों के रूप में होती हैं। अत: इस बात का प्रयास करना चाहिए कि उनको रचनात्मक प्रवृतियों की अभिव्यक्ति का सुवअसरन प्राप्त हो।

खेल चिकित्सा में बच्चों को घर बनाने या किला बनाने जैसे कार्यों को करने के लिए दिया जाता है। ऐसे कार्यों को करने से उसे संतुष्टि प्राप्त होती है ओर मन विकारों के प्रभावों से दूर रहता है। इस चिकित्सा से बच्चों में समाजिकता, सहयोग भ्रतृत्व के गुणों का विकास किए जाने वे बाल अपराधों को समाप्त किया जा सकता है। (1/4 Medinnus And Johnson)

(स) मनोअभिनय : इस विधि का सर्वप्रथम उपयोग J.L. Moreno ने 1946 में किया। इनके अनुसार इस अभिनय विधि में बालक को एक काल्पनिक भूमिका का अभिनय करने के लिए कहा जाता है। जिससे वह अपने संवेगों को प्रकट कर सकें। अभिनय करते समय बालकों के संवेगों, विचारों तथा तनावों की स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्ति होती है। मनोअभिनय के पश्चात् बालक शांति एवं संतुष्टि अनुभव करता है। परिणाम स्वरूप उसके व्यवहार में संतुलन पाया जाता है ऐसे अभिनय में बालक में तन्यमयता पाई जाती है और वह अपने संवगों की अभिव्यक्ति बिना किसी संकोच के करता है मनोअभिनय से उसकी दमित इच्छाओं संवेगों की अभिव्यक्ति सरलता से होती है। इस अभिनय में अनेक तरह की भूमिकाओं में से किसी एक मनचाही भूमिका का चयन करके बालक से अभिनय करेन को कहा जाता है।

(द) अंगुली चित्रण- मनौवैज्ञानिक अंगुली चित्रण द्वारा भी मनोवैज्ञानिक उपचार करते हैं। इसमें बालक लाल, पीले, हरे, नीले रंगों का प्रयोग करके अंगुलियों के द्वारा एक कोरे कागज पर पेन्टिंग करता है। बालक दिए गए रंगों में से मनचाहे रंगों का प्रयोग करके मन चाहा चित्र बनाता है। ऐसा करने में सवेंगात्मक तनावों की अभिव्यक्ति होती है।

(II). वैधानिक विधियां-अधिनियम

बाल अपराध एक गंम्भीर समस्या है इसलिए इनको सुधारने की दिशा में प्राय: सभी राष्ट्र प्रयत्नशीला है। इसके लिए सन् 1920 में मद्रास में बाल अधिनियम पारित किय सन् 1922 में बंगाल में 1924 में मुम्बई ने सन् 1952 में उत्तर प्रदेश में तथा 1970 में राजस्थान में बाल उपराध अधिनियम

बनाये गए। बच्चों के सुधार तथा इनको समाज के लिए उपयोगी बनाने हेतु नवम्बर 1986 में बाल अवचारी न्याय विधेयक लोक सभा में पारित किया गया। जिसे 1987 में कानून का रूप दे दिया गया। इस कानून को 1 जुलाई 1987 से सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में लागू कर दिया गया। इस कानून के अनुसार सभी बाल अपराधियों के जेल दंड को करके बाल ग्रहों में उनके सुधार की व्यवस्था की गई सुधार गृह में बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। तथा उन्हें एक अच्छा समाज उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है।

बाल न्यायालय की स्थापना:

सर्वप्रथम अमेरिका ने 1899 में बाल न्यायालय की स्थापना की गई इनमें 13 वर्ष के अपराधियों का न्याय देना था। बाद में यह 21 वर्ष तक कर दी गई। भारत में सन् 1960 में बाल अधिनियम के अंतर्गत बाल न्याय की स्थापना देश के सभी राज्यों में कर दी गई। इस न्यायालय के उद्देश्य बालकों द्वारा किए गए अपराधों के कारणों को ज्ञात कर सुधारात्मक उपाए सेझाना था। सामान्य या छोटे-मोटे अपराधियों में संलग्न बच्चों को समझा-बुझा कर चेतावनी देकर या बालक से बॉण्ड भरवाकर छोड़ा दिया जाता है।

किन्तु गंभीर अपराधों के दोषी बालकों को सुधार संस्था रिमांड होम या परिवीक्षा होस्टल में रखा जाता है। जहां मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों मनोविश्लेषकों या समाज शास्त्रियों द्वारा इनका मनोवैज्ञानिक रूप से सुधरने एवं एक अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास किया जाता है।

रिमांड होम तथा सम्प्रेषणों की स्थापना:

बाल अपराध को कम करने के लिए रिमांड होम तथा सम्प्रेषण गृहों की स्थापना की गई ताकि बाल अपराध एवं वयस्क अपराधी एक साथ न रहे। यहां बालक को तब तक रखा जाता है। तब तक की न्यायालय की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती। रिमांड होम तथा सम्प्रेषण गृहों का वातावरण एवं परिवार जैसा होता है तथा इस परिवार में प्रोबंशन अधिकारी परिवार के मुखिया की भूमिका निभाता है। रिमांड होम में बच्चों की शिक्षा मनोरंजन एंव खेलकूद का प्रबंध रहता है।

बोस्टक स्कूल:

इस स्कूल की स्थापना सन् 1902 में सार एलिविन रेगिल्स ब्राइस द्वारा अमेरिका के केन्टन नामक प्रांत में की गई थी। इस नवीन प्रयोग की अच्छाईयों से प्रभावित होकर भारत में 1962 में तमिनालडु में बोस्टल स्कूल की स्थापना से अच्छे परिणाम प्राप्त होने के कारण अन्य राज्यों बंगला महाराष्ट्र कनार्टक तथा मध्यप्रदेश में इनकी स्थापना की गई। वर्तमान में देश में 9 राज्यों में ये स्कूल सफलता पूर्वक संचालित है। इन स्कूलों में बच्चों को मुक्त वातावरण में रखकर आत्मनियंत्रण एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास किया जाता है। इसके लिए उन्हें उद्योग धंधों का प्रशिक्षण एवं शिक्षा दी जाती है।

किशोर बंदी गृहों की स्थापना:

वयस्क अपराधियों के सत्संग एवं संपर्क से बचाने के लिए किशोर बंदी गृह की स्थापना की गई। यहां शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था रहती है। शिक्षा के क्षेत्र में अधिक रूचि रखने वालों को अध्ययन हेतु बाहर भी भेजा जाता है।

सुधार गृह एवं सुधार विद्यालय की स्थापनाः

किशोर सुधार गृह एवं वयस्क सुधार गृह यह गृह एक्ट सन् 1897 में भारत बना था जिनका नाम Reformetory School था। जिनके आधार पर यह गृह बना था बच्चों को किशोर सुधार गृह में रखा जाता है। इन गृहों में भिन्न-भिन्न प्रकार से उद्योगों से संबधित प्रशिक्षण दिया जाता है। इसे औद्योगिक स्कूल भी कहा जाता है। भारत में मान्यता प्राप्त सुधार गृह है। डेविड मेरानल औद्योगिक स्कूल, विलिगेटन बॉयल, वहराम जी नायक होम, नर्वदा औद्योगिक स्कूल, उमरावादी जूनियर स्कूल यह सभी बम्बई में है। लखनऊ सुधार गृह उत्तर प्रदेश, दिल्ली सुधार गृह दिल्ली में जबलपुर सुधार गृह म० प्र० में तथा हिसार सुधार गृह पंजाब में है।

प्रशिक्षण/प्रोबेशनः

उत्तर प्रदेश फस्ट आफेन्डर्स प्रोबेशन एक्ट पास हुआ इसके अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के अपराधी को न्यायालय न भेजकर प्रोबेशन अधिकारी के पास भेजा जाता है। जो बालक की सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वह बल अपराधियों की मानसिक प्रवृत्तियों का अध्ययन करके उनकी समस्याओं का समाधान करता है। वह अपराधियों का जीवन इतिहास तैयार करता है। न्यायालयों में उनके बारे में सूचना प्राप्त करता है। वह अपराधियों का जीवन इतिहास तैयार करता है। न्यायालयों में उनके बारे में सूचना प्राप्त करता है तथा उन्हें सुधारकर एक अच्छा नागरिक तैयार करता है। प्रवीक्षण के संबंध में Crkoben का मत है कि - प्रवीक्षण अपराध के विरुद्ध रक्षा की प्रथम पंक्ति है।

पोषण गृहः

पोषण गृहों में दस वर्ष से कम आयु के बाल अपराधियों को रखा जाता है। जिन्हें प्रमाणित स्कूल में नही रखा जा सकता। भारत में इस समय 36 पोषण गृह कार्य कर रहे हैं। माता पिता के परित्याग तलाक कैद या मृत्यु के कारण कम आयु के आवारा बच्चों के पोषण गृह में रखकर सुधार किया जाता है। साधारतयाः ऐसा सुधार गृहों का संचालन स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया जाता है।

प्रमाणित स्कूलः

बाल अधिनियम के अनुसार मुम्बई, आंध्र प्रदेश, केरल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में प्रमाणित स्कूलों की स्थापना की गई है। इस स्कूलों में साधारण शिक्षा के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण (जैसे बढ़ईगिरी, दरी बुनना, कढ़ाई, बुनाई, कपड़े धोना, जिल्दशाजी, मधुपालन, संगीत, राजगिरी एवं कृषि संबंधी प्रशिक्षण) की व्यवस्था होती है। प्रत्येक 12 बच्चों पर एक मोनीटर होता है। इन बच्चों में जो आचरण से रहता है। उसको जेब खर्च तथा 14 दिन का अवकाश भी दिया जाता है। यह स्कूल दो प्रकार के होते हैं। पहला जूनियर सटिफाईड स्कूल तथा दूसरा सीनियर सर्टिफाईड स्कूल इन दोनों में भिन्न-भिन्न आयु के बच्चे दिए जाते हैं जैसे की पहले प्रकार केर स्कूलों की व्यवसथा राज्य सरकार के हाथ में होती है। किन्तु कुछ स्कूलों की व्यवस्था सार्वजनिक समितियाँ भी करती हैं।

उत्तर रक्षा संस्थाए:

जब किसी सुधार संस्था में बाल अपराधी कम से कम 6 माह के लिए रह लेता है एवं सुधार संस्था के प्रमुख को यह विश्वास हो जाता है कि वह भविष्य में कभी भी अपराध नहीं करेगा तो उसे दंड की बची हुई अवधि के लिये उत्तर रक्षा संस्थाओं में भेज दिया जाता है जहां पर उन्हें कताई, बुनाई, कपड़ा सिलाई, टोकरी बनाना, लकड़ी का काम कालीन बनाना इत्यादि प्रशिक्षण दिया जाता है।

परिवार विद्यालय एवं समाज द्वारा निवारण:

अध्ययन के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई है कि शासन द्वारा किया गया प्रयास तो द्वितीयक कार्य है किन्तु परिवार विद्यालय एवं समाज को इसे सुधारने में अग्रणीय भूमिका होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि परिवार में बच्चों के प्रति सहयोग, पूर्ण स्वस्थ पूर्ण वातावरण होना चाहिए। माता-पिता की बालकों के प्रति साकारात्मक अभिवृत्ति से उपयुक्त निर्देशन जटिल समस्याओं का समाधान से बालकों की गतिविधियों पर निगरानी रखकर एवं उनकी शारीरिक एवं मानसिक योग्यताओं को समझकर इस समस्या का निवारण किया जा सकता है।

इसके साथ विद्यालय में शिक्षक बाल-मनोविज्ञान की उचित जानकारी रखकर बालकों की कई हद तक समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझकर उनका समाधान कर सकते हैं रूचिपूर्ण कक्षा नवीन अध्यापन तकनीक का उपयोग कर पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं की व्यवस्था कर बालाकें के प्रति स्नेहपूर्ण सहयोगपूर्ण व्यवहार रखकर बालकों की अपराधिक कार्यो की सूचना माता-पिता को अनुशासन पूर्ण विद्यालय का वातावरण स्थापित कर इस समस्या का निवारण किया जा सकता है।

इसके साथ समाज में समाजसेवी इस क्षेत्र में आगे आकर निवारण का प्रयास करते हैं वे निर्धन बालकों की सहायता कर, फुटपाथी बालकों की सहायता कर ऐसे बालकों की शिक्षा व्यवस्था कर इन्हें सुधार गृह में भिजवाकर समाज पर गंदे चलचित्रों पर प्रतिबंध लगातार अनैतिक कृत्य स्थानों को बंद करने का प्रयास कर इस समस्या का निवारण करते हैं।

निष्कर्ष:-

बाल अपराध की अवधारणा कारकों एवं उपचारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के उपरांत यह निष्कर्ष निकलता है कि यह एक गम्भीर समस्या है जिसका निवारण समय रहते आवश्यक है।

क्योंकि इसकी जड़ें समाज रूपी जमीन में जम गई तो सम्पूर्ण समाज राष्ट्र विकराल रूप धारण कर देगा। इसमें सरकार का प्रयास जारी है। जैसे की सभी सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए होता है। पर फिर भी इस प्रकार अपराधियों की संख्या समापत नहीं हुई है। 1981 में भारत में बाल अपराधों का प्रतिशत 4.4 था जो 1987 में घट कर 3.7 प्रतिशत हो गया। 1988 में 1.7 प्रतिशत तथा 1991 में 0.8 प्रतिशत पाया गया। 1991 में सबसे अधिक बाल अपराध महाराष्ट्र में हुए थे। शहरों में बम्बई बाल अपराधियों की मात्रा 1991 में सबसे आगे अधिक आगे हैं। लिंग के आधार पर देखा जाए ताक लड़कियों की सहभागित अपराधों में बढ़ती जा रही है। साक्षर बालकों की तुलना में निरक्षर बालकों में यह प्रतिशत अधिक है। साथ ही यह निष्कर्ष निकला कि बाल अपराध के अनुवांशिक शारीरिक पारिवारिक मनोवैज्ञानिक सामाजिक सम्प्रेषण संबंधी सांस्कृतिक नगरीकरण ऐसे कारक है

जो इस समस्या को जन्म देते हैं एवं सरकारी प्रयास से इसकी उपचार मनोवैज्ञानिक वैधानिक विधियों के विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। इस प्रकार इसका समाधान केवल शासन के प्रयासों द्वारा संभव सम्भव नहीं होगा इसके लिए परिवार समाज के वृद्ध तथा युवावर्ग समाज सेवी संस्थाओं तक शासकीय प्रयासों का मिलाजुला योगदान आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. डॉ० उदयवीर सक्सेना (1989) - बाल मनोविज्ञान साहित्य प्रकाशन आगरा।
2. पंडित श्री राम शर्मा 1998 राष्ट्र समर्थ अखंड ज्योति आचार्य वाडमय सशक्त कैसे बने संस्थान मथुरा।
3. श्रीमती आर.के. शर्मा (2001) - शैक्षणिक मनोविज्ञान राधा प्रकाशन मंदिर आगरा।
4. डॉ० रामजी श्रीवास्तव (2002) - आधुनिक विकासात्मक मनोविज्ञान मोती बाबा बनारसी दास।
5. डॉ० गणेश पाण्डेय (2003)-भारतीय सामाजिक समस्यायें राधा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली ISBN. 81.7487.253.1
6. डॉ० धर्मवीर महाजन डॉ० कामलेश महाजन (2007)-भारतीय समाज मुद्दे एवं समस्याएं विवेक प्रकाशन दिल्ली।
7. डॉ० शशि प्रभा 2008 मानव विकास परिचय शिवा प्रकाशन।
8. अहा! जिंदगी विशेषांक-2011
9. रिसर्च जनरल ऑफ सोसल एण्ड लाईफसाइन्स (ISSN. 0973.3914) June 2012)
10. युवा देश आई.बी.बी.सी.एन.एस.यू.आई ऑनलाईन पत्रिका में मनोज झुनझुनवाला का लेख 02.08.2012

पंचायती राज में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका

डॉ० रश्मि कुमारी

प्राध्यापक, गृह विज्ञान, बी.डी.एस.एम.एम. कॉलेज, छपरा

ग्रामीण विकास संबंधी विभिन्न तरह की सरकारी योजनाओं, जिन्हें गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन, कृषि और कृषि संबद्ध उद्योगों के विकास आदि के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों के समिल्लित वित्त अंशदान या केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित की गई योजनाओं के रूप में चलाया जा रहा है, उनके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जाने वाली योजनाओं आदि के ग्रामीण स्तर पर कार्यान्वयन के लिए पंचायती राज्य संस्थाओं की भूमिकाएं काफी बढ़ा दी गई हैं। 2009-10 तक 176 विकास प्रखण्डों, 1519 पंचायतों और 4819 गांवों (सिर्फ 27 जिलों में)[1] स्वयं सहायता समूहों की 16367 इकाईयां कार्यरत थी जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। स्वरोजगार कार्यक्रम में महिलाओं को प्राथमिकता, मनरेगा योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति लाभा, के साथ-साथ दी गई अन्य सुविधाएं, इंदिरा आवास के मकानों के आवंटन में महिलाओं को दी जा रही वरीयता के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में समेकित बाल विकास योजना संस्थागत डिलेवरी को प्रोत्साहन दिया जाना, राजीव गांधी नवयुवती सशक्तिकरण योजना, प्रसव काल में दी जानेवाली मौद्रिक सहायता आदि के अलावा बहुत से अन्य कार्यक्रम भी हैं जो राज्य सरकार के द्वारा प्रायोजित हैं और उनमें महिलाओं तथा बालिकाओं के लिए विभिन्न तरह की सहायताएं दी जाती है : जैसे लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्कीम, नारीशक्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, कन्या सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना आदि। इन सारे कार्यक्रमों को धरातल पर कार्यान्वित करने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिकाएं काफी बढ़ गई हैं।

बिहार में पंचायती राज अधिनियम में महिलाओं को 50 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण का प्रावधान हो जाने के बाद पंचायती राज संस्थाओं, जिनकी संख्या बिहार में : जिला परिशदें-38, पंचायत समिति 531, ग्राम पंचायत 8463, ग्राम कचहरियां 8463, ग्राम पंचायत सदस्य 115876, ग्राम पंचायत 8463, पंचायत समिति सदस्य 11566, जिला परिशद सदस्य 1162, ग्राम कचहरी सदस्य 115876, ग्राम पंचायत सरपंच 8463, ग्राम पंचायत सचिव 8463, न्याय मित्र 8463, ग्राम कचहरी सचिव 8463, जिला पंचायत राज अधिकारी 38 और पंचायत राज अधिकारी 516 हैं।[2] इनमें से चुनी जाने वाली निकायों की पुरी सदस्यता का आधा महिलाएं हैं।

सारण जिला में विभिन्न कार्यक्रमों में महिला प्रतिनिधियों का योगदानः

बिहार में पंचायती राज अधिनियम में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के बाद ग्रामीण विकास संबंधी उन सारी योजनाओं में, जिनकी लक्ष्य गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन, स्वास्थ्य लाभ, शिक्षा का विकास आदि से है, महिला प्रतिनिधियों की भूमिकाओं का आंकलन पंचायतों के स्तर तक महत्वपूर्ण बन गया है। आंकड़े दर्शातें है कि इन क्षेत्रों में महिला प्रतिनिधयों की सक्रियता- खासकर महिला उत्थान कार्यक्रमों के संदर्भ में- काफी बढ़ गया है।

शिक्षा क्षेत्रः

सर्वशिक्षा अभियान और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के प्रचार तथा निरक्षरता निवारण के लिए उठाए गए कदमों में शिक्षण संस्थाओं- खासकर प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के प्रबंधन में पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाए जाने के बाद विद्यालयों में शिक्षा के लिए जरूरी बाह्य अधिरचनाओं की उपलब्धता की गारंटी कराना पंचायती राज पदाधिकारियों की एक विशेश जिम्मेदारी बनती है। महिला प्रतिनिधियों के प्रसंग में कहा जा सकता है कि विद्यालयों में छात्राओं के लिए जरूरी अधिरचनाओं की उपलब्धता की गारंटी कराना उनका एक खास दायित्व बन जाता है। सारण जिला में विद्यालयों की स्थिति यह है कि कुल विद्यालयों की संख्या जिला में 2088 है और इन विद्यालयों में से 388 ऐसे विद्यालय है जिनके पास ब्लैक बोर्ड जैसी अति सामान्य सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। इनमें से मात्र 724 स्कूल ही है जिनके पास स्थानीय श्यामपट है, बाकी के पास नहीं है। 2088 विद्यालयों में से मात्र 835 विद्यालयों के पास ही आम शौचालय है जिनका उपयोग छात्र और छात्रा दोनों करते हैं बाकी 1253 के पास शौचालय है ही नहीं। इन संपूर्ण विद्यालयों में से मात्र 226 ऐसे विद्यालय है जिनके पास लड़कियों के लिए अलग से शौचालय है। सबसे बुरी स्थिति बिजली की है, क्योंकि मात्र 45 विद्यालय ही हैं जिनके पास बिजली का कनेक्शन है, बाकी के पास नहीं है। 446 विद्यालयों के पास किताब बैंक, 544 के पास खेल का मैदान और 271 के पास रैंप की सुविधा है।[3] ऊपर वर्णित आंकड़ें सारण जिला के शहरी और देहाती दोनों केन्द्रों में स्थापित स्कूलों के लिए है और बिजली, छात्राओं के लिए अलग शौचालय, किताब बैंक आदि जैसी सुविधाएं जिल स्कूलों में है वे स्कूल या तो शहरी क्षेत्रों या कस्बाई बाजारों में स्थिति स्कूल है, ग्रामीण स्कूलों में इन सुविधाओं की पूर्णतः अभाव है।

सरकारी वादों में स्वास्थ्य सुविधा के लिए वादे किए जाने के बहुत प्रचार इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया के द्वारा किया जाता है जिससे स्कूलों में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य जांच के लंबे-चौड़े वादे रहते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार और बढ़ाव का आंकड़ प्रस्तुत किया जाता रहता है। 2007-08 तक इन विद्यालयों में से मात्र 251 स्कूलों में ही चिकित्सीय जांच का काम किया जा सका है और छात्र-छात्राओं में किसी रोग की मौजूदगी में उसके निवारण के उपायों का कोई विवरण/आंकड़ा बिहार सरकार के पास नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर आज की शिक्षा प्रणाली का सारा जोर है - खास कर कम्प्यूटर शिक्षा पर क्योंकि रोजगार केन्द्रों में कम्प्यूटर का उपयोग एक आवश्यक शर्त के रूप में ला दिया गया है। विडम्बना है कि सारण जिला के 2088 स्कूलों में से मात्र 106 स्कूल ही ऐसे है जिनके पास कम्प्यूटर सुविधा है, उसकी पढ़ाई की गारंटी भी इन 106 स्कूलों में क्या है यह पता नहीं चलता। शिक्षण संस्थानों यानि इन स्कूलों में मात्र 200 स्कूल ऐसे है जिनके पास सभी तरह के फर्नीचर है और 564 स्कूलों के पास थोड़े से फर्नीचर है, यानि अतिशय अपर्याप्त संख्या में। स्थिति तो यह है कि सिर्फ शिक्षकों के लिए ही जरूरी फर्नीचर की चर्चा की जाय तब मात्र 1273 स्कूल ऐसे है जिनमें शिक्षकों के लिए सभी जरूरी फर्नीचर उपलब्ध है और 62.5 स्कूलों में शिक्षकों के

लिए भी जो फर्नीचर है वे अपर्याप्त है यानि कुछ ही फर्नीचर है। मध्याह्न भोजन को उपलब्ध कराने का जो दावा किया जाता है उसकी स्थिति यह है कि पहली से 8 वीं कक्षा तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाता है मगर भोजन बनाने के लिए अलग से किचेन शेड की उपलब्धि मात्र 91 विद्यालयों में ही है। जल सुविधा 1935 स्कूलों और 2036 स्कूलों के पास भवन है, 152 स्कूलों के पास छात्रों के लिए जल सुविधा नहीं है और 32 ऐसे स्कूल हैं जिनके पास भवन तक नहीं है।

स्कूलों के प्रबंधन में पंचायतों को अधिकार दिए जाने के बाद चुने हुए प्रतिनिधियों के उपर यह दायित्व आ गया है कि विद्यालयों में इस तरह की अधिरचना में मौजूद कमी को पूरा करने की दिशा में कार्यरत हो। खासकर महिला प्रतिनिधियों की यह जिम्मेवारी बनती है कि स्कूलों में छात्राओं के लिए जरूरी अधिरचना जैसे अलग शौचालय, तकनीकी शिक्षा, उनके बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर आदि की गारंटी कराने की दिशा में पहल करे।

छपरा सदर प्रखण्ड में शहरी क्षेत्रों को अगर छोड़ दिया जाय, जो नगर पंचायत के क्षेत्र हैं, प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों में शिक्षा के लिए जरूरी उपर वर्णित अधिरचनाओं की नितांत कमी है। सदर प्रखंड के 21 पंचायतों में से 10 पंचायतों की मुखिया महिला है (जिनका विवरण पीछे के अध्याय में किया गया है)। मगर शिक्षा के क्षेत्र में इनकी पेशकदमी अन्य विकास कार्यों की तुलना में कम दिखती है। इंदिरा आवास, विभिन्न तरह की रोजगार योजनाओं, आदि में जहां लाभार्थी सीधे प्रभावित होता है, उन्हीं क्षेत्रों में महिला जन प्रतिनिधि भी ज्यादा उन्मुख दिखती है क्योंकि चुनाव की वर्तमान प्रणाली में जनप्रतिनिधि अपने कार्यों का वहीं क्षेत्र चुनता है जहां से उसे आगे के चुनाव के लिए वोट की ज्यादा गारंटी हो सके। विकास कार्यों और चुनाव पद्धति के बीच ऐसा अंतरर्विरोध खड़ा हो गया है जिसके कारण विकास योजनाओं का जन प्रतिनिधियों के लिए मकसद विकास को बढ़ाना न रहकर वोट बैंक की गारंटी कराने का हो गया है। चुनाव का खर्चीला होना तरह-तरह की अनियमितताओं को समाने ला रहा है।

छपरा सदर प्रखण्ड की 10 महिला मुखियाओं से प्राप्त सर्वेक्षण और साक्षात्कार के प्राप्त आंकड़े चौकाने वाले हैं। इन महिला मुखियाओं में एक भारी प्रतिशत करीब-करीब 80 प्रतिशत ऐसी महिला मुखियाओं का है जिन्हें पंचायती राज अधिनियम की जानकारी है ही नहीं। पंचायती राज संस्था के प्रति इनकी प्रशासनिक और राजनीतिक चेतना के निम्न होने का आलम यह है कि सदर प्रखण्ड के उप प्रमुख श्रीमती बेबी सिन्हा भी बातचीत के क्रम कम ऐसा अभास देती हैं जिससे पता चलता है कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को वे प्रखण्ड प्रमुख, उप-प्रमुख आदि जन प्रतिनिधियों से उच्च और उपर के पदाधिकारी के रूप में स्वीकारती हो।

विकास कार्यों या शिक्षा संबंधी निर्णयों में महिला मुखियाओं की स्थिति यही है कि इनमें से ज्यादातर स्वयं निर्णन लेने, ग्राम सभा में समस्याओं को रखने और निर्णय कराने की दक्षता की कमी का शिकार हैं। ज्यादातर या तो अपने पतियों या परिवार के किसी अन्य सदस्य की राय या उसके निर्देशन में ही काम करती हैं। अनुभव और सर्वेक्षण दोनों ही का निष्कर्ष है कि जिन सीटों पर अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों को चुने जाने और जिन सीटों पर इन्हीं समूहों के महिला सदस्यों को चुने जाने के आरक्षण प्रावधान किए हैं वहां स्थिति की भयावहता और ज्यादा है। ऐसे प्रतिनिधियों और महिला प्रतिनिधियों का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तर के काफी नीचा होने और ग्रामीण क्षेत्र में भूमि सुधार के कार्यक्रमों को नहीं लागू किए जाने के कारण वर्तमान सामंती अवशेशों का प्रभाव इन प्रतिनिधियों पर इतना बुरा पड़ता है कि गांव और पंचायत के कुछ संपन्न लोग इनको निर्देशित करने लगते हैं और ये प्रतिनिधि उन्हीं निर्देशों के अनुसार काम करने लगते हैं। इन दोनों ही हालातों में -पति या परिवार के किसी सदस्य के द्वारा निर्देशित होकर या क्षेत्र के प्रभावी सामंती तत्वों

के दबाव में आकर किया जाने वाला प्रतिनिधियों का काम एक गैर-संवैधानिक सत्ता केन्द्र को जन्म दे देता है जो जनवादी प्रक्रिया के लिए घातक है। पंचायती राज संस्थाओं को इस स्थिति से निकालना होगा।

स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजनाः

इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार का सृजन करना है- और खास कर महिलाओं के लिए स्वरोजगार का सृजन इसका एक प्रमुख कार्य है। 2007 में इस योजना में उपलब्ध राशि 461. 139 लाख सारण जिला के लिए थी। इस राशि में 280.31 लाख का ही उपयोग हो सका। उपलब्ध राशि का उपयोग की गई राशि 60.70 प्रतिशत थी। इस प्रकार करीब-करीब 40 प्रतिशत से थोड़ी कम राशि का उपयोग ही नहीं हो सका। सदर प्रखण्ड में भी इस राशि की उपलब्धता तथा उपलब्ध राशि के उपयोग का प्रतिशत इसी अनुपात में पाया गया करीब-करीब 60 प्रतिशत। योजना के कार्यान्वयन में व्याप्त इस तरह का फर्क यानि उपलब्ध राशि का उपयोग नहीं किया जाना, प्रशासनिक और राजनैतिक दोनों ही स्तरों पर निर्णय किए जाने में विलम्ब, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों के बीच ताल-मेल का अभाव और कभी-कभी समय पर राशि की उपलब्धता में आया अड़चन आदि का प्रमाण है।

इस योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के गठन और उसके द्वारा स्वरोजगार का कार्यक्रम चलाए जाने को काफी महत्व दिया जा रहा है। संपूर्ण सारण जिला के 21 ग्राम पंचायतों में कुल 21 स्वयं सहायता समूह ही कार्यरत है यानि प्रति पंचायत औसतन एक स्वयं सहायता समूह इन 21 स्वयं सहायता समूहों में कुल महिला ही है। इन 21 स्वयं सहायता समूहों में 1150 सदस्य है जिनमें से 598 सदस्यों को स्वरोजगार प्राप्त हुआ था। सदस्यों में स्वरोजगार प्राप्त करने वाले सदस्यों का प्रतिशत 52 का था यानि कुल सदस्यता का 52 प्रतिशत को स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्वरोजगार प्राप्ति हुआ था।

छपरा सदर प्रखण्ड में करीब दो स्वयं सहायता समूह का अस्तित्व देखा जा सकता है जिनमें करीब 100 सदस्य है और सभी सदस्य महिलाएं ही है। इन गरीब महिलाओं की स्वयं सहायता समूह में स्थिति का आंकलन एक भिन्न परिदृश्य को प्रस्तुत करता है जो इस योजना के द्वारा प्रचारित लक्ष्यों को झूठलाता है। कहा जाता है कि इस योजना के द्वारा ग्रामीण महाजनों से जो कर्ज की रकम पर भारी दर से सूद की वसूली करते हैं, गरीबों को बचाना है। मगर सदर प्रखण्ड के स्वयं सहायता समूह के कुछ सदस्यों की स्थिति का आंकलन जब किया गया तब पता चला कि स्वयं सहायता समूह में उनके द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज दर अगर संपूर्णता में देखा और जांचा गया तब- इतना ज्यादा है कि उतना किसी भी खानगी संस्थान या ग्रामीण महाजन से लिया गया कर्ज का सूद दर नहीं पहुंच पाता। इस संबंध में पिछे के अध्याय में आंकलन करके संभावित सूद दर का प्रतिशत का हिसाब लगाया गया है। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि स्वयं सहायता समूह को 12 प्रतिशत की ब्याज दर पर संबद्ध बैंक ऋण उपलब्ध कराता है इस ऋण की राशि को सदस्यों में वितरित करते समय स्वयं सहायता समूह अपना खर्च और पूंजी निर्माण के लिए मुनाफा का आंकलन करके 12 प्रतिशत सलाना ब्याज की दस से अमूमन तीन से चार प्रतिशत ज्यादा सूद पर कर्ज देता है। इस तरह सदस्यों को लिए गए कर्ज पर 15 से 16 प्रतिशत का ब्याज तो देना ही पड़ता है इसके साथ उनको एक घाटा यह भी होता है कि वे अपनी बचत को जब जमा कराते है तब उनकी जमा राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलता। महाजनों से कर्ज लेने या बैंकों से सीधे कर्ज लेने पर उन्हें किसी तरह की राशि जमा नहीं करानी पड़ती। अगर महाजन उनसे कुछ चल या अचल संपति जमा भी कराता है जैसे गहना

आदि तो वे वैसी वस्तुएं होती है जिनसे कर्ज लेने वाले को उनके अपने पास रखे रहने पर भी उससे किसी तरह की आमदनी नहीं होती। अगर उनकी कुछ जमीन यार मकान को गिरवी रखवाता है तो वह वस्तु कर्जदार के ही उपयोग में रहती है सिर्फ कागज पर स्वामित्व का स्थानांन्तरण ही होता है यहां भी किसी तरह की प्रत्यक्ष हानि का प्रश्न नहीं उठता।

मगर स्वयं सहायता समूह में जमा उसकी रकम पर कोई ब्याज नहीं मिलने पर उसे सीधा घाटा लगता है, क्योंकि अगर उसकी वह रकम बैंक में जमा रहती तो उस पर उसे ब्याज मिलता। इन सारे घाटों को सम्मिलित रूप से जोड़ देने पर स्वयं सहायता समूह से प्राप्त राशि पर कर्जदार गरीब को 25 प्रतिशत तक सलाना सूद की अदायगी करनी पड़ती है। सदर प्रखण्ड के बहुत सारे स्वयं सहायता समूह के कर्जदारों की स्थिति कर्ज लेने के बाद पहले से खराब हो गई है वे कर्ज की इस भूल-भूलैया वाले सूद दर के कारण कर्ज अदा करने में सक्षम नहीं हो पाते।

स्वयं सहायता समूह की यही विडम्बना है कि यह एक ऐसी राजनीति के रूप में इस्तेमाल हो रहा है जिससे गरीब आबादी बैंकिग प्रणाली से सीधा जुड़ने की प्रक्रिया से अलग की जा रही है। सारण जिला में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों में यानि 1150 में से 1147 को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, बैंक कर्ज के लिए 225 आवेदन किए गए और 117 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। वहां भी उपलब्धि 52 प्रतिशत की है।

इन सारी प्रक्रियाओं के बाद, जिसे पुरा किया जाने का दावा सरकारी स्तर पर किया जा रहा है वह कितना सही है इसक अंदाजा छपरा सदर प्रखण्ड का सर्वे स्पष्ट कर देता है। अन्य बातों को, जिनका जिक्र किया जा चुका है, उनको छोड़ भी दिया जाय तब सर्वे के दौरान एक भी परिवार या सदस्य ऐसा नहीं मिला जिसकों स्वयं सहायता समूह के क्रियाकलापों के कारण गरीबी रेखा से उपर उठा दिया गया हो। हां कर्ज के जाल, कर्ज की अदायगी न किए जाने के कारण जुल्माना लगाने आदि की शिकायतों को करने वाल जरूर मिले।

चुने गए प्रतिनिधियों खास कर महिला प्रतिनिधियों का यह दायित्व बनता है कि स्वयं सहायता समूह में बैंकों द्वारा 12 प्रतिशत की सूद दर पर दी जाने वाली ऋण प्रणाली की समाप्ति और 4 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाने संबंधी जरूरी कदमों को उठाये। चूंकि इस समूह में गरीब परिवार की महिलाएं ही ज्यादा है इस कारण नारी मुक्ति आंदोलनों और महिला सशक्तिकरण के आंदलनों के साथ इसे जोड़ने की जरूरते हैं जो निर्वाचित महिला प्रतिनिधि बखूबी कर सकती है।

इस प्रकार पंचायतों के द्वारा मनरेगा योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों के एक आदमी को प्रतिवर्ष कम-से-कम 100 दिन कार्य प्रदान किए जाने की योजना में कार्यों के चयन, जॉब कार्ड बनाने और काम उपलब्ध कराने में पंचायतों के तथा ग्राम पंचायती राज के अन्य निकायों के प्रतिनिधियों की भूमिका कफी महत्वपूर्ण हो जाती है। खासकर इस योजना में एक खास प्रतिशत तक महिलाओं को रोजगार देने की शर्त ऐसी है जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को काफी बल मिलता है। इस योजना में रोजगार गारंटी, 2005 के एक्ट में योजना मॉनिटरिंग संबंधी ऐसे प्रावधान है जो योजना के जनवादी चरित्र को बाधित करते हैं और नौकरशाही के प्रभुत्व को बल प्रदान करते है। इस कारण इस योजना को लागू करने में चुने गए प्रतिनिधियों की चौकसी का महत्व काफी बढ़ जाता है -खासकर महिलाओं के लिए इस कानून में विद्यमान प्रावधानों जैसे बच्चों वाली महिलाओं के बच्चों को औरत के काम करने के घंटों के बीच विशेष रख-रखाव की सुविधा, आवास और कार्यस्थल के बीच की दुरी संबंधी कानून आदि ऐसे प्रावधान है जिनके अनुपालन के लिए

यथोचित संरचनाओं का कार्यस्थल पर यथोचित प्रबंध नहीं दिखता। ऐसे प्रावधानों को सही तरीके से लागू कराने में महिला प्रतिनिधियों की पेशकदमी खास स्थिति बना सकती है।

सारण जिला का रिकार्ड बताता है कि 2009–10 और 2010–11 में कुल परिवारों को जिन्हें जॉब कार्ड दिया गया उसकी संख्या क्रमशः 3.30 लाख और 3.40 लाख थी और उससे अनुसूचित जाति के परिवारों का प्रतिशत क्रमशः 49.7 और 48.6 प्रतिशत था। जिन्हें जॉब कार्ड मिला उन परिवारों में से 2009–10 और 2010–11 में जितने परिवारों ने रोजगार की मांग की उनका प्रतिशत क्रमशः 18.4 और 14.4 प्रतिशत रहा और सबों को काम मिला। मगर काम पाने वाले परिवारों के सदस्यों, जिन्हें पुरे 100 दिन काम मिला उनका प्रतिशत काम पाने वालों में 2009–10 और 2010–11 में क्रमशः 3.8 और 3.8 प्रतिशत ही रहा था। इन दो वर्षों में कुल कार्य दिवसों का सृजन क्रमशः 21. 13 और 32.01 लाख दिवस का हुआ और इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी क्रमशः 14.9 और 9.5 प्रतिशत की रही थी। 2009–10 और 2010–11 में सारण जिला में इस योजना के लिए उपलब्ध राशि क्रमशः 6803.42 और 7578.55 लाख रूपए की थी मगर इस राशि में से उपयोग की गई राशि क्रमशः 3385.59 और 6424.45 लाख रही जो उपलब्ध राशि का क्रमशः 49.8 और 84.8 प्रतिशत की थी।

उपर का विवरण बताता है कि 2009–10 में उपलब्ध राशि का उपयोग करने में जिला काफी पीछे रह गया था। हलांकि 2010–11 में इसमें सुधार हुआ मगर पुरी राशि का उपयोग नहीं किया जा सका। ऐसी कमजोरियों के निवारण में चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा ली गई पेशकदमी कफी उपयोगी हो सकती है। जिस वर्ष यानि 2009–10 में योजना के लिए उपलब्ध राशि का करीब–करीब आधी रकम का ही उपयोग किया गया था उस साल काम पाने वालों में महिलाओं का प्रतिशत कानून में प्रदत्त 15 प्रतिशत की शर्त को छू रहा था मगर जिस वर्ष यानि 2010–11 में जब उपलब्ध राशि का 80 प्रतिशत से ज्यादा का उपयोग किया[4] गया तब तक काम पाने वालों में महिलाओं का प्रतिशत घटकर 10 प्रतिशत से भी कम पर आ गया। खासकर अनुसूचित जाति के परिवारों का काम पाने वालों में अतिशय कम प्रतिशत रहा जबकि गरीबी इन परिवारों में सबसे ज्यादा है।

उपर इंगित इन त्रुटियों को निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा दुर किया जा सकता है। ऐसी त्रुटियों योजना के प्रति गरीब आवाम में जागरूकता की कमी और अजानकारी को दर्शाता है। निर्वाचित निकायों के प्रतिनिधि अपने क्षेत्र में मनरेगा संबंधी जानकारी को गरीबों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों को आयोजित कर इस संबंध में लोगों के प्रशिक्षण का काम कर सकते हैं। मगर विडम्बना है कि बहुत से निर्वाचित प्रतिनिधि भी कानून के पुरे प्रावधानों से वाकिफ नहीं है।

सदर प्रखण्ड का सर्वे यह भी स्पष्ट करता है कि इस योजना रोजगार पाने के लिए बनाई गई प्रक्रिया भी गरीबों और अनपढ़ों के लिए कठिनाई पैदा करने वाली है। खासकर कई बार आवेदनों को देना और काम चाहने के लिए विभिन्न स्तरों का दौरा करना तथा योजना के मॉनिटरिंग के लिए की गई व्यवस्था में नौकरशाही का वर्चस्व उसे कई मायने में लाभा प्राप्ति से वंचित कर देता है। इस सबके उपर विभिन्न तरह की अनियमितता का कुप्रभाव अलग है। इन कठिनाइयों को दुर करने में जन प्रतिनिधियों और महिला जन प्रतिनिधियों की भूमिका कफी हो सकती है। खासकर महिलाओं को रोजगार दिलाने के प्रसंग में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र और महिला प्रतिनिधियों की भूमिका :

स्वास्थ्य अधिरचना के मामले में सारण जिला में जिले की आबादी के अनुपात में स्वास्थ्य अधिरचनाओं की उपलब्धि नहीं है। जिला में कुल स्वास्थ्य अधिरचनाओं में एक जिला अस्पताल,

रेफरल अस्पताल 3, सबडिविजनल अस्पताल पहले 2 था अब मात्र 1 है। यानि 1 की कमी आ गई है। प्राईमरी हेल्थ सेन्टर 20, सब-हेल्थ सेंटर 413 और अतिरिक्त ग्रामीण हेल्थ सेंटर 45 है। सबों के आधार पर प्रति सेंटर 8160 आबादी है इन्ही स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा सारण जिला में जन स्वास्थ्य का प्रबंधन किया जाता है।

इन स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राय: नियोजन पर बहाल डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी है जिन्हें अतिशय अल्प रकम मेहनताना या तनख्वाह के रूप में दी जाती है। सरकार की इस प्रबंधन व्यवस्था के कारण अल्प वेतन के कारण प्राय: सभी नियोजित डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी कहीं-न-कहीं और किसी-न-किसी रूप में अन्यथा ढंग से भी काम करके अपना खर्च निकालने में लगे है। इस कारण काम या ड्यूटी के प्रति उनकी दोहरी भक्ति है जिसमें सरकारी कामों के प्रति भक्ति का स्थान द्वितीयक हो जाता है, क्योंकि नौकरी की गारंटी, वार्षिक वेतन बढ़ोतरी समेत किसी भी सामाजिक सुरक्षा के प्रावधानों का लाभ उन्हें नहीं मिलना है।

स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक संसाधनों का बुरी तरह अभाव और कमी है, सामान्य जांच की सुविधा भी नहीं है। इस तरह के खस्ता हाल स्वास्थ्य सेवा के द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा का दावा एक कल्पना है।

बिहार की ही तरह सारण जिला में भी महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं पुरूषों की तुलना में ज्यादा है - कुपोषण, रक्तहीनता, प्रसवकालीन मौते, महिला संबंधी बीमारियों आदि के साथ-साथ उनकी अस्वस्थता तथा उनमें संक्रामक बीमारियों के कारण ऐसी महिलाओं द्वारा उत्पन्न बच्चा भी रोग ग्रसित ही पैदा होता है। कुपोषण का मूल कारण गरीबी है और महिला कुपोषण को दुर करने के स्कीमों में कुल चंद महिलाओं को गर्भावस्था में कुछ वित्तीय मदद, प्रसव के बाद कुछ को थोड़ा मौद्रिक सहायता देकर ही सरकार अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है।

महिलाओं में प्रसवकालीन मृत्यु दर के बढ़े होने का एक प्रमुख कारण है सुरक्षित प्रसव का नहीं होना। असुरक्षित प्रसव के कारणों में गरीबी, स्वास्थ्य की ऐसी सेवाओं का बढ़ा हुआ खर्च, सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधाओं का अतिशय अभाव, महिलाओं की अज्ञानता और रूढ़िवादी वैचारिकता का उनपर प्रभाव आदि। सरकारी आंकड़े बताते है कि 2008-09 से 2010-11 तक सारण जिला में संस्थागत डिलेवरी 0216 क्रमश: 44160, 39940 और 54257 हुई। संस्थागत डिलेवरी का यह प्रतिशत 2008-09 में 3.9 प्रतिशत, 2009-10 में 3.2 प्रतिशत और 2010-11 में 3.9 प्रतिशत का था। सारण जिला में जननी बाल सुरक्षा योजना में लाभार्थियों की संख्या 2008-09 में 42150, 2009-10 में 49040 और 2010-11 में 47931 लाभार्थी रहे। इसी कारण जलापूर्त्ति और स्वच्छता अभियान के तहत सारण जिला में जहां 2007-08 में मात्र 26 मकानों को यह सुविधा दी गई वहीं 2008-09 में यह सुविधा 1015 मकानों, 2009-10 में 878 मकानों को और 2010-11 में 434 मकानों में उपलब्ध कराई गई। इस योजना मे चापाकलों के लगाने का काम 2007-08 में 969, 2008-09 में 54, 2009-10 में 1970 और 2010-11 में 3528 चापाकल लगे।

उपर के आंकड़े सारण जिला के सभी प्रखण्डों के है। सदर प्रखण्ड में इस योजना को लागू करने के आंकड़े अन्य प्रखण्डों से ज्यादा के है मगर स्वास्थ्य संबंधी आंकड़े जैसे संस्थागत डिलेवरी, जननी बाल सुरक्षा योजना, पेयजल और स्वच्छता संबंधी सदर प्रखण्ड का सर्वे जिन सहस्यों को उद्घाटित कराता है वह चौकाने वाला है। पटना सदर प्रखण्ड में संस्थागत डिलेवरी का प्रतिशत पुरे जिला के लिए विभिन्न वर्षों में दिए गए आंकड़ें से थोड़ा ज्यादा प्रतिशत का है। मगर संस्थागत डिलेवरी के आंकड़ों में गरीबी रेखा के नीचे परिवारों की संख्या यानी बी.पी.एल. श्रेणी की महिलाओं का संस्थागत डिलेवरी में हिस्सेदारी ना के बराबर है। इस श्रेणी में यानि संस्थागत डिलेवरी में शामि

महिलाएं इन बी.पी.एल. परिवारों से अलग किस्म के परिवारों से अलग किस्म के परिवारों की है जो दवा आदि के खर्चों को वहन करने की आर्थिक स्थिति में है। जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत वैसी ही महिलाएं लाभान्वित हो सकी है जिनका आर्थिक और सामाजिक स्तर दलितों एवं महादलितों से अच्छा है। इस योजना के संबंध में भी गरीब आवाम कीएक बड़ी संख्या को जानकारी का अभाव है। महिलाओं से संबंधित इन योजनाओं और इसी तरह कीअन्य योजनाओं के संबंध में लाभों के लिए उपर्युक्त परिवारों में व्यापक जानकारी को देने का दायित्व महिला प्रतिनिधि कर सकती है। सदर प्रखण्ड अन्य प्रखण्डों की तुलना में अपेक्षाकृत ज्यादा चेतनशील आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे प्रखण्ड में योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी का स्तर गरीबों में जब इतना निम्न स्तरीय है तब अन्य प्रखण्डों की स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है।

शिक्षा का क्षेत्रः

सारण जिला में प्राइमारी, मिडिल, सेकेन्ड्री और हाय सेकेन्ड्री स्कूलों का जो प्रतिमान सरकारी आंकड़ों में दिया गया है उनकी स्थिति यही है कि प्रति 10,000 आबादी पर 4 प्राइमरी स्कूलों का अस्तित्व बताया गया है इसी मानदण्ड के आधार पर सदर प्रखण्ड के प्राइमरी स्कूल है। मिडिल स्कूलों की संख्या प्राइमरी स्कूलों की तुलना में प्रति 10,000 आबादी पर आधा यानि 2 है। इन स्कूलों के प्रबंधन में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को बढ़ावा तो दिया गया है मगर संसाधनों की कमी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई को बाधित कर रही है।

सदर प्रखण्ड का सर्वे बताता है कि करीब एक चौथाई प्राइमरी विद्यालयों में श्यामपट तक नहीं है, स्कूलों में बिजली कनेक्सन नहीं है, जरूरी फर्निचर का अभाव तो इतना है कि छात्र-छात्राओं के लिए फर्निचर की बाते तो दुर रही शिक्षकों के लिए भी र्निचर पर्याप्त नहीं है। 10 प्रतिशत भी स्कूल नहीं है जिनमें शौचालय हो और छात्राओं के लिए अलग से शौचालय तो है ही नहीं।

उसी प्रकार पेयजल सुविधा संबंधी सदर प्रखण्ड का सर्वेक्षण भी कुछ विस्मयकारी तथ्यों को सामने लाता है, इनमें सबसे महत्वपूर्ण है चप्पा कल लगाने के स्थान के चयन का सवाल। चप्पाकल लगाने में किसी खास व्यक्ति के दरवाजे या उसकी जमीन पर चप्पा कल लगाने की सरकारी पदाधिकारियों को ही कठिनाइयां है, क्योंकि यह विवाद पैदा करता है और बाद में अन्य लोगों को जन उपलब्धता में कठिनाई की संभावना है। सरकारी पदाधिकारियों की ऐसी कठिनाइयों का वस्तुगत आधार है जो सदर प्रखण्ड का सर्वे सही बताता है। इस कारण लगाए जाने वाले चप्पाकल के लिए किसी सार्वजनिक स्वामित्व वाली जगह की प्रायः तलाश की जाती है जो या तो सड़क के किनारे या बस्ती के आस-पास ऐसी जगह होती है जो असुरक्षित होती हे। ऐसी जगहों पर लगाए चप्पाकलों की निगरानी, मरम्मती आदि की जिम्मेदारी और आने वाले मरम्मति पर खर्चो का कोई प्रबंध नहीं रहने के कारण चप्पाकल प्रायः बेकार हो जाते हैं और उनसे पानी मिलना बंद हो जाता है तब उसमें लोग जानवरों को बांधना शुरू कर देते हैं। अब फिर बैताल डाल पर चला जाता है, समस्या अनिराकृत ही रह जाती है। सदर प्रखण्ड में लगाए गए चप्पाकलों की संख्या का आधा से ज्यादा बंद है, उसकी मरम्मती नहीं होने के कारण वे बेकार पड़े हैं। बहुतों में तो स्वीकृत मानदण्ड का पालन नहीं किए जाने के कारण वे बेकार हो गए हैं। पंचायतों के स्तर पर इनके रख-रखाव का प्रबंध किया जाना जरूरी है।

घरेलू काम में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुओं जिनमें पेयजल एक प्रमुख है, गरीब परिवारों की औरतों के ही द्वारा प्रबंध किया जाता है। पेयजल के अभाव का सबसे ज्यादा बुरा असर महिलाओं पर पड़ता है। इस कारण महिला प्रतिनिधियों को इन समस्याओं के समाधान की विशेष जवाबदेही उठाने की जरूरत दीखती है।

स्कूलों में मध्याह्न भोजनः

सामग्री के प्रस्तुतीकरण की प्रवृत्तियों के अध्ययन के लिए मुख्य तौर पर अवलोकन पद्धति का सहारा लिया गया है। यहां गुणात्मक तरीके से विश्लेषण किया गया है जिससे प्रस्तुतीकरण की स्पष्ट व्याख्या हो सके। अध्ययन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गुणात्मक दृष्टिकोण शोध हेतु उपयुक्त होगा।

अध्ययन के लिए सामग्री के तौर पर विषयवस्तु और प्रस्तुतीकरण की शैली को लिया गया है।

इकाईयों का निदर्शन

समाचार पत्रों के अवलोकन के लिए अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2014 माह के प्रत्येक अखबार दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और नवभारत टाइम्स की 50-50 प्रतियां ली गई हैं। उन सभी प्रतियों को अनियमित तरीके से चुना गया है। अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए शीर्षक, समाचार, चित्रों, भाषा, विषयवस्तु की डिजाइन एवं पृष्ठ-सज्जा को अध्ययन की इकाई के तौर पर लिया गया है।

आंकडों का विश्लेषण

अखबारों की विषयवस्तु के विश्लेषण ने कई ऐसी प्रवृत्तियां या नवाचार प्रदर्शित की हैं जिन्हें प्रिंट मीडिया में नये प्रकार के अनुप्रयोगों के रूप में उल्लिखित किया जा सकता है। ये प्रवृत्तियां बहुआयामी एवं व्यापक विविधता को धारण करती हैं। मुख्य बिन्दुओं को यहां प्रस्तुत किया गया है।

मूल्य और पृष्ठों की संख्या

अखबार का मूल्य उसकी प्रकाशन लागत के अनुपात में नहीं है। इसके मूल्य को प्रस्तुत पृष्ठों एवं सामग्री की तुलना में नगण्य कहा जा सकता है। चौबीस पृष्ठों के एक समाचार-पत्र का मूल्य लगभग तीन से चार रूपये होता है जोकि उसकी लागत से कहीं अधिक कम होता है। कई वस्तुओं का मूल्य समान समय काल में बीस से तीस गुना बढ़ गया है जबकि इसी अवधि में अखबारों के मुल्य में दो या तीन गुना मात्र बढ़ोतरी हुई है।

अखबारों में पहले के मुकाबले पृष्ठों की संख्या अधिक है पहले अखबारों में केवल आठ या दस से बारह पृष्ठ होते थे किन्तु अब पृष्ठों की संख्या 20 से चौबीस या और अधिक हो सकती है। त्यौहार के मौके या किसी विशेष दिन इनकी संख्या 32 तक हो जाती है। सभी समाचार पत्रों में पृष्ठों की संख्या क्रमशः बढ़ रही है।

कवरेज, न्यूज सामग्री एवं परिशिष्टों के मुद्दे:

अब समाचार-पत्रों द्वारा अधिकांश मुद्दों को कवर किया जा रहा है। ये स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान, पर्यावरण, अपराध, दुर्घटना, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, सूचना प्रौद्योगिकी, धर्म और आध्यात्म इत्यादि के विषय में सूचनाएं दे रहे हैं। अधिकांश घटनाओं को समाचार पत्रों द्वारा कवर किया जा रहा है। डिजाइन के विविध तत्वों का संयोजन कुछ इस प्रकार किया जा रहा है कि ये टीवी कार्यक्रम की शैली का आभास देते हैं। परिशिष्ट समाचार पत्रों का एक महत्वपूर्ण एवं नियमित भाग बन गए हैं। सभी समाचार पत्र दैनिक जीवन के कुछ निश्चित क्षेत्रों को कवर करने वाले अतिरिक्त पृष्ठ दे रहे हैं। इसी प्रकार समाचार पत्र स्वास्थ, सौन्दर्य, घर-सज्जा, डिजाइनिंग, खाने की आदतों एवं आधुनिक जीवन शैली को कवर करने वाली साप्ताहिक पत्रिकाएं भी प्रकाशित करने लगे हैं।

अभिकल्प एवं पृष्ठ-सज्जा

अखबारों का अभिकल्प एवं पृष्ठ-सज्जा उल्लेखनीय रूप से परिवर्तित हुए हैं। अब उन्हें अधिक रचनात्मक एवं आकर्षक शैली में प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे पूर्व समाचार पत्र अभिकल्प में साधारण होते थे किन्तु आज अखबारों के पृष्ठों के अभिकल्प में अधिकतम कलात्मक दृष्टिकोण दिखता है। विज्ञापन भी डिजाइन का ही एक भाग है। डिजाइन के कई तत्व जैसे रंग, रेखा, टेक्स्ट अधिकतम प्रभावपूर्ण शैली में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसी प्रकार लोगो, प्रतीकों एवं अन्य प्रकार के ग्राफिक्स का इस्तेमाल भी बढ़ा है। बहुत से मामलों में समाचार और विज्ञापन के मध्य कोई स्पष्ट विभाजन नहीं है।

रंग:

समाचार पत्रों के पृष्ठ अत्यंत रंगीन एवं आकर्षक हो चुके हैं। विभिन्न घटनाक्रमों का समाचार भी अधिक रंगीन शैली में दिया जाने लगा है। आधुनिक समाचार पत्र पाठकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए रंगों का इस्तेमाल करते हैं। यहां तक की शीर्षक भी बहुरंगी होते हैं। पृष्ठ को अधिक

आकर्षक एवं प्रभावी बनाने के लिए किसी भी स्थान पर रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है। टेक्स्ट की छाया काले के अतिरिक्त किसी अन्य रंग में भी हो सकती है।

ग्राफिक्स:

इन्फोग्राफिक कला आंकड़ों को प्रस्तुत करने के लिए इस्तेमाल की जा रही है जिससे तथ्यों को आसानी से समझा जा सके। ऐसे ग्राफिकों में दण्ड आरेख, पाई आरेख एवं चित्रलिपि शामिल होते हैं। आसानी से उपलब्ध चित्रों का भी ग्राफिक चित्र दिया जाता है ताकि नये तरीके से उन्हें प्रस्तुत किया जा सके। यह उन खबरों में महत्वपूर्ण है जहां पर तस्वीरें उनका सटीक विवरण प्रस्तुत न कर पाएं। यह व्यवहार सभी अखबारों में अक्सर राजनीतिक व्यक्तित्वों के संदर्भ में देखा जाता है। इसी प्रकार उन खबरों में भी ग्राफिक्स का प्रयोग देखा जा सकता है जहां खबर महत्वपूर्ण होने के बावजूद तस्वीरें उपलब्ध न हों। ग्राफिक्स का इस्तेमाल समाचार पत्रों के खाली पृष्ठ को भरने के लिए भी किया जाता है। कई प्रकार की सूचनाओं की प्रस्तुति अब पत्रकारों के लिए काफी सुविधाजनक हो गयी है। उदाहरणार्थ कुछ ऐसे ग्राफिक्स जिनका अक्सर इस्तेमाल किया जाता है उनमें शामिल हैं मोबाइल, अदालत, बिजली, अर्थव्यस्था एवं अन्य क्षेत्र। ग्राफिक्स का इस्तेमाल मेडिकल, पर्यावरण, शिक्षा के विषयों के संदर्भ में कल्पनाओं के आधार पर किया जाता है। कुछ मामलों में चिन्ह एवं लोगो भी दिए जा सकते हैं।

टेक्स्ट:

अखबारों में टेक्स्ट की प्रस्तुति में भी विविधता आयी हैं। प्रत्येक पृष्ठ टेक्स्ट की एक छायांकित पृष्ठभूमि धारण करता है। ये पृष्ठभूमि ऐसे किसी भी रंग की हो सकती हैं जो तकनीक में उपलब्ध हों। पहले काले रंग से छायांकन मुख्यत: समाचार पत्र की प्रस्तुति की गुणवत्ता को उन्नत करने के लिए किया जाता था।

शीर्शक:

किसी भी समाचार पत्र के लिए नाम पट्टिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्व में इसके लिए एक विशेष पृष्ठ छोड़ा जाता था किन्तु अब यह प्रवृत्ति बदल चुकी है। अब नाम पट्टिका एक भिन्न पहचान देने की जगह नहीं रह गई है। इसे चित्रों एवं दूसरे प्रकार के ग्राफिक्स के साथ मिश्रित तक किया जा सकता है। यह नाम पट्टिका की प्रस्तुति की पारंपरिक शैली से एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

समाचार शीर्षक

अब शीर्षकों का इस्तेमाल अधिक सृजनात्मक शैली में किया जाता है। टैग, बुलेट,आई ब्रो, उपशीर्षक समाचार के कुछ ऐसी विशेषताएं हैं जिनका बहुधा इस्तेमाल किया जाता है। शीर्षकों को विविध प्रकार की शैलियों में लिखा जाता है। तथा शीर्षकों की प्रस्तुति के संदर्भ में समाचार पत्रों द्वारा कई नये प्रकार के प्रयोग किए जा रहे हैं। शीर्षक प्रस्तुतिकरण की कुछ ऐसी शैलियां हैं जिनका अभी तक नामकरण नहीं हुआ है। सुर्खियां तस्वीरों पर भी लिखी गई हैं जहां पारम्परिक रूप से कैप्शन लिखे जाते थे। अखबार के अंदरूनी पृष्ठों तक पर बैनर शीर्षक बहुधा इस्तेमाल किए गए हैं। कभी-कभी अंदरूनी मध्य पृष्ठों पर दो पृष्ठों को घेरते संयुक्त शीर्षक लिखे जाते हैं। इसी प्रकार फॉट प्वाइंट आकार भी प्रथम पृष्ठ के सबसे महत्वपूर्ण समाचार के शीर्षक से बड़े होते हैं।

चित्र

वर्तमान अखबार बड़ी संख्या में चित्रों को प्रकाशित कर रहे हैं। कई बार तो आधे से अधिक पृष्ठों में चित्र की होते हैं। इनका इस्तेमाल समाचार के चित्रण के लिए जब कभी नेताओं के सौजन्य से कोई कथन होता है तो ऐसे में उस राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर भी पासपोर्ट आकार की तस्वीर भी लगा दी जाती है। इसी प्रकार यदि ऐसे समाचार में मूल चित्र यदि उपलब्ध न हो तो इंटरनेट से चित्र डाउनलोड कर उसे छापा जा सकता है। सभी प्रकार की सामाजिक गतिविधियों पर आधारित घटनाएं विभिन्न प्रकार के चित्रों के साथ दी जाती है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के चित्र प्रमुख रूप से दिये जाते हैं। कुछ अवसरो पर तो चित्रों की संख्या खबरों की संख्या से भी अधिक होती है।

संपादकीय पृष्ठ पर दिये गए आलेखों में चित्र नहीं होते थे। किन्तु कभी-कभी इस पृष्ठ का 30 से 40 प्रतिशत भाग ग्राफिक्स या चित्रों को दिया जाता है। ये कोई आवश्यक नहीं कि तस्वीरों का आकार पारंपरिक रूप से आयताकार, वर्ग, वृत्ताकार ही रखा जाय और उन्हें आंशिक रूप से सरल तकनीकी प्रस्तुतिकरण की सुविधा एवं नई प्रवृत्तियों को अपनाने के कारण अलग अपरिभाषित आकार और आमाप दिया जाता है। जब कोई खबर ऐसी हो जिसमें घटना के मूल चित्र उपलब्ध न हो तो ऐसे में संवाददाता कला अनुभाग से उपयोगी सामग्री की व्यवस्था कर सकता है। अब विषयवस्तु चित्र एवं विज्ञापन एक दूसरे से कुछ इस प्रकार मिश्रित हो रहे हैं कि पाठक उन सभी को देखने के लिए विवश हैं।

विषयवस्तु के प्रस्तुतिकरण की नवीन प्रवृत्तियां

समाचार-पत्र विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की प्रस्तुति के लिए टीवी की शैली अपना रहे हैं। सामग्री के दृश्यात्मक प्रकार एवं विविध तत्व जैसे विषय, समाचार, आलेख, फीचर एवं ग्राफिक्स को तो निष्चित रूप से टेलीविजन की शैली में प्रदर्शित किया जा रहा है। उदाहरणार्थ प्रकाशक मुख्य पृष्ठ पर खबर को संक्षिप्त में देते हैं और विवरण अंदरूनी पृष्ठों पर देते हैं। पृष्ठ का अभिकल्प कुछ इस तरह से किया जाता है ताकि विज्ञापन एवं समाचार के टेक्स्ट एक दूसरे में घुल मिल जाएं। ऐसा सिर्फ इसलिए किया जाता है ताकि पाठक विज्ञापनों को भी देखे और उपेक्षित न कर सके। विज्ञापनों की संख्या और स्थान निश्चित रूप से बढ़े हैं।

स्थानीय मुद्दों की कवरेज

समाचार पत्र स्थानीय खबरों को पहले से कहीं अधिक स्थान दे रहे हैं। पहले स्थानीय खबरों को केवल दो या तीन पृष्ठों में ही जगह दी जाती थी। अब दूसरे जिलों की खबरें बहुत कम मात्रा में प्रकाशित की जाती हैं। यह प्रवृत्ति कमोवेश सभी समाचार पत्रों में है। उदाहरणार्थ दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, अमर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा स्थानीय या शहर के समाचारो को आठ से नौ पृष्ठों में स्थान देते हैं। इस प्रवृत्ति ने निश्चित रूप से लोगों को दूसरे स्थानों की खबरों से वंचित कर दिया है। लखनऊ में रहने वाला एक व्यक्ति पड़ोस के शहरों की घटनाओं का विवरण नहीं जान पाता। नई नौकरी से संबंधित या इस संदर्भ में किसी अन्य सूचना को मॉस मीडिया द्वारा रेखांकित किया जाता है। अपराध एवं दुर्घटना संबंधित खबरों को उच्च प्राथमिकता दी जाती है। आर्थिक पृष्ठ मुख्यत: निवेश, ऋण, बीमा, खरीद को कवर करता है।

दैनिक जीवन की गतिविधियों एवं समस्याओं की कवरेज

समाचार पत्रों द्वारा दैनिक जीवन की गतिविधियों एवं आम लोगों के मुद्दों को निरंतर व्यापक रूप से स्थान दिया जा रहा है। सांस्कृतिक पत्रकारिता को समाचार पत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिय गया है। सभी समााचार पत्र न केवल इन सभी गतिविधियों से संबंधित टेक्स्ट सामग्री दे रहे हैं बल्कि इनसे संबंधित चित्रों का भी प्रकाशन कर रहे हैं। सांस्कृतिक गतिविधियां एवं घटनाएं पत्रकारिता का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भाग या क्षेत्र बन चुकी हैं। समाचार पत्र उन सभी गतिविधियों के बारे में अब सूचना दे रहे हैं जो आम लोगों की जिन्दगी एवं समाज से निकटता से जुड़े हैं। उदाहरणार्थ परिवहन, बाजार, विभिन्न वस्तुओं से जुड़ी सूचनाएं। इसी प्रकार जल, बिजली और परिवहन से जुड़ी जन समस्याओं को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। यह समाचार पत्रों के लिए वास्तव में एक अत्यंत साकारात्मक दृष्टिकोण है। वे लोगों के विभिन्न वर्गों के लिए आवश्यक सूचनाओं की पूर्ति कर रहे हैं। प्रिंट मीडिया उन विषयों को अधिकतम कवरेज दे रही है जो आम लोगों के दैनिक जीवन के लिए किसी भी तरीके से उपयोगी हैं।

अन्य मीडिया की विषयवस्तुओं का कवरेज

समाचार पत्र अन्य मास मीडिया के विविध पहलुओं को भी अधिक से अधिक स्थान दे रहे हैं। यह डिजिटल वेब टीवी, फिल्म कार्यक्रमों, रेडियो से संबंधित सूचनाएं धारण करते हैं। इसी प्रकार ये समाचार पत्र इन माध्यमों के कलाकारों के विषय में भी चर्चा करते हैं। यह वेब पत्रकारिता, सोशल साइट्स, मोबाइल के इस्तेमाल एवं दूसरे ऐसे ही संचार माध्यमों के विविध पहलुओं से संबंधित सूचना देने का प्रयास करते हैं। फेसबुक एवं टिवट्र पर प्रसिद्ध व्यक्तित्वों द्वारा व्यक्त विचार को भी अखबारों में जगह दी जाती है। इसी प्रकार विदेशी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को भी इन अखबारों में स्थान दिया जाता है।

भाषाएं

खबरों की भाषा के प्रस्तुतिकरण में देश एवं काल के दबाव को अत्यंत स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। बहुत सारे समाचार को बिना कोई अर्थपूर्ण निष्कर्ष दिए अप्रत्याशित तरीके से समाप्त कर दिया जाता है। इस परिस्थिति के पीछे पृष्ठों में स्थानाभाव एवं समय का दबाव निश्चित रूप से महत्वपूर्ण कारण हैं। निष्कर्ष रहित या अर्थपूर्ण समाप्ति के बिना ही खबरों को प्रकाशित करना एक अत्यंत सामान्य प्रवृत्ति बन चुकी है। खबरों की भाषाा में भी कई प्रकार की त्रुटियां देखी देखी जा सकती हैं। इसी प्रकार बहुत से माामलों में तथ्यों का अनावश्यक पुनरावृत्ति भी देखी जा सकती है।

समाचार पत्रों के मध्य प्रतिस्पर्धा का स्वरूप

विभिन्न अखबारों के मध्य एक कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा को खबरों की प्रस्तुति की शैली में देखा जा सकता है जहां हर अखबार सर्वाधिक एक्सक्लूसिव खबर देने का दावा करता है।कई बार यह अखबार उन पुरानी खबरों तक को प्रकाशित करता है जिन्होंने प्रशासन को किसी समस्या या विषय पर निर्णय लेने के लिए अभिप्रेरित किया हो। ऐसी बहुत सी खबरें हैं जिन्हें अनन्य रूप से केवल एक ही समाचार पत्र में जगह दी जाती है।

बाजार केन्द्रित सूचना

बाजार गतिविधियों के विस्तृत कवरेज में विभिन्न उत्पादों की खरीद में निश्चित रूप से पाठकों को मदद पहुंचायी है। यह दुकानदारों को अपनी वस्तुओं के प्रचार में भी सहयोग प्रदान करता है। लोगों को खरीद एवं विपणन में मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। यह अखबार नये उत्पादों के विषय में विस्तृत सूचना चित्रों के साथ देते हैं। दीपावली के अवसर पर मिठाईयां, गहने, पटाखे, सजावट के विभिन्न उपकरण ऐसे उत्पाद हो सकते हैं। लोगों को बाजार में खरीद के लिए अभिप्रेरित करने के लिए त्योहार अत्यंत ही महत्वपूर्ण अवसर होते हैं। यह बाजार शक्तियों का अखबारों के साथ इस प्रकार की सूचनाएं देने हेतु संयोजन का एक प्रकार है।

घटनाओं का इतिहास एवं पृष्ठभूमि

किसी खबर की एतिहासिक पृष्ठभूमि देना अब समाचार पत्रों के लिए एक सामान्य प्रवृत्ति बन गयी है। यह घटना के बारे में लोगों को पूरक सूचना देने की जरूरत को पूरा करने के लिए दिया जाता है। सामग्री की उपलब्धता ने भी विभिन्न घटनाओं की ऐसी पृष्ठभूमि की प्रस्तुति में पर्याप्त सहयोग दिया है। किसी विशेष अवसर पर विभिन्न घटनाओं का इतिहास दिया जाता है। उदाहरण के लिए अदालती फैसले, प्रमुख व्यक्तियों की मृत्यु, बड़ी रेल एवं वायुयान घटनाएं एवं ऐसी ही अन्य घटनाओं के मामले में घटना की पृष्ठभूमि प्रकाशित की जाने लगी है। हालांकि इस प्रकार का कवरेज पहले के अखबारों में भी दिया जाता था किन्तु अब इस प्रकार के कवरेज की आवृत्ति एवं विविधता काफी बढ़ गयी है।

घटनाओं से सीखना

यह अखबारों की अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण प्रवृत्ति है। ये अखबार आम आदमी के सुरक्षा संबंधी विविध सूचनाएं प्रकाशित करते हैं। उदाहरण के लिए किसी आगजनी की खबर में आवश्यक सुरक्षोपायों संबंधी ऐसी सूचनाएं जिन्हें भविष्य में किसी ऐसी दुर्घटना से बचने के लिए पाठकों को याद रखना चाहिए भी शामिल होती है। इसी प्रकार बिजली से होने वाली मौतों की खबर में भी ऐसी किसी अनहोनी से बचने के लिए किसी आवश्यक परामर्श शामिल होते हैं। कई बीमारियों के संदर्भ में भी यह प्रवृत्ति देखी जा सकती है। समाचार पत्र साक्षात्कार एवं तस्वीरों के रूप में किसी खबर से जुड़ी अतिरिक्त सूचनाएं भी दे रहे हैं।

समाचार पत्रों की सहभागी भूमिका

समाचर पत्र विभिन्न घटनाओं के मूक दर्शक नहीं हैं बल्कि उनकी प्रवृत्ति अब पाठक के समक्ष स्वयं को एक मार्गदर्शक, अभिप्रेरक, परामर्शदाता के रूप में प्रस्तुत करने की है। और इसके अलावा वो ऐसे बहुत सारे कार्य करते हैं जिन्हें पहले अखबारों की भूमिका में नहीं रखा जाता था। यह पाठकों के मित्र की तरह भी कार्य करते हैं। एक अच्छा मतदाता कैसे बना जाय एवं किस प्रकार स्वयं को विभिन्न बीमारियों से बचाया जाय, विभिन्न तकनीकों का प्रयोग कैसे किया जाय, कहां निवेश किया जाय, कहां घूमा जाय, समाज में कैसे व्यवहार किया जाय, कौन सा पेशा चुना जाय, व्यक्तित्व विकास किस तरह हो और ऐसे कई सारे अन्य विषयों को मीडिया द्वारा व्यापक रूप से कवर किया जा रहा है।

जन साधारण की भागीदारी

मॉस मीडिया विभिन्न मुद्दों पर अपने दृष्टिकोंण को अभिव्यक्त करने में आम लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। यह अखबारों की एक नियमित प्रवृत्ति बन चुकी है। इसने अखबारों के साथ लोगों को जोड़ने में निश्चित रूप से मदद की है। यह मॉस मीडिया के व्यवसायिक दृष्टिकोंण को भी दिखाता है। यह अखबारों के एक विपणन के एक तरीके के रूप में वर्णित किया जा सकता है। इस प्रकार की सहभागिता पहले भी दी गई थी लेकिन उसकी आवृत्ति एवं प्रस्तुति की मात्रा अब जैसी नहीं थी। ये अखबार पाठकों को कई रूपों में नागरिक पत्रकार (सिटिजन जर्नलिस्ट) के तौर पर काम करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

पत्र लेखन, आलेख, तस्वीरें किसी प्रसिद्ध व्यक्ति का साक्षात्कार अखबारों द्वारा अपनाए गये वो उपाय हैं जिनके माध्यम से ये निमंत्रण दिये जाते हैं।

सामाजिक गतिविधियों में मीडिया की सहभागिता

समाचार पत्र अनेक सामाजिक गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। ये सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। कई बार ये इसके लिए प्रचार अभियान का भी सहारा लेते हैं। उदाहरण के लिए हिन्दुस्तान अखबार ने निरंतर एक अभियान चलाया ताकि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। समाचार पत्र सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न कैंपों का भी आयोजन करते हैं। यह सभी गतिविधियां केवल अखबार की साकारात्मक छवि बनाने एवं लोगों को इससे जोड़ने के लिए की जाती हैं।

अखबारों में आधुनिकता एवं उपभोक्तावाद

अखबारों का संपूर्ण दृष्टिकोंण लोगों को एक आधुनिक जीवन शैली प्रदान करने के उद्देश्य पर आधारित है। विषयवस्तु, शीर्षक, आलेख, तस्वीरें, फीचर का उद्देश्य उपभोक्तावाद, आधुनिक सामाजिक मूल्यों एवं संस्कृति को बढ़ाने पर होता है। सूचना प्रौद्योगिकी खान-पान की आदतों एवं कई अन्य विषयों को सामाजिक जीवन शैली में आधुनिकता को बढ़ाने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। ये नवाचार उपभोक्तावाद के प्रति लोगों को अभिप्रेरित करने के लिए हैं।

विकासपरक समाचारों का अभाव

इन सबके बावजूद कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें समाचार पत्रों में न्यूनतम कवरेज मिला है। इनमें शामिल हैं सरकारी कार्यक्रमों एवं विकास मुद्दों संबंधी सूचनाएं। समाचार पत्र मुश्किल से इन विषयों को शामिल करते हैं। हालांकि यह अपेक्षा की जाती है कि अखबार इन विषयों पर भी पर्याप्त सामग्री प्रकाशित करें। इसके अलावा कई ऐसी साकारात्मक एवं नाकारात्मक प्रवृत्तियां हैं जिन्हें अखबारों की विषयवस्तु में देखा गया है। अध्ययन सीमित होने के कारण उन्हें यहां प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

प्राप्तियों एवं निष्कर्षों की चर्चा

अध्ययन अखबारों के कवरेज के विषय में कई नये तथ्य उद्घाटित करता है। यह अधिक व्यवसायिक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। और न केवल पाठकों को आकर्षित करने बल्कि उनसे जुड़ने

के सर्वोत्तम प्रयास कर रहे हैं। अखबारों का समग्र दृष्टिकोण बाजार केन्द्रित है। वे विषयवस्तु की प्रस्तुति कुछ ऐसी शैली में कर रहे हैं जिससे पाठकों का ध्यान आसानी से आकर्षित किया जा सके।

- अखबारों की विषयवस्तु जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अधिकतम विषयों को सम्मिलित कर रही है।
- भौगोलिक रूप से सुदूर क्षेत्रों के समाचार की तुलना में स्थानीय खबरों को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है।
- प्रस्तुतिकरण की शैली का उद्देश्य लोगों को अखबार के साथ जोड़ना है।
- शीर्षकों को लिखने में यह अखबार कई प्रकार की नई शैलियां अपना रहे हैं।
- शीर्षक लोगों का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण साधन बन चुके हैं।
- अखबार स्थानीय खबरों को अधिक स्थान दे रहे हैं।
- अखबार स्वयं को विविध सामाजिक अभियानों में संलग्न कर रहे हैं ताकि समाज के विभिन्न वर्गों से स्वयं को जोड़ सकें।
- चित्र एवं ग्राफिक्स अखबारों का महत्वपूर्ण भाग बन चुके हैं।
- हिंदी के समाचार-पत्रों में अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल बढ़ा है।
- अखबार एक ही समय में कई भूमिकाओं का निर्वाह कर रहे हैं।

अध्ययन की सीमाएं

अध्ययन की निम्नलिखित सीमाएं हैं-

- यह अध्ययन दिल्ली से प्रकाशित होने वाले हिन्दी अखबारों पर आधारित है।
- इस अध्ययन में अखबारों की सभी प्रकार की प्रस्तुतियों पर चिंतन किया गया है।
- इसमें विषयवस्तु पर गुणात्मक शैली में चर्चा की गई है।
- अखबारों में परिवर्तन के प्रभाव को इस विमर्श में शामिल नहीं किया गया है।
- अखबारों की अन्तर्राष्ट्रीय कार्यप्रणाली में भी कई नवाचार देखे गए हैं किन्तु इस अध्ययन में उनपर चर्चा नहीं की गई।

आगे के अध्ययन के लिए सुझाव

आगे के अध्ययन के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्र चिन्हित किये जा सकते हैं। जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं-

- अखबार के पृष्ठ के अभिकल्प एवं पृष्ठ-सज्जा के क्षेत्र में अध्ययन किया जा सकता है।
- इसी प्रकार अखबारों के कुछ अन्य तत्वों को चुनकर उन पर भी अध्ययन किया जा सकता है।
- इस प्रकार के अध्ययन अखबारों के विभिन्न तत्वों के संदर्भ में किया जा सकता है।
- एक या अधिक विषयों के संदर्भ में भी मात्रात्मक शैली में अध्ययन किया जा सकता है।

हड़प्पाई धर्म

प्रीतम सिंह सारसर

एम.ए. (इतिहास), विनायक मिशन विश्वविद्यालय, सलेम, तमिलनाडु,
यू.जी.सी. नेट उत्तीर्ण

कालान्तर में जब सिंधु तथा उसकी सहायक नदियों की घाटियों में एक शहरी सभ्यता का उदय हुआ जिसके अवशेष पूर्व में आलमगीर तथा पश्चिम में सुतकागेंडोर, उत्तर में मांड़ा तथा दक्षिण में दायमाबाद तक मिले हैं। और वर्तमान समय में भी मिल रहे हैं। लगभग 1500 बस्तियों के अवशेष प्राप्त हो रहे हैं। इन बस्तियों के निवासी मुहरों पर अपने लेखन के लगभग 4000 नमुने अपने पीछे छोड़ गए हैं। लेखन तामग्रखण्डों, कांसे के उपकरण, हाथी दंतों, मिट्टी के ताबिजों, शैलखड़ी के साँचे में ढली पक्की मिट्टी पर अंकित है। निर्माण अवशेषों, मृण्मूर्तियों, काँस्य प्रतिमाओं और विशाल प्रस्तर प्रतिमाओं के साथ-साथ लेखन के नमूने हड़प्पाइयों के आर्थिक विश्वासों की तस्वीर मढ़ने के हमारे प्रमुख स्त्रोत हैं।

धर्म की परिभाषा और व्याख्या अपने आप में विवाद का विषय है। हालांकि एक मतानुसार जब मनुष्य अपने कार्यों, विचारों तथा भविष्य की अनिश्चितताओं तथा प्रकृति के सामने असमर्थ होने पर वह अनेक समाधान, बचाव तथा बेहतर फल पाने के लिए ईश्वर की अलौकिक शक्ति, आत्माओं तथा प्रकृति के ही अनेक रूपों की पूजा का सहारा लेता है और इसकी अभिव्यक्ति विभिन्न रूपों में होती है जिसे धर्म के नाम से संबोधित किया जाता है।

हड़प्पाई लिपि को अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है। अत: अनेकानेक देवी-देवताओं की पहचान करने, हड़प्पाइयों के देवसमूह का तानाबाना रचाने, तथा एक दूसरे से भिन्न धार्मिक आचरणों तथा कर्मकाण्डों के बारे में लिखने और एक संरचनात्मक धार्मिक प्रतिमान गढ़ने के सारे प्रयत्न काफी कुछ अटकलबाजी के ढंग के रहे हैं। हड़प्पा के लोग किसकी आराधना करते थे यह प्रश्न विद्वानों के मध्य चर्चा का विषय है। उनकी धार्मिक मान्यताओं को समझने के लिए हमें केवल अपनी बुद्धि और तर्क पर निर्भर रहना होगा ताकि हम हड़प्पा के लोगों की धार्मिक मान्यताओं को आधुनिक मान्यताओं के परिप्रेक्ष्य में रखकर समझा सकें।

अपने समकालीन सभ्यताओं के विपरित हड़प्पाई नगरों मे स्पष्ट रूप से धर्म से सम्बंधित इमारतें और साजो-समान से युक्त कब्रें देखने को नहीं मिलती। अगर मंदिर थे भी तो इन्हें पहचानना कठिन है क्योंकि न उपास्य जैसी लगने वाली कोई शानदार मूर्ति मिलती है और न ही विशेष रूप से सुसज्जित संरचना।

हड़प्पा सभ्यता मे भारी मात्रा में पक्की मिट्टी की मूर्तियाँ मिली है जिसमें नारी की बहुसंख्यक मृण्मूर्तियाँ मिली है साथ ही नारी आकृतियों का अंकन मुहरों पर विविध रूपों में प्राप्त होता है इसमें स्त्रियों की जो मूर्तियाँ हैं जो शिरोसज्जा से अलंकृत है। कभी-कभी उनके साथ शिशु भी दिखाई गए

हैं। अधिकांश महिलाओं की मूर्तियाँ हड़प्पा तथा मोहनजोदड़ो से मिली है। इन मूर्तियों को सामान्यत: देवीयाँ माना जाता है यह संभावना अंशत: इस तथ्य पर आधारित है कि परवर्ती भारतीय इतिहास में विभिन्न देवियों की उपासना जारी रही। जॉन मार्शल ने भी उपरोक्त आधार पर हड़प्पा सभ्यता में देव समूह में देवियों की प्रधानता को स्वीकारा और वर्तमान समय में भी यह अनुकरणीय ध्वनि सुनायी देती है। किन्तु विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के बाद इस धारणा का खण्डन किया जा सकता है कि हड़प्पा सभ्यता में मातृदेवी की प्रधानता थी। कालीबंगा, सुरकोटदा और मिरथल जैसे महत्त्वपूर्ण हड़प्पाई स्थानों पर मृण्मूर्तियों के साक्ष्य नहीं मिलते। वृहतर सिंधु घाटी के बाहर पड़ने वाले अन्य सभी हड़प्पाई स्थानों पर केवल पशु मृण्मर्तियां ही मिली है। चान्हुदड़ो में प्राप्त नारी लघु प्रतिमाओं का रूप हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की प्रतिमाओं से भिन्न है। प्राप्त मृण्मूर्तियों को हमेशा मातृदेवी के रूप में चित्रित किया गया है किन्तु उनकी स्पष्ट विशेषताओं जैसे कमर पर छोटा घाघरा, पंखनुमा शिरोसज्जा आदि। क्या ये पवित्र अग्नि के समर्पित कुमारियाँ नहीं हो सकती।

कुछ प्रतिमाएँ दरअसल कुड़े के हिस्से के रूप में उन भांडों में मिली है जो शहर के कुड़े डालने के लिए सड़कों पर रखे गए थे। देवी को स्वतंत्र रूप से पक्की मिट्टी की प्रतिमाओं के रूप में और देवताओं को सिर्फ मुहरों पर। यह नियम कहीं संयोग से भी भंग नहीं हुआ है।

मोहनजोदड़ो से प्राप्त (एम 304) मुहरों से मिलने वाले प्रमाणों में सबसे प्रसिद्ध देवता की पहचान मार्शल ने आदि शिव के रूप में की है। एक देवता सिके सिर पर भैंस के सिंग का मुकुट है योगी की मुद्रा में बैठा हुआ है व अनेक पशुओं हिरण, गैंडा, भैंसा, बाघ, हाथी से घीरा हुआ है। एक मुहर में एक योगी के साथ एक सर्प की आकृति है। इन प्रमाणों के आधार पर विद्वानों ने शिव को हड़प्पा का सबसे महत्वपूर्ण देवता माना है यह दलील भी दी गई कि शिव को वैदिक देवसमूह में हड़प्पाइयों के जरूरी तौर पर आक्रमणकारियों/विध्वंशकों के रूप में नहीं बल्कि काल की दृष्टि से आर्य उत्तराधिकारियों में शामिल किया गया। किन्तु उपरोक्त मत पर लगातार शंकाएं उठाई जाती रही है। मार्शल की टीम के एक सदस्य इ.जे.एच. मैके थे जिन्होंने मुहर पर अंकित प्रतिमा के 'पुरुष' होने के संबंध में शंका व्यक्त की थी। एच.पी. सुलीवन, सुमांगना अत्रे ने इस तर्क को आगे बढ़ाया। अत्रे ने इस नारी लघु प्रतिमा की पहचान जंगली पशुओं की स्वामिनी (अखेटिका) के रूप में की है जो उस आदि-देवी की उपासना का प्रतिनिधित्व करती है। कुछ विद्वानों ने तथाकथित आध-शिव मुहर में शामन धर्म के लक्षण दिखाई देते हैं।

हड़प्पाई मुहरों पर सर्वाधिक चित्रांकन कुबड़दार बैल का किया गया है ये बहुत कलात्मक तथा स्वभाविक रूप में चित्रित किया गया है। उसका कुछ धार्मिक महत्त्व भी है डी.पी. अग्रवाल के अनुसार एक मुहर पर एक जुलुस वृषभ को कंधों पर उठाकर ले जा रहा है। अग्रवाल कहते हैं कि इसकी व्याख्या धार्मिक दृष्टि से ही की जा सकती है। मोहनजोदड़ो तथा हड़प्पा का सेलखड़ी मुहरों तथा मृण्मूर्तियों मे पाँच प्रकार के वृषभों का चित्रण किया गया है। पुरुषत्व का प्रतिनिधित्व करने वाला वृषभ 'मातृदेवी' का पुरुष प्रतिरूप माना गया है। चान्हुदड़ो में एक मुहर मिली है जिसमें जमीन पर लेटी एक निर्वसन पुरोहितानी के साथ एक गौर (वृषभ) को संभोग करते चित्रित किया गया प्रतित होता है। वृषभ उर्वरता उपासना का अंग था। इस प्रकार के चित्रण मे उर्वरा संस्कारों के प्रतीक के रूप में अन्न के कर्मकाण्डों के विकास के संकेत मिलते हैं।

विद्वान पोसेल ने पुरातात्विक प्रलेख से उभरते हड़प्पाई धर्म को द्वैत भावना के विशिष्ट पहलुओं के रूप में देखा। जिसका मुख्य विषय पुरुष-नारी देवत्व है। पुरुष सिंगदार पशु देवता में दिखाई देता है। जिसका संबंध भैंसे से है और नारी पौधा देवी में जिसे या तो पौधो की आकृति या पौधों के अन्दर अथवा उसके नीचे खड़ी मानव आकृति के रूप में चित्रित किया गया है। यह संभावना इस विचार

के साथ-साथ सुझाई गई है कि प्रारंभिक हड़प्पाई धार्मिक विश्वासों के पुराने विविधतापूर्ण हिस्सों पर परिपक्व हड़प्पाई काल में भी आचरण किया जाता था। पोसेल इस बात को भी भूल जाते हैं कि पौध और पशुओं में भी दोनों लिंगों का अस्तित्व है फिर पशु पुरुष और पौधा नारी ही क्यों है। विद्वानों ने मुहरों, मृदमाण्डों आदि पर चित्रित वृक्षों को भी धार्मिक कर्मकाण्डों से जोड़ दिया। जैसे हड़प्पा, मोहनजोदड़ो और चान्दुदड़ों स्तरों से जो कृष्ण चित्रित मृदमाण्ड मिले हैं। सैंधव लिपि मे पीपल के पत्ते के सात अलग-अलग रूपों का अंकन शायद इस बात का सूचक है कि इस पेड़ को अत्यधिक श्रद्धा और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था।

कई स्थानों पर वृक्षों की शाखाओं के बीच से झाँकती हुई आकृतियाँ दिखाई गई है। विद्वानों का मत है कि यह आकृतियां वृक्ष आत्माओं को बिंबित करती है या फिर उनके जीवनदायी औषधीय गुणों के एहसास के नतिजे थे। एक स्थान पर वृक्ष के सामने सात मानवीय आकृतियाँ खड़ी दिखाई गई है और वृक्ष के अंदर एक आकृति जिसके सिर पर सिंग दिखाई गई है। कुछ विद्वानों ने सिंग वाली आकृति की तुलना शिव से की है। भारत में पीपल के पेड़ की पूजा युगों से होती रही है और कहीं-कहीं पीपल के पेड़ और शिव की पूजा साथ-साथ होती दिखाई गई है। सात आकृतियों बहुधा सात-महान ऋषियों अथवा भारतीय मिथक की सात जननी मानी गई है। के.एन. शास्त्री के अनुसार पीपल देव सर्वोच्च देवता था।

हड़प्पाई मुहरों तथा मृण्मूर्तियों तथा अन्य पुरावशेषों में पशु-पूजा का भरपूर चित्रण हुआ है जैसे नाग, बाघ आदि। नाग का धार्मिक महत्त्व रहा होगा जो आगे चलकर उर्वरता, सुरक्षा, सौभाग्य, सम्पत्ति आदि का प्रतीक बन गया। कालीबंगा से प्राप्त एक वर्गाकार (के 50) में शेर के शरीर वाली देवी को प्रदर्शित किया गया। मछली का भी चित्रण खूद किया गया। हिरण, बकरा, बारहसिंगा संयोग वाले पशुओ की प्रधानता है। यह शायद उस समय के कृषि प्रतिकों के साथ-साथ आखेद और पशुचारण के प्रतिकों की स्मृतियों के संयोग का परिणाम मिश्रित पशुओं का चित्रण अर्थात् मुखकृतियाँ मनुष्य की है तो शरीर पशु के और यदि मुखाकृतियाँ पशु की है तो शरीर मनुष्य के, लगता है कि हिरण्यकश्यप मिथक इसी से प्रेरित है। एक विद्वान का कहना है कि कुबड़वाले सांड और छोटे सिंगों वाले बिना कुबड़ के सांड़ को अलग-अलग रखते तो मुहरों पर चित्रित सभी जानवर जंगली है।

संभवत: यह कुछ बच्चों के खिलाने या दीवारों पर रखने के लिए सजावट की वस्तुएं रहे हों और शल्को तथा मिट्टी की बनी लघु पशु प्रतिमाएं शायद ताबिजों के रूप मे इस्तेमाल की जाती होगी। संभवत: यह जनजातीय चिन्ह रहा होगा। कुछ चित्रण सामनी (ओझागिरी) के लक्षणों को भी प्रतिबिंबित करते हैं। जैसे चेहरे पर नकाब और मोहरों पर माचिस की तिल्ली के समान कुछ चित्र अर्धमानव आकृतियाँ अपने-अपने ढोलों के साथ पक्की मिट्टी के बने गायक और नर्तक ढोलकियाँ आदि। ड्यूरिंग कैस्पर्स का कहना है कि इस सबसे ऐसे विधि-विधानों के प्राचीन आर्थिक कर्मकाण्डों और उपासनाओं की पृष्टि होती है। शीरीन रत्नाकर का मानना है कि सामंती मानव तथा पशु की दुनिया के बीच सेतु कार्य करते हैं क्योंकि सामान औषधीय गुणों की जानकारी भी रखते हैं। सम्भवत: इनका समाज में महत्त्वपूर्ण स्थान था। किन्तु रोमिला थापर का मानना है कि इस सभ्यता का नागरीय स्वरूप ऐसे धर्म के अनुकूल रहा होगा, ऐसा नहीं लगता।

कालीनंगा, लोथल, ओर बनावली मे राख से युक्त कुछ छोटी-छोटी संरचनाओं की व्याख्या अग्निदेवी के रूप मे की गई है। किन्तु वे चुल्हे भी हो सकते हैं। शंख तथा तर्पण पात्रों, की तुलना हिन्दु धर्म की विचारधारा तथा कर्मकाण्ड के रूप में शामिल किए जाते हैं। स्वास्तिक चिन्हों को आज भी पवित्र मांगलिक चित्र माना गया है।

ब्रिटिश मूल के जिन इतिहासकारों तथा पुरातात्वशास्त्रीयों वी.ए. स्मिथ, जॉन मार्शल, व्हीलर, पिगाँट आदि अन्य क्षेत्रों में भारत स्थित अंग्रेज प्रशासक खासतौर पर ब्राह्मण पंडितों से जिनकी शिक्षा-दीक्षा संस्कृत परम्पराओं मे होती थी। परामर्श लेते थे। हिन्दु अस्मिता की सृष्टि में इन ब्राह्मणों का बहुत हाथ होता था। तत्पश्चात् अधिकांश विद्वानों ने जॉन मार्शल के वर्णन का अनुसरण करते हुए कहा है कि हड़प्पाइयों के धार्मिक आचार विचार आज के हिन्दु धर्म के सीधे जनक थे। हालांकि उपरोक्त इतिहासकारों प्रशासकों के मतों का खण्डन अब तीव्र हो चुका है।

संदर्भ

1. श्रीमाली, के.एम.–धर्म, समाज और संस्कृति, प्रथम संस्करण 2005, ग्रंथ शिल्पी, बी-7, सरस्वती कॉम्पलेक्स, लक्ष्मी नगर, दिल्ली।
2. थापर, रोमिला–पूर्वकालीन भारत (प्रारम्भ से 1300 ई. तक), प्रथम संस्करण 2008, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 10 केवेलरी लाईन, दिल्ली-110007
3. श्रीवास्तव, के.सी.–प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति, 2007, यूनाईटेड बुक डिपो, 21, यूनवर्सिटी रोड, इलाहाबाद-211002।
4. झा, डी.एन.; श्रीमाली, के.एम.–प्राचीन भारत का इतिहास, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय, दिल्ली।
5. झा, डी.एन.–प्राचीन भारत, 2003, ग्रन्थ शिल्पी, बी-7, सरस्वती कॉम्प्लेक्स, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092।

असहयोग आन्दोलनोपरांत 1930 तक चम्पारण में गांधी प्रभाव की निरंतरता

कुमारी नीतू

शोध छात्रा, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)

चम्पारण सत्याग्रह का मूल कारण आर्थिक था। लेकिन कांग्रेस में पुराने नेताओं ने चम्पारण की आर्थिक दुर्दशा पर ध्यान देने से मना कर दिया था तथा गांधीजी अनमने ढंग से ही चम्पारण आये थे। उन्हें न तो चम्पारण की भौगोलिक स्थिति का कोई ज्ञान था और न ही वे नील की खेती के बारे में कुछ जानते थे।[1] वे चम्पारण यात्रा के बारे में शंकालू भी थे। अत: उनके साथ बाहर के स्वयंसेवक तथा प्रेस के लोग भी नहीं आये थे।[2] चम्पारण गांधीजी के लिए एक अनुभव था।

गांधीजी ने यहाँ भयंकर गरीबी देखी। पढ़ने का कोई साधन नहीं था। रैयतों के बच्चे या तो खेतों में काम करते या मटरगश्ती। एक पुरूष श्रमिक एक दिन में दस पाई, स्त्री श्रमिक छ: पाई तथा बालक श्रमिक तीन पाई ही कमा पाता था। यदि कोई व्यक्ति दिन में एक चवन्नी कमा लेता था तो वह सौभाग्यशाली समझा जाता था।[3] गरीबी इतनी थी कि स्त्रियों के पास एक ही कपड़े हाने के कारण वे उसे धो नहीं सकती थी।[4] गंदा रहने के कारण किसान बाराबर बीमार रहते थे और उन्हें चर्म रोग हो जाया करता था।

गांधीजी बड़े व्यथित हुए। उन्होंने पाठशालाएं खुलवाई। उन्होंने बाहर से स्वयंसेवक, शिक्षक तथा डॉक्टर बुलवाये। लेकिन सबसे बड़ी जो बात हुई, वह यह थी कि गांधीजी ने यह स्पष्ट अनुभव कर लिया कि बिना आर्थिक स्वराज्य के राजनीतिक स्वतंत्रता की बात निरर्थक है। इसिलिए चम्पारण के किसानों की समस्या से निपटने के तुरंत बाद फरवरी, 1978 ई० में कपड़ा मजदुरों की हड़ताल के लिए अहमदाबाद गए तथा फिर खेड़ा में किसानों के सत्याग्रह का नेतृत्व किया। यह कांग्रेस के पुराने नेताओं के राजनीतिक उद्देश्य मात्र की नीति से सर्वथा उलट था। गांधीजी ने स्वयं अपने आत्मकथा में लिखा है कि जब चम्पारण में किसानों की आर्थिक समस्या का संघर्ष किया गया, तो वे राजनीतिक रूप से अयास ही जागरूक हो गए। डी.जी. तेंदुलकर ने लिखा है कि चम्पारण, जहाँ संतों ने प्राचीन काल में ज्ञान पाया था, में गांधीजी ने अपने जीवन के मिशन का साक्षात्कार किया और एक ऐसे अस्त्र का आविष्कार किया जिससे भारत स्वतंत्र कराया जा सका।[5]

देश की ग्रामीण और गरीब जनता को राजनीतिक स्वतंत्रता से जोड़ने के लिए गांधीजी ने चरखा और खादी के आर्थिक स्वराज्य का मंत्र दिया। 6 फरवरी, 1921 ई० पटना में बिहार के लोगों के

समक्ष अपने भाषण में गांधीजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अकेले चरखे के दम पर ही स्वराज पाया जा सकता है।[6]

इस प्रकार गांधीवादी युग के भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर चम्पारण सत्याग्रह का दूरगामी परिणाम सहज ही देखा जा सकता है। इस युग में प्रथम अखिल भारतीय आन्दोलन 'असहयोग आन्दोलन' या और इसमें भी चम्पारण की भागीदारी प्रमुख रही।

चम्पारण में असहयोग आन्दोलन स्थगित किए जाने के बाद भी राष्ट्रीय जागृति में रत्ती भी भी कमी नहीं आई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने नेतृत्व में यहाँ राजनीतिक गतिविधियाँ आबाध जारी रहीं। सरकारी दमन भी जारी रहा। इसी बीच महात्मा गांधी को 10 मार्च 1922 ई० में सरकार ने गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें 6 वर्षों की कैद की सजा दी गई। विरोध में देश भर में धरना प्रदर्शन हुए तो चम्पारण भी इससे अछूता नहीं रहा। पूरे जिले में जनसभाएं तथा हड़तालें हुई। 27 मार्च, 1922 ई० को मोतिहारी में हुई जनसभा को बिहार विधान सभा के कई सदस्यों ने सम्बोधित किया।[7]

21 दिसम्बर, 1922 ई० को देशबंधू चितरंजन दास की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस का वार्षिक सत्र प्रारम्भ हुआ। इसमें सुगौली से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया–सर्वश्री सुखलाल मिश्रा, जगन्नाथ झा, राजाजी झा (सुगांव), सुखम मिश्रा एवं राजवंशी लाल (फुलवरिया)।[8]

मोतिहारी में 28 जनवरी, 1923 को जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक श्री हरिवंश सहाय की अध्यक्षता में हुई। इसमें स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण और तिलक स्वराज फंड के लिए चंदा की राशि बढ़ाने पर विचार हुआ। बेतिया में कांग्रेस के एक हजार स्वयंसेवक बनाए गए एवं खादी का प्रचार किया गया।[9] 18 मार्च को बेतिया में पूर्ण हड़ताल रही।[10]

नागपुर झंडा (1923) सत्याग्रह में भी चम्पारण का अमुल्य योगदान रहा। यहाँ से कई स्वयं सेवक नागपुर गए। श्रीपुर (सुगौली) के आशमान महतो ने वह राष्ट्रीय गीत गाया। उन्हें दो सप्ताह की जेल हुइ।[11] बेतिया राज के अर्दली जोधा सिंह ने राज मैनेजर रदरफोर्ड के कहने पर 18 जनवरी, 1924 ई० को विधान सभा के कांग्रेस सदस्य श्री जयनारायण लाल को चांटा मारा और रदरफोर्ड के ही उकसाने पर दूसरे कांग्रेस विधायक श्री प्रजापति मिश्र को डंडे से प्रहार करके घायल कर दिया। उनका कसूर बस इतना था कि उन्होंने बेतिया राज के मीना बाजार के दूकानदारों से कांग्रेस द्वारा आयोजित एक प्रार्थना सभा में भाग लेने का आग्रह किया था।[12] मीना बाजार के दूकानदार स्वत: अपनी दूकानें एक नए स्थान पर ले गए। इस स्थान को नया बाजार कलांतर में गांधी बाजार कहा जाने लगा।

कांग्रेस नेताओं पर आक्रमण का समाचार देशभर में फैल गया। प्रांतिय कांग्रेस कमिटि ने प्रस्ताव किया कि स्थिति को नियंत्रित नहीं किया गया तो जनता से आग्रह किया जाएगा कि वे बेतिया राज को किराया देना बंद कर दें।[13]

चम्पारण में 1924 तक खादी का काम बहुत बढ़ गया था। अस्पृश्यता निवारण के लिए कार्य होने लगे। चरगांहां (बेतिया) गांव के श्री झींगुर लाल ने मऊ (उत्तर प्रदेश) से बुनाई का विशेष प्रशिक्षण लिया और उन्होंने चम्पारण के गांव-गांव घूम कर बुनकरों को बुनाई का प्रशिक्षण दिया। खादी की बिहार में धूम मच गई। 1926 ई० में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के निर्देशन में बिहार भर में प्रदर्शनियाँ लगाई गई। बेतिया में इस क्रम में जुलाई, 1926 में प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन

बेतिया राज के नए मैनेजर एच.सी. प्रायर ने किया।[14] इसी महीने मोतिहारी में भी एक खादी प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन जिले के प्रसिद्ध ईसाई पुरोहित खेरेंड फादर जे. एच. हैज ने किया। बेतिया में रूपये 1,304-12-3 मुल्य की तो मोतिहारी में रूपये 1.162-8-9 मुल्य की खादी की बिक्री हुई।[15]

गांधीजी जनवरी, 1927 ई० में दुबारा चम्पारण आए। वे डॉ० राजेन्द्र प्रसाद, कस्तूरबा बाई तथा प्रभावती देवी (श्री जयप्रकाश नारायण की पत्नी) के साथ 7 जनवरी 1927 ई० को मोतिहारी पहूंचे।[16] गांधीजी को रक्सौल में रूपये 177-13-1.5, ढाका में रूपये 723-0-0, सुगौली में रूपये 207-0-0, मोतिहारी में रूपये 270-0-0, शिकारपुर में रूपये 1089-12-0, बेतिया मे रूपये 2,229-11-9, बगहां में रूपये 737-8-0 तथा चनपटिया में रूपये 422-5-6 की राशि की थैलियां सौंपी गई।[17]

गांधीजी ने चम्पारण के इस दौरे पर हिन्दु-मुस्लिम एकता पर बल दिया। इस सम्बंध में नरकटियागंज, बेतिया, रक्सौल, घोड़ासहन, ढाका एवं मोतिहारी में 24 जनवरी 1927 ई० को जनसभाओं को सम्बोधित किया।[18] महिलाओं को उन्होंने पर्दा प्रथा त्यागने को कहा।[19]

नवम्बर, 1927 को ब्रिटिश सरकार ने साइमन आयोग की नियुक्ति की जिसके सारे सदस्य अंग्रेज थे। भारत के लिए भावी संविधान की रचना के लिए बने इस आयोग में एक भी भारतीय न हो, यह भारत के राजनेताओं और भारत की जनता को स्वकार नहीं था। देश भर में इस आयोग का विरोध हुआ। 12 दिसम्बर, 1928 पहुंचने पर बिहार भर में जुटे हजारों लोगों ने रेलवे प्लेटफार्म पर साइमन आयोग के विरूद्ध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में चम्पारण से स्वयंसेवक गए थे।[20]

बिहार स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस का 21वां सत्र मोतिहारी के हिकॉक एकेडमी में 4 अक्टूबर, 1928 ई० में प्रारम्भ हुआ। निर्वाचित अध्यक्ष प्रो० बासवानी की अनुपस्थिति में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने उनका संदेश पढ़ा जो युवकों को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर देने वाला था।[21]

साइमन आयोग का विरोध करते हुए जब लाला लाजपत राय पुलिसिया बर्बरता से शहीद हो गए, 29 नवम्बर 1928 ई० को बेतिया में लाला लाजपत राय दिवस मनाया गया। 02:30 बजे से 4 बजे दिन तक जुलूस निकाला गया जो बाद में एक जनसभा में परिणत हो गया। विधान सभा सदस्य श्री हरिवंश सहाय तथा जोगपट्टी के श्री विशुनाथ सिंह मुख्य वक्ता थे।[22]

पुलिस का दमन बढ़ने के बाद भी बेतिया तथा चम्पारण के लोगों का राष्ट्रवादी उत्साह कम नहीं हुआ। उन्होंने बहिष्कार, स्वदेशी, खादी तथा समाज-सुधार के कार्य जारी रखे। जिले भर में ग्राम समितियां गठित की गई। हिन्दुस्तानी सेवा दल का विस्तार हुआ तथा थाना समितियां भी बनाई गई।

रामनगर थाना क्षेत्र में बेतिया राज के करिंदों ने पं० प्रजापति मिश्र और उनके सहयोगियों पर 4 अप्रैल, 1929 ई० को लाठियां बरसाई।[23] इसका व्यापक विरोध हुआ। चम्पारण में अहिंसकर राष्ट्रीय आन्दोलन के समानंतर एक उग्रवादी आन्दोलन भी चला था। मौलानिया नामक स्थान में एक राजनीतिक डकैती हुई। इस मौलानिया षड्यंत्र केस में पुलिस ने बेतिया के क्रांतिकारियों, फणींद्रनाथ घोष तथा मनमोहन बनर्जी को अभियुक्त बनाया।[24]

सरदार बल्लभभाई पटेल, बिहार प्रादेशिक कांग्रेस सम्मेलन में भाग लेने मुंगेर आए थे। वहाँ से वे 10 दिसम्बर, 1929 ई० को मोतिहारी आए और उन्होंने एक महती जन सभा को सम्बोधित किया और जनता से आग्रह किया कि वे चौकदारी टैक्स न दें।[25]

फुलवरिया में 11 दिसम्बर, 1929 ई० को श्री भगवती प्रसाद वर्मा (वैरिस्टर विपिन बिहारी के भाई) की अध्यक्षता में जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन हुई। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता खड़ी बोली के प्रथम कवि श्री चन्द्रशेखर मिश्र (बगहा) ने की। युवा संघ की बैठक की अध्यक्षता श्री रामवृक्ष बेनीपुरी ने की।[26]

अश्पृश्यता निवारण के संदर्भ में कई महत्त्वपूर्ण घटनाएँ हुई। एक चमार जाति के व्यक्ति ने एक कलवार जाति के व्यक्ति के घर में ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत, कायस्थ तथा अन्य जातियों के लोगों के साथ मोतिहारी में कच्ची रसोई (भात) खाई। चम्पारण तथा मुजफ्फरपुर में कुछ और व्यक्तियों ने अन्तर्जातीय भोज का आयोजन किया।[27] परिषद् सदस्य श्री हरिवंश सहाय तथा योगापट्टी के श्री विशुनाथ सिंह मुख्य वक्ता थे।[28]

चम्पारण के अनुभवों से गांधीजी ने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को जन आन्दोलन बनाने के लिए जनता मे आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक आधार पर राष्ट्रीय जागरण को प्रोत्साहित करने के महत्त्व को समझा। राष्ट्रीय आन्दोलन का फलक अत्यन्त विस्तृत हो गया। चरखा, खादी इत्यादि के सफल प्रयोग से ग्रामीण भारत की जनता सालों भर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रभाव से उद्धेलित होती रही। चरखा और खादी से देश में नारी-जागृति तथा धार्मिक सहिष्णुता के भाव भी समृद्ध हुए। अधिकांश सूत-कताई का कार्य महिलाएँ ही करती थी। ये 'कतिने' मुख्यत: हिन्दु धर्मावलम्बी थी तथा अधि कांश बुनकर (जुलाहे) मुस्लिम थे। फलस्वरूप सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय जागरण की एक नई और अधिक तीव्र लहर उठी।

संदर्भ

1. एम. के गांधी: माई एक्सपेरियेंस विद् टूथ, अहमदाबाद, 1963, पृष्ठ संख्या 245।
2. एम.के गांधी: माई एक्सपेरियेंसेज विद् टूथ, अहमदाबाद, 1963, पृष्ठ संख्या 266।
3. डी.जी. तेंदुलकर: गांधी इन चम्पारण, नई दिल्ली, 1994, पृ०सं० 103।
4. डी.जी. तेंदुलकर: गांधी इन चम्पारण, नई दिल्ली, 1994, पृ०सं० 111।
5. डी.जी. तेंदुलकर: गांधी इन चम्पारण, नई दिल्ली, 1994, पृ०सं० 115।
6. एम. के. गांधी: यंग इंडिया, 22 दिसम्बर, 192।
7. द सर्चलाइट: 30 मार्च 1921।
8. रमेश चन्द्र झा: स्वाधीनता समर में सुगौली, पृ. सं. 18।
9. द सर्च लाइट: पटना 23 मार्च 1923।
10. रमेश चन्द्र झा: पूर्वाक्त, पृ. 40।
11. रमेश चन्द्र झा: पूर्वाक्त, पृ. 20-22।
12. द सर्च लाइट: पटना 20 मार्च 1924।
13. राजेन्द्र प्रसाद: आत्मकथा, पृ. सं. 218।
14. यंग इंडिया: 15 जुलाई, 1926।
15. यंग इंडिया: 15 जुलाई, 1926।
16. यंग इंडिया: 15 जुलाई, 1927-28, पृ. सं. 53।
17. डी.जी. तेंदुलकर: महात्मा, खंड-4, पृ.सं. 128।

18. जनकधारी प्रसाद: आत्मकथा, पृ. सं. 142।
19. डी.जी. तेंदुलकर: उपरोक्त, खंड-4, पृ.सं. 131।
20. डॉ. के.के. दत्ता: गांधी इन बिहार, पृ. सं. 139।
21. रमेश चन्द्र झा: पूर्वोक्त, पृ. सं. 22।
22. द इंडियन क्वार्टरली रजिस्टर, 1928, खंड-2, पृ. सं. 463।
23. डॉ. के.के. दत्ता: फ्रीडम मूवमेंट इन बिहार, खंड-2, पृ. 45।
24. फाईल नं. 59/1229, पॉलिटिकल स्पेशल, गवर्नमेंट ऑफ बिहार, पटना।
25. डॉ. के.के.: हिस्ट्री ऑफ फ्रीडम मूवमेंट इन बिहार, खंड-2, पृ. सं. 32।
26. नागेन्द्र कुमार: दी इंडियन नेशनल मूवमेंट, पृ. सं. 70।
27. रमेश चन्द्र झा: पूर्वोक्त, पृ. सं. 22।
28. बिहार प्रॉविंशियल कान्ग्रेस कमिटिज ऐन्युअल रिपोंट, 1928-29।

मुंडा जनजाति और समावेशी विकासः मुंडा महिलाओं के विशेष संदर्भ में

श्रीमन नारायण पाठक

शोधार्थी, इतिहास विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना

सशक्तिकरण एक राजनैतिक-सामाजिक अवधारणा है जो महिलाओं को निर्णय की स्वायत्ता निर्णय में सहभागिता एवं समाज में न्यायोचित स्थान प्रदान करने से संबद्ध हैं लेकिन इसका सर्वाधिक प्रमुख आधार आर्थिक है। समानता व स्वतंत्रता के आदर्श को कारगर ढँग से आर्थिक प्रगति के बिना लागू नहीं किया जा सकता है। उसी प्रकार सशक्तिकरण भी आर्थिक प्रगति के बिना एक अमूर्त अवधारणा ही बन कर ही रह जायेगी।

उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद देश का आर्थिक विकास उतरोत्तर बढ़ा है। विशेषकर द्वितीयक श्रेणी की प्रगति उल्लेखनीय रही है। देश के अर्थव्यवस्था में आये इस संरचनात्मक परिवर्तन का लाभ आदिवासी महिलाओं को मिला है। वे सक्रिय रूप से निर्माण क्षेत्र में, विनिर्माण क्षेत्र, आवाजाही के साधन में एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों में सहभागिता कर रही है।[1]

सरकार भी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत उनकी आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित कर रही है। विभिन्न योजनाओं में उनके प्रगति को प्राथमिकता दी गई है। 8वीं पंचवर्षीय योजना में विकास प्रक्रिया में समान साझेदार एवं प्रतिभागी के रूप में महिलाओं पर विशेष बल दिया गया है। इसी क्रम में 9वीं पंचवर्षीय योजना में योजना, प्रक्रिया और स्व-सहायता दलों के निर्माण में लोगों की सहभागिता पर बल दिया गया है। सरकार अब महिलोन्मुखी बजट निर्माण पर जोर दे रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बजट परिव्यय में लगातार वृद्धि हो रही है।

सरकार ने न्यूनतम मजदूरी अधिनियम (1948), समान कार्य के लिए समान वेतन (1976) एवं मातृत्व लाभ अधिनियम (1961) आदि कानूनों के द्वारा कामकाजी महिलाओं के हितों को सुरक्षित करने का भी प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त सरकार ने बीड़ी मजदूरों एवं खान मजदूरों के कल्याण के लिए कल्याण कोषों का गठन किया है। इन कोषों का उपयोग श्रमिकों को उनके बच्चों की शिक्षा, मनोरंजन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, मकान निर्माण आदि के लिए वित्तीय सहायता देने में किया जाता है। इसका लाभ आदिवासी महिलाओं को भी मिला है, क्योंकि अधिकांश महिलायें इन क्षेत्रों में ही भागीदारी करती है।

1947-2000 की अवधि के मध्य आदिवासी महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण व परिवर्तन भी बड़ी तीव्र गति से हुआ। इसके अन्तर्गत शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एवं बच्चों के पालन-पोषण के संदर्भ में गुणात्मक परिवर्तन आये जिससे आदिवासी महिलायें सामाजिक रूप से और

सशकत होकर उभरी। विभिन्न विधानों एवं योजनाओं के तहत सरकार ने सामाजिक रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण को उत्प्रेरित किया। सरकार ने संवैधानिक प्रावधानों 15 (4) एवं (46) अनुच्छेद से प्रेरित होकर कई योजनाओं को लागू किया। सरकार ने एलीमेंटरी गर्ल्स एजुकेशन सिस्टम के तहत कई विद्यालय खोले[2] लड़कियों के लिए मुफ्त पुस्तक वितरण योजना लागू की, आश्रम विद्यालय खोले, महिला समाख्या योजना लागू की एवं नेशनल प्रोग्राम फॉर एजुकेशन ऑफ गर्ल्स एट एलीमेन्ट्री लेवर (NPEGL) भी क्रियान्वित किया।

इन उपायों का असर मुंडा आदिवासी लड़कियों पर विशेषकर प्रभावशाली रूप से पड़ा और उनमें साक्षरता का प्रसार हुआ। यह 1991 की के 14.2 प्रतिशत के स्तर से बढ़कर 2001 में 27.2 प्रतिशत हो गया।[3]

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उन्होंने नये मानको एवं पद्धतियों को स्वीकार किया है। नेशनल हेल्थ सर्वे (1998-99) इस रूप की पुष्टि करता है।[4] उन्होंने अब आधुनिक मानकों को स्वीकार किया है। सर्वे यह दिखाता हैं कि अब वे परिवार नियोजन के आधुनिक मानको को भी अपना रही है। बच्चों के देखभाल के लिये गर्भावस्था में अपनी सुरक्षा के लिए, प्रसव के समय आधुनिक सुरक्षात्मक पद्धतियों को स्वीकार करने में एवं प्रसवोपरांत की पद्धतियों को स्वीकार करने में वे अब पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक हुई हैं। इससे उनमें मातृत्व मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर आदि में उल्लेखनीय कमी आई है। कुपोषण जैसी गंभीर समस्याओं से उन्हें मुक्ति मिली है और उनका जीवन प्रत्याशा बढ़ा है। इससे उनका मानव विकास सूचकांक पहले की अपेक्षा बढ़ा है।

सरकार ने आईसीडीएस, स्वयंसिद्ध, स्वावलंबन, स्वधार, निपसिड, सेप और स्वशक्ति[5] जैसे सरकारी व गैर सरकारी अभियानों के तहत इस दिशा में गंभीर प्रयास किया है।

यह प्रशंसनीय है कि इस प्रक्रिया को स्वतंत्र भारत के सरकारी प्रयासों एवं संवैधानिक आदर्शों ने और तीव्रता प्रदान की। आजाद भारत में सरकार ने इन उपेक्षित समुदायों की प्रगति को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल का विशेष कर्तव्य घोषित किया। संविधान में इन समुदायों की प्रगति एवं कल्याण को सुनिश्चित करने वाली कई प्रावधनों को स्थान दिया गया। धारा 15(4) के तहत इनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक हितों को सुरक्षित किया गया, धारा 16 (4) के तहत सरकारी नौकरी में इन्हें आरक्षण का लाभ दिया गया, धारा 19(5) के तहत संपत्ति में इनके अधिकारों को संरक्षित किया गया, धारा 23 के तहत इनके अवैध व्यापार को समाप्त किया गया और बलात् श्रम को प्रतिबंधित किया गया। धारा 29 के तहत इनके सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकारों को सुरक्षित किया गया। धारा 46 के तहत इनके शैक्षणिक एवं आर्थिक हितों के विकास के लिये निर्देश दिया गया। धारा 275 के तहत इनके हितों के लिए राज्यों को धन मुहैया कराने का विशेष उपबंध किया गया।[6]

आजाद भारत में इन संवैधानिक उपबंधों एवं निर्देशों के आलोक में सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं की शृंखला प्रारंभ की। विशेष बहुउद्देशीय आदिवासी विकास खंड (1955) आदिवासी विकास खंड (1961-62) आदिवासी उपयोजना (5 वीं योजना)[7] इस संदर्भ में विशेष उल्लेखनीय हैं। कई महत्वपूर्ण योजनायें इस काल में प्रारंभ की गई जैसे आवासीय विद्यालय, भोजन की व्यवस्था, मैट्रिक पूर्व एवं पाश्चात्य छात्रावृत्ति, युवाओं (15-25 वर्ष)[8] के लिए विशेष योजना। इन योजनाओं के मुंडा आदिवासी महिलाओं पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों से इनकार नहीं किया जा सकता हैं।

मुंडा महिलाओं के सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका भी प्रभावशाली रही है। मुख्य गैर-सरकारी संगठन, जिन्होंने अपने कार्यक्रमों में आदिवासी कल्याण को मुख्य स्थान दिया है, सर्व सेवा संघ, गाँधी स्मारक निधि, कस्तूरबा स्मारक निधि, आदिमजाति सेवा मंडल, अशोक आश्रम, रामकृश्ण आश्रम।[9] मुख्य रूप से इन संगठनों की भूमिका शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रहीहै, लेकिन अब धीरे-धीरे ये अपनी भूमिका में विस्तार कर रहे हैं और अपने कार्यक्रमों में कृषि, व्यापार, संस्कृति आदि के विस्तार को भी स्थान दे रहे हैं। इस क्षेत्र में कई संगठन विशेषकर महिलाओं एवं महिला सशक्तिकरण के लिये भी कार्यशील हैं। इन संगठनों में स्वाधीन (1984-85), भूमि-कन्या (1998), कैथोलिक महिला संघ आदि का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।[10]

आज झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा आदि आदिवासी बहुल क्षेत्रों की आदिवासी महिलाओं में आर्थिक जागरूकता भी बढ़ी है। इन महिलाओं में आधुनिक आर्थिक कौशल एवं प्रबंधन के गुण आसानी से देखे जो सकते हैं। इसका सर्वाधिक दिलचस्प उदाहरण- झारखंड के गिरिडीह जिला के बैगाबाद प्रखंड में संथाली आदिवासी महिलाओं द्वारा संचालित बैंक है। यह बैंक कामझोर गाँव में है और इसे इंस्टीच्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट (इरमा), आनंद (गुजरात) की सहातया से खोला गया है। इस बैंक का नाम IICCO (IRMA Imitative Credit Co-operation) है।[11] उल्लेखनीय है आज यह बैंक सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। 2005 में इसके उद्घाटन के बाद यह बैंक आज 350 से ज्यादा ग्राहकों के खातों को संचालित कर रहा है और छोटे-छोटे ऋणों को भी उपलब्ध कराने का प्रयास करता है।

इस आर्थिक परिवर्तन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि स्वयं आदिवासाी महिलायें इसका नेतृत्व कर रही हैं। आधुनिक आर्थिक कौशल एवं प्रबंधन को लेकर उनमें चेतना बढ़ी है। पुष्पा टर्की और प्रभावती हंसदा[12] जैसी महिलायें इस प्रकार के आर्थिक आंदोलन को नेतृत्व प्रदान करते हुए आदिवासी महिलाओं के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने का सचेष्ट एवं सफल प्रयास कर रही है।[13]

यह सही है कि पिछले दो दशकों में भारत की समूची आबादी और वंचित वर्ग समूहों की औसत आमदनी में इजाफा हुआ है। इसे मापने वाली गरीबी रेखा में भी गिरावट आई है। हालांकि, समग्रता के लिए इससे कहीं ज्यादा असरदार नतीजे चाहिए। समग्रता की अवधारणा के लिए जो ज्यादा प्रशस्त अवधारणा अर्थात् समावेशी विकास का इस्तेमाल किया गया है उसके तहत भारत का रिकॉर्ड निराशा करने वाला रहा है।

भारत के वंचित वर्ग समूहों में मुंडा जनजाति की महिलाएँ प्रमुख हैं। भारत की स्वतंत्रता के उपरान्त ही इनकी आर्थिक स्थिति के उन्नयन हेतु केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा प्रयास किया जाता रहा है। इसी क्रम में वंचितों तक विकास की धारा को पहुँचाने हेतु समावेशी विकास की अवधारणा को अपनाया गया।

समावेशी विकास भारत के लिए कोई नई अवधारणा नहीं है। सदियों पूर्व यहाँ सर्वे भवंतु सुखिन: की सामाजिक परिकल्पना व्यक्त की गई थी लेकिन एक नई विश्व व्यवस्था की संरचना के संदर्भ में विकास के एक आयाम के रूप में समावेशी विकास को देखने-समझने की आवश्यकता है। 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) की सर्वाधिक महत्वपूर्ण अपेक्षा समावेशी विकास ही है।[14]

समावेशी विकास में आर्थिक विकास, उच्च घरेलू विकास दर तथा ज्यादा राष्ट्रीय आय की प्राप्ति होती है जिसका लाभ समाज के कमजोर वर्गों सहित सभी वर्गों तक समान रूप से पहुँचता है। भौगोलिक व आर्थिक असमानताएँ घटती है तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ पर्यावरण, पौष्टिक भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं तक सभी की पहुँच समान रूप से होती है।[15]

समावेशी विकास का ही एक प्रमुख घटक वित्तीय समावेशन है जिसका प्रमुख उद्देश्य समाज के असुरक्षित और कमजोर वर्गों को निवेश के अवसर और आर्थिक वृद्धि का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आसान शर्तों पर धन मुहैया कराना है। इसका लक्ष्य जमा और भुगतान खाता, साख बीमा और पेंशन जैसे व्यापक वित्तीय सेवाओं को वृहत् स्तर पर सुलभ कराना है। इसके साथ-साथ व्यापार के लिए अवसर, शिक्षा, सेवानिवृत्ति के लिए बचत और आपात ऋण सहित जोखिमों के लिए बीमा आदि भी शामिल है।

वर्तमान सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों से भविष्य की मंशा स्पष्ट होती है। इसमें वंचित वर्ग खासकर जनजातिय क्षेत्रों के निवासियों के सशक्तिकरण की नीयत झलकती है। सरकार ने जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए वन-बंधु कल्याण योजना की शुरूआत की है। वर्ष 2014-15 में 100 करोड़ राशि का प्रावधान किया है।[16] झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़िसा सहित पूर्वोत्तर भारत के जनजातीय क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं को संबद्ध करने की कोशिश भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने जनजाति विकास के लिए नव गठित नीति आयोग को भी निर्देशित किया है। जनजातिय मुंडा महिला समाज में परिवर्तन और विकास के लिए सरकार प्रौद्योगिकी की पहुँच भी सुलभ कराने की कवायद कर रही है।

प्रधानमंत्री जन-धन योजना, विद्यालयों में बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभिदान, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल स्वच्छता अभियान और मिशन इन्द्रधनुष जैसे पहल मुंडा महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तीकरण की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। अब प्रत्येक मुंडा महिलाओं को स्वयं का बैंक खाता रखना संभव हो गया है। अब उनकी कमाई के पैसे पर उनका पूर्ण नियंत्रण होगा। सरकार द्वारा उनके खाते में स्वयंमेव सब्सीडी व छात्रवृत्ति की अन्य राशियाँ मिलेंगी। उनका यथोचित विकास होगा तथा वे समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगी।

यह उल्लेखनीय है कि कोई भी समाज सदा के लिए रूढ़ नहीं रह सकता है क्योंकि परिवर्तन एक शाश्वत नियम है।[17] इसलिये आदिवासी समुदाय की महिलाओं की स्थिति में भी परिवर्तन हुआ है। बिहार, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश की आदिवासी महिलाओं में इस परिवर्तन को स्वत: देखा जा सकता है। इन्होंने जीवन के प्रति नये नजरिये को स्वीकार करने की कोशिश की हैं। इनके जीवन स्तर, व्यवहार, प्रवृति एवं अन्य मनोवैज्ञानिक चेतना जैसे इच्छा, अनुभव, विचार आदि में यह परिवतन सहज अवलोक्य है।[18]

जनजातिय क्षेत्रों में औद्योगिकरण की प्रक्रिया ने स्वाभाविक रूप से शहरीकरण को जन्म दिया। शहरीकरण एवं औद्योगिकरण ने इस क्षेत्र से बाहर के प्रशिक्षित श्रम-संधाधन को आकर्षिक किया।[19] इतना ही नहीं अप्रशिक्षित श्रमिकों के रूप में आदिवासी महिलाओं एवं पुरुषों के लिए भी रोजगार के नये अवसर को औद्योगिकरण ने जन्म दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि बाहरी समुदायों एवं

स्थानीय आदिवासी समुदायों के बीच परस्पर सम्पर्क दृढ़ हुआ। आदिवासियों ने बाहरी संस्कृति के मुख्य प्रगतिशील तत्वों को स्वेच्छा से एवं स्वाभाविक रूप से अंगीकार किया है।[20]

6. गोपनीयता के मामले में स्वीडन ने गोपनीयता एवं पब्लिक रिकार्ड एक्ट 2002, कनाडा ने सुरक्षा एवं अन्य देशों से सम्बन्धित सूचनाएँ मैनेजमंट ऑफ गवर्नमेण्ट इन्फॉरमेशन होल्डिंग 2003, फ्रांस ने डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 1978 तथा भारत ने राष्ट्रीय, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा तथा अधिनियम की धारा 8 में उल्लिखित प्रावधानों से सम्बन्धित सूचनाएँ देने पर रोक है।

निष्कर्ष

सूचना का अधिकार कानून आज विश्व के 80 से देशों के लोकतंत्र की शोभा बढ़ा रही है। जिन देशों ने सूचना के अधिकार को महत्ता दी है बेशक उनमें से स्वीडन को भूलाया नहीं जा सकता। अगर साफ शब्दों में कहा जाए तो स्वीडन सूचना अधिकार कानून की जननी है, उससे भी महान स्वीडन का संविधान है, जिसने पूरी दुनिया में पुराना संविधान होने का दावा किया, जिसमें सूचना का अधिाकार को अपने दामन समेटे हुए लोकतंत्र को परिभाषित किया गया है। अन्य देशों ने जहाँ सूचना देने के लिए समयसीमा निर्धारित कर रखी है, वहीं स्वीडन ने सूचना तत्काल और निशुल्क दिए जाने की पैरवी की है।

मैक्सिको ने जहां खुद ही अपने नगारिको को सूचना लेने और सरकार को सूचना स्वत: प्रकाशित करने का निर्देश दिया है, जिसने लोगो का आजादी का एक नया पंख लगा दिया है। स्वत: सूचना जारी करने का निर्देश तो भारत की सरकार ने भी दिया है, लेकिन किसी भी राज्य और केन्द्र के विभाग ने इसकी कोई पहल नहीं की। भारत में लोक सेवको, राजनेताओं और नौकरशाहो ने इस कानून को बकवास कहकर बंद करने की मांग उठाते रहते है। खुद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह ने इस कानून के दायरे को कम करने और गोपनीयता बढ़ाने की वकालत की है। भारत में इसकी स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि खुद सरकार ही इस कानून को लेकर गम्भीर नहीं नजर आती।

वर्तमान प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'आरटीआई किसी को खाने के लिए नहीं देता' ऐसे बयानों से सरकार की मंशा जग जाहिर हो चुकी है। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति भी निष्पक्षता से नहीं किया जाता। पूर्व नौकरशाहों और अपने चहेतो को इस कानून का मुहाफ़िज के रूप में सूचना आयुक्त बनना भ्रष्टाचार और दोहरी नीति का उदाहरण है। भ्रष्टाचार की मुखालिफत और पारदर्शिता के हामी भरने वाले सियासी लोग और सियासी दल आरटीआई के दायरे में आने का विरोध कर चुके है और सत्ताधारी व विपक्षी दल सभी मिलकर एकजुट कर इस कानून के दायरे में न आने के लिए एक मंच पर नजर आते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. जैसवाल श्रीचन्द, मीडिया(केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की त्रिमासिक मासिक पत्रिका), प्रकाशक: केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, दिल्ली, प्रवेशांक/अप्रैल-जून 2006
2. भसीन अनीश, जानिए मानवाधिकारों को, प्रकाशक: प्रभात प्रकाशन, 2011
3. फाडिघ्या डा0 बी0एल0, लोक प्रशासन, साहित्य भवन पब्लिकेशन, 2013
4. सिंह जेपी, समाजशास्त्र: अवधारणा एवं सिद्धान्त, पीएचआई लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड, 2013

भारत में पंचायती राज व्यवस्था

डॉ० मनीषा शर्मा

असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, डी.ए.वी. (पीजी) कॉलेज, करनाल

भारत में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए की गई थी। पंचायती राज व्यवस्था को लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला माना जाता है। इस व्यवस्था ने स्थानीय स्तर के नेतत्व को मजबूती प्रदान की है। जिन उद्वेष्यों को लेकर इस व्यवस्था की भारत में शुरूआत की गई थी। उन उद्धेश्यो को नूरा करने में यह व्यवस्था सफल रही है। भारत में इस व्यवस्था को लागू करने का श्रेय लार्ड रिपन को जाता है। जिन्होनें स्थानीय स्तर पर इस व्यवस्था को लागू करने का सराहनीय काम किया। पंचायत शब्द की उत्पति संस्कृत भाशा के 'पंचायतन' शब्द से हुई है। जिसका अर्थ है- 'पॉच सदस्यों का समूह या संस्था' जिसका मुख्य कार्य गॉव का विकास करवाना, गॉव के झगडो का निपटारा करवाना, एंव गॉव के प्रषासन का सुव्यवस्थित ढंग से संचसलन करना होगा।

भारत में पंचायती राज का इतिहास प्राचीन काल से चला रहा है। रामायण काल एंव महाभारत काल में भी पचांयतो का भारत में उल्लेख मिलता है। इसके बाद वैदिक काल में प्रशासन का उतर दायित्व ग्राम पंचायत पर था। मौर्या काल एंव गुप्त काल में प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होती थी। मुगल काल में भी इस व्यवस्था का उल्लेख मिलजा है। ब्रिटिश काल में स्थानीय स्वशासन की शुरूआत 1687 के मद्रास में हुए नगर-निगम चुनावो से स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात पं. जवाहर लाल नेहरू ने स्थानीय स्वशासन को बढावा देने के लिए 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत हरियाणा के नीलोखेडी से की थी परन्तु निरक्षरता एंव अज्ञानता के कारण यह कार्यक्रम सफल नही हो सका। इसके पश्चात भारत में विकेन्द्रीय करण को बढावा देने एंव प्रत्येक व्यक्ति के विकास को सुनिश्चित करने एंव स्थानीय स्वशासन की मजबूती को देखत हुए 1956 में बलवन्त राय मेहता अध्ययन मण्डली ने 1957 में अपनी रिपोर्ट भारत सरकार के सम्मुख प्रस्तुत की। इस अध्ययन मण्डली को सिफारीशों के आधार पर ही 2 अक्तूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले से भारत में पं. जवाहर लाल नेहरू ने पंचायती राज की व्यवस्था की शुरूआत की थी। जिसमें गॉव के स्मर पर ग्राम पंचायत, खण्ड के स्मर पर ब्लाक सीमित तथा जिले के स्तर पर जिला परिषद की स्थापना की गई थी। 1960 के मध्य तक देश के अधिकॉश राज्यों में पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना हो चुकी थी, किन्तु स्तरो की संख्या, कार्यकाल, संगठन एंव कार्यो आदि में काफी अन्तर था। इसी अन्तर को दूर करने के लिए 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने पंचायती राज में सुधार

लाने के लिए अशोक मेहता समिति का गठन किया। इस समिति ने अगस्त, 1978 में सरकार को अपनी रिर्पोट सौंपी जिसमें 132 सुझाव शामिल थे। परन्तु कुछ समय पश्चात जनता पार्टी की सरकार का पतन हो जाने के कारण इस समिति की ये सिफारिशों लागु नही हो पाई।

1986 में राजीव गॉधी की सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए एल. एम. सिंघवी समिति का गठन किया। इस समिति ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने और उन्हे अधिक वितिय संसाधन उपलब्ध कराने की सिफारिश की। इस समिति की सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिए ही जुलाई, 1989 में लोकसभा में 64वां संवैधानिक विधेयक प्रस्तुत किया गया। अगस्त 1989 में लोक सभा ने तो इस विघेयक को पास कर दिया परन्तु राज्यसभा ने इसे नामंजुर कर दिया। जिसके कारण यह विघेयक रद्द हो गया।

नवम्बर, 1989 में वी. पी. सिंह सरकार सत्ता में आयी। जून, 1990 में पंचायती राज संस्थाओ को सुदृढ करने के उछेश्य से नई दिल्ली में मुख्य-मन्त्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन पंचायती राज से सम्बन्धित नया संसोधन विधेयक प्रस्तुत करने पर सहमती हुई। सितम्बर, 1990 में लोक सभा में एक संसोधन प्रस्तुत किया गया, किन्तु इस सरकार के पतन के साथ यह विधेयक भी समाप्त हो गया।

सन् 1991 में नरसिम्हा राव सरकार ने पंचासती राज प्रणाली की स्थिति को सुधारने पर गम्भीरता से विचार किया तथा इसमें सुधार करने एंव इसकी बुराईयों को दूर करने के उछेद्श्य से लोक सभा में 22 दिसम्बर 1992 को एक संसोधन विधेयक पारित किया, इसी संसोधन विधेयक को राज्यसभा ने भी अगले दिन अपनी स्वीकृती दे दी। इस विधेयक को राष्टपति की स्वीकृति मिलने के बाद 24 अप्रैल, 1993 को यह संसोधन विधेयक 73 वें संसोधन अधिनियम के रूप् में देश में लागू हो गया।

इस संवैधानिक संसोधन की विशेषताओं को एक वर्ष बाद देश के सभी राज्यों ने लागू कर दिया। इस संवैधानिक संसोधन की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार है।

1. इस संवैधानिक संसोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया।
2. इस संवैधानिक संसोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को त्रिस्तरी ढांचा प्रदान किया।
3. इस संवैधानिक संसोधन ने पंचायती राज के लिए प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था की।
4. पंचायती राज प्रणाली में मनोनीत सदस्यों का प्रावधान किया।
5. पंचायती राज प्रणाली में सीटों के आरक्षण की व्यवस्था की।
6. पंचायती राज संस्थाओं की अवधि पॉच वर्ष तय की गई।
7. पंचायती राज संस्थाओं के लिए वित्त आयोग की व्यवस्था की।
8. पंचायती राज प्रणाली के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की।
9. पंचायती राज प्रणाली को 11वी. अनुसूची में रखा गया इस अनुसूची में 29 विषयों की शामिल किया गया।

73 वे संवैधानिक संसोधन अधिनियम के द्वारा, जिस प्रकार से पंचायती राज संस्थाओं को सवैध ानिक दर्ज दिया गया और इनकी शक्तियों में वृद्धि की गई। उससे ऐसा लगता था कि में सेस्थाएँ

समुचित रूप से कार्य कर पाएँगी और ग्राम विकास के लक्ष्य को पूरा करते हुए स्थानीय स्तर पर लोकतन्त्र को साकार कर सकेंगी। परन्तु अभी भी पंचायती राज व्यवस्था कई तरह की कमियाँ है। आज भी महिलाएँ सरपंच बनने के बाद कार्य उनके पति के द्वारा किया जाता है। अनपढता, गरीबी, अज्ञानता एंव जातिवाद जैसी बुरार्दयों से पंचायती राज व्यवस्था ग्रासित है। जब तक भारत में पंचायती राज व्यवस्था के संचालन सही तरीके से नही किया जा सकता। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की निश्चित भागीदारी के लिए उन्हें राज्य की सरकारों द्वारा प्रशिक्षण देना होगा और उन्हें जागरूक करना होगा तभी जाकर हम गॉधी जी के आदर्श समाज के सपनों को साकार कर सकते है।

संदर्भ सूची:-

1) B. S. Khana (1994) Panchayati Raj in India, Deep and deep publication New, Delhi
2) Ministry of Panchyati Raj , " The states of the Panchayayts – 2007 – 08
3) V.N Alok and P.K Chaubey (2010) Panchayats in India,
4) Shovam Ray, R. Radha Krishna (2005), Handbook of Poverty in India , Oxford University.
5) Ministry of Panchyayati Raj (2006) The ststes of Panchayats- A mid term revirw and appraisal – 22/ 11/06

वैश्वीकरण की राजनीति और भारत

अंजनी कुमार घोष

सह प्राध्यापक, स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र विभाग, एस एस कॉलेज, जहानाबाद, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार)

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत संघ और उसके नेतृत्व में पूर्वी यूरोपीय देशों में साम्यवाद के अधीन सर्वाधिकारवादी सरकारों की स्थापना हुई। इसके बाद पूँजीवाद और साम्यवाद के बीच एक लम्बा शीत युद्ध चला। परिणामस्वरूप विश्व में अनेक ऐसी घटनाएँ घटी जिससे पूरा विश्व प्रभावित हुआ, परंतु बीसवीं सदी के अंतिम दशक में 'ग्लासनोत्म' और 'पेरेस्त्रेइका' की नीति के कारण सोवियत साम्यवादी व्यवस्था का विघटन हुआ और दो ध्रवीय से एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बना। राज्य नियंत्रित आयोजनागत विकास के स्थन पर माँग और पूर्ति से संचालित बाजारी अर्थव्यवस्था को अपनाया गया। आर्थिक नीतियों में एक दूसरे के कट्टर विरोधी पूर्वी जर्मनी और पश्चिमी जर्मनी का एकीकरण हो गया। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली से मीलों दूर साम्यवादी चीन ने छद्म तरीके से पूँजीवादी नीतियों को अपना लिया। सोवियत संघ के विघटन के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व की एकमात्र महाशक्ति के रूप ऊभर कर सामने आया। अमेरीका के नेतृत्व में 'विश्वबैंक', 'अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष' तथा 'गैट' के स्थान पर आस्तित्व में आए W.T.O (अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन) ने आर्थिक क्षेत्र में जिस नीति को अपनाने के लिए तृतीय विश्व के देशों पर दबाब डाला उसे L.P.G अर्थात् Liberalization (उदारीकरण), Privatization (नीजीकरण) तथा Globalization (वैश्वीकरण) की नीति कहा जाता है।

उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीतियाँ एक दूसरे के साथ इतना अवगुठित है कि उन्हें पूरी तरह से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। वैश्वीकरण दो धारी तलवार है। विकास की संभावनाएँ दिखाती है तो विनाश के भी इसमें पर्याप्त तत्व मौजूद हैं। आदित्य निगम ने इसे 'उपनिवेश्वाद का नया दौर' की संज्ञा दी है।[1] न्यूयार्क टाईम्स के विदेशी मामलों के विशेषज्ञ टॉम्स एल0 फिडमैन का कहना है कि भूमंडलीकरण का अर्थ है- अमरीकीकरण अर्थात बीग मैक्स से मिकी माउस तक का विश्व के पैमाने पर विस्तार करना।[2] वाशिंगटन आमराय में यद्यपि इस बात को नकारते हैं, किंतु फ्रांसीस फुकुयामा स्पष्ट कहते है-

> *''मैं समझता हूँ कि भूमंडलकरण अमरीकीकरण ही है और यही कारण है कि कुछ लोग इसे पसंद नहीं करते।''*[3]

शाब्दिक रूप से वैश्वीकरण का तात्पर्य विभिन्न देशों द्वारा अपनायी जानेवाली उन आर्थिक नीतियों से है, जिनमें उतपत्ति के साघनों श्रम पूँजी, टेक्नालॉजी, कच्चा माल तथा विचारों के आदान-प्रदान में किसी प्रकार की कानूनी बाधा न हो अर्थात् वैश्वीकरण के अंतर्गत एक देश स्वयं को शेष विश्व के साथ मुक्त भाव से जोड़ने का प्रयास करता हो।

भारत में वैश्वीकरण को अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के पथ पर ले जाने के लिए नये ईंधन 'L.P.G.' के प्रमुख घटक के रूप में वर्ष 1991-92 में उस समय अपनाया गया जब वर्ष 1990-91 में उत्पन्न आर्थिक संकट, जो मुख्य रूप से इराक-अमरीकी हमले से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आये उछाल से भारत के आयात बिल के कई गुना बढ़ जाने का परिणाम था। इससे उबरने के लिए अपनायी गयी नीतियों में नियंत्रणों को हटाया गया, विनियमों को ढ़ीला किया गया, विदेशी निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए उन्हें न केवल आमंत्रित किया गया बल्कि उन्हें वे समस्त सुविधाएँ प्रदान की गयी, जिनकी वे माँग करते चले आ रहे थे। घरेलू उद्यमियों को भी अनेक प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की गयी। सरकारी नियंत्रण अर्थात् लाइसेंस एवं इंस्पेक्टर राज को समाप्त किया गया। आर्थिक क्षेत्र के उन्मुक्त वातावरण में उद्यमियों तथा निवेशकों को खुले दिल से कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया। निजीकरण के नाम पर सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र के उन्मुक्त वातावरण में उद्यमियों तथा निवेशकों को खुले दिल से कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया। निजीकरण के नाम पर सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र में हस्तांतरित किये जाने की नीति अपनायी गयी। वैश्वीकरण को हर मर्ज की दवा बताते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को शेष विश्व से सक्रिय रूप में जोड़े जाने की नीति अपनायी गई। विदेशी वस्तुओं तथा विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी के बिना रोके-टोके के आने के सारे मार्ग खोल दिए गए। वैश्वीकरण के समर्थकों ने बढ़-चढ़ कर यह दावा किया कि इससे न केवल विकासशील देशों के आर्थिक विकास में तेजी आएगी, बल्कि बेरोजगारी को नियंत्रित करते हुए विश्व निर्धनता को दूर करने में मदद मिलेगी।

निजीकरण के प्रारंभिक दौर में सरकार ने घोषणा की कि घाटे में चल रहे सार्वजनिक उपक्रमों को ही बेचा जाएगा। तत्कालीन केन्द्रीय वित्तमंत्री डा0 मनमोहन सिंह ने वर्ष 1993-94 का बजट पेश करते हुए कहा ''इसमें किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए कि तमाम प्रयासों के बावजूद कुछ सार्वजनिक उपक्रम लगातार घाटे में चल रहे हैं, ऐसे सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र में हस्तांतरित करना सरकार की प्राथमिकता होगी।''[4] वर्ष 1997-98 के बजट भाषण मे तत्कालीन वित्त मंत्री पी0 चिदम्बरम ने कहा था- ''संयुक्त मोर्चा सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की ऐसी कम्पनियों की पहचान करेगी जिन्हें तुलनात्मक रूप से लाभ प्राप्त है, ऐसी कम्पनियों को सहायता देकर वैश्विक महारथी बनाया जाएगा।''[5] लेकिन पिछले अनुभवों को देखा जाय, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकार ने उन उपक्रमों को भी बेचा है जो लाभ अर्जित कर रही थी। जैसे- 'बालकों', 'विदेश संचार निगम लिमिटेड', 'सी0एम0सी0', आई0बी0पी0 आदि।

विश्व में वैश्वीकरण और उनके समर्थकों की वार्षिक बैठक की स्थली डावोस, स्वीट्जरलैंड का एक शहर ही नहीं बल्कि वैश्वीकरण का प्रतीक बन गया है। वह यह मानता है कि विश्व में पूँजी का संचरण मक्त रहें, राष्ट्रराज्यों की सीमा के प्रतिबंध सांस्कृतिक धार्मिक अथवा नस्ली आग्रह इन सबसे परे पूँजी का बहाव अपना स्वरूप अपनी धारा का रूख खुद तय करेगा और इसके उपासक किसी देश, जाति या धर्म की छाप से अलग, निरंतर धुमंतू विश्व नागरिक होगें। परंतु यह दर्शन कइयों को अस्वीकार है। इसलिए भूमंडलीकरण के समर्थकों और विरोधियों के बीच भारत समेत पूरी दुनिया में दावोस की वार्षिक बैठक सड़कों से लेकर मीडिया तक में दो अतिवादी और परस्पर विरोधी प्रतिक्रियाएँ पैदा करती है। एक ओर सैम्युल हंटिंगडन जैसे वे लोग है जिनके अनुसार ''वैश्वीकरण राज्य के बजाय सिर्फ बाजार के प्रति निष्ठा माँगता है, और बाजार के यायावर उपासक सम्पन्नता की होड़ में लगकर उदात्त राष्ट्रीय भावनाएँ और उनसे निकली देश विरादरी या परिवारिक जिम्मेदारियाँ

भूल रहें है, वे खुद को विश्व नागरिक मानते हैं, किसी देश विशेष का नागरिक नहीं।''[6] अत: अगर उनके इर्द-गिर्द बाजार से केट लोगों किी विपन्न भीड़ हो तो वे उससे विचलित नहीं होते। ऐसी सोच के चलते दुनियाँ में सम्पन्न और विपत्र देशों और उन देशों के भीतर भी पूँजीवाद के बीच खतरनाक, गुप्त और गहरी खाइयाँ बनती जा रही है। यदि हम न चेते तो एक दिन इनकी हलचलों से ऐसा भीषण जलजला आएगा, जो विश्वभर में सम्पन्नता की इन सभी मायानगरियों को एक साथ देखते-देखते मिट्टी मे मिला देगा। जब ऐसा होगा तो दुनियाभर में सिर्फ बाजार ही नहीं राज-समाज और नीति-निर्माण सभी बुरी तरह प्रभावित हो जाएँगें, आश्चर्य नहीं, कि डर और शंका का लाभी उठाकर साम्राज्यवादी तानाशाह सत्ता हाथ में ले लें। अभी हाल में अमरीकी और अन्य विकसित देशों में आर्थिक मंदी आने से तथा आउट सोर्सिग से जो बेरोजगारी बढती है तथा भारत चीन में नए और पुराने ढर्रे के रोजगारों में लगे लोगों के बीच जैसी विषमता दिख रही है, उसे वैश्वीकरण विरोधी घड़ा आनेवाली इसी अफरा-तफरी का पूर्वानुमान मान रहा है।

वैश्वीकरण के समर्थक कहते हैं कि हटिंगउन जैसे बाल की खाल खींचने वाले लोग बेकार घबरा रहे हैं। देशों की सांस्कृति और नागरिकों की मानसिकता तथा जीवनशैली दो अलग-अलग बातें हैं। यह ठीक है कि वैश्वीकरण से देशों की सांस्कृतिक अस्मिता सुरक्षित नहीं है क्योंकि उसे सीानीय तत्व ही प्रत्येक देश में अलग-अलग गढ़ते हैं। और गढ़ते रहेगें। भूमंडलीकरण लोगों में एक नयी तरह की मानसिकता और भिन्न तरह की जीवनशैली रच रहा है। इस सोच और जीवन शैली का स्थानीय संस्कृति से टकराव होना कोई जरूरी नहीं है। आखिर वैश्वीकरण भी तो ढ़ाई सौ वर्ष पुरानी राष्ट्रराज्य की परम्परा के विकास से ही ऊपजा है उसके प्रतिनिधियों की जीवनशैली या उनके विचार उसी मूल परम्परा के दुश्मन भला कैसे बन सकते है। वैश्वीकरण से तो इच्छुक देशों को उपलब्ध हो सकने वाले बाजार पूँजी निवेश संभावनाएँ और मुनाफे की मात्रा अकल्पनीय तौर से बढ़ेगी। वे यहाँ चीन का उदाहरण देते हैं। आज वहाँ हो रहा पूँजी निवेश, विश्व के सबसे सम्पन्न देश अमरीका से भी अधिक है। भारत में भी इससे लाखों नौकरियाँ और बड़े साझा उपक्रम बने हैं, तथा वर्षों बाद हमारी सिसकती-खिसकती विकास दर में भी तेजी दिख रही है। इसलिए पूँजी, श्रम और उत्पादों के मुक्त संचरण से डर कैसा? हमें तो इसका हाथ बढ़ाकर स्वागत करना चाहिए।[7]

स्थूल अर्थो में ये तमाम बातें सुनने में तो सही लगती है, लेकिन सूक्ष्म अर्थों में हम देखते है। तो इन तर्कों में कई तरह की खामियाँ नजर आती हैं। एक दर्शन के रूप में मुक्त बाजार चाहें जितना ही व्यापक और सूक्ष्मदर्शी क्यों न हों, यह मानना ही पड़ेगा कि उसके जमीन पर उतारनेवाला मनुष्य स्वभाव आज भी अनिश्चित और परिवर्त्तनशीन भी है। इसलिए हम कई बार देखते हैं कि पूँजी, श्रम और उत्पादों का स्पष्ट किताबी मान्यताओं या दो-टूक अदालती आदेशों के आधार पर दुनिया में संचरण उतना नहीं होता जितना कि धर्म, जाति और नस्ल से जुड़ी सांस्कृतिक मान्यताओं और सत्तारूढ़ राजनैतिक पार्टियों के हितों के आधार पर। इसलिए भूमंडलीकरण का सही और ईमानदार मूल्यांकन करने के लिए हम सिर्फ दार्शनिक वक्तव्यों एवं तर्कों के सहारे बहुत दूर तक नहीं जा सकते हैं- दरअसल 21वीं सदी के इस विराट दर्शन और उसके फलादेशों की पड़ताल दुनिया के विभिन्न देशों की व्यवस्था ओर उसके अंतरविरोधी के साथ करनी पड़ेगी। हमे स्वीकार करना पड़ेगा, कि कई बार अपने देशों की नीतियाँ बनाते वक्त लोकतांत्रिक पूँजीवाद समर्थक सरकारें भी अपने फैसले कर्तव्यवश कम और पार्टी हित में अधिक लेती हैं। पूँजी की आवक-जावक के लिए फाटक खोलते और बंद करते हुए अमरीका या यूरोप या पड़ोसी पाकिस्तान की सरकार जो तर्क देती है, वे

इसलिए कभी तर्कसंगत तो कमी अनर्गल भी प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए अमरीकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ विकासशील देशों में रोजगार देने का दावा करती है जबकि अमरीका की लगभग आधी आबादी आज भी बेरोजगार है, कितना बड़ा फरेब है, और भूमंडलीकरण की राजनीति का सच भी। ऐसे अवसर पर गाँधी जी की यह उक्ति याद आती है कि ''दुनिया की जनसंख्या चाहे कितनी भी क्यों न हो धरती माता सबका पेट भी सकती है परंतु एक लालची का पेट नहीं भर सकती है।''[8] इस तरह वैश्वीकरण की राजनीति के संबंध मे रामविलास शर्मा की यह पंक्ति सत्य प्रतीत होती है कि:-

''मुझको हर बात का जवाब न दो,
प्यास पानी की है, शराब न दो।
जिसको पढ़कर हम गिरे इतना,
कम से कम अब तो वह किताब न दो।''

देश के भीतर भी विभिन्न प्रकार के अलाभकारी सार्वजनिक उपक्रम लगाने, बेचने या बंद करने के फैसले कभी राष्ट्रहित की चिंता से उपजते है तो कभी किसी गुप्त स्वार्थों की पूर्ति और गठजोड़ के पक्ष मे पेश किया जा रहा एक-एक छलावा से होते हैं। इसलिए मुक्त मंडी और उससे जुड़ी मानसिकता कितनी उचित या अनुचित है इसका फैसला हम ताबड़तोड़ दिए जा रहे आत्यंतिक किस्म के लोकप्रिय धारणाओं के बूते नहीं कर सकेगें। क्योंकि फैसला स्याह या सफेद नहीं हो सकता।

लेखक टॉम्स मान ने कहा था, कि हमारे समय में मानव नियति अपने को राजनीति के माध्यम से व्यक्त करती है। भारत में भूमंडलीकरण भी राज्य और राजनीति से दो स्तरों पर जुड़ कर हमारे सामने आया है। एक घटना के स्तर पर और दूसरा राजकीय स्तर पर एक तरह से तो इससे भारत का भला हुआ है। क्योंकि एक बार व्यक्तिगत इच्छा या गठजोड़ की जरूरतों के चलते नई आर्थिक नीतियाँ चल पड़ी तो उनके प्रभाव ने सभी पार्टियों को इस बात के लिए मजबूर कर दिया कि अपनी पारम्परिक नियतिवाद कपमंडूकता को छोड़कर वे अपनी स्थिति और नीतियों की निर्गम परीक्षा करें। वे खुद को अपनी क्षमताओं अक्षमताओं के आइने में देखें और बाहर आकर शेष संसार के बाजारों से उनके राज समाज से चुनौतीभरा साक्षात्कार करें, तभी वह सत्ता में टिक सकती है। दरअसल राजनीति राज्य और समाज दोनो क्षेत्रों में भारतीय स्थिति को जटिल बना दिया है। हम सबको साहित्य और अकादमिक शोध रपटें ही नहीं बल्कि मुक्त बाजार भी आज इस बात पर विचलित और बाध्य कर रहा है, कि अपनी गरीबी की रेखा या मिश्रित अर्थव्यवस्था या प्रतिव्यक्ति आय संबंधी पुरानी भावुक अवधारणाओं को बदलें। एक तरफ हम मैकाले की अंग्रेजी शिक्षा और अंग्रेजी भाषा और उसके विश्व बाजार के महत्त्व को माने, दूसरी तरफ खुलते जा रहे देशी घरेलू बाजार की आम जनभावनाओं से अपने असली आर्थिक, राजनीतिक रिश्ते और सरोकार भी ठीक से समझें, और भाषाई दुराग्रह छोड़कर पैसा उन भाषाओं के विकास में पूँजी न्योतें, लगायें, जो बाजार-व्यापार फैलाने में मददगार हो। जीवनशैली तथा अध्ययन के क्षेत्रों में अपनी परम्परा से लगभग उखड़े अनेक भारतीय पूँजीपतियों, अहिन्दीभाषी, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक दलों के आगे वैश्वीकरण दो टूक प्रश्न पूछ रहा है। क्या वे भारतीय भाषाओं के अध्ययन को अपने लिए पूरी इतना जरूरी है तो क्या वे अपने पुराने सोच से उबर कर हिन्दी जैसी व्यापक भाषा से अंतरगता बनायेगें? कड़ी बौद्धिक तथा भौतिक चुनौतियों का सामना हमारे राज-समाज और बुद्धिजीवियों ने अक्सर उस कछुए की तरह किया है जो चुनौती सामने आने पर अपने खोल मे सिर-पूँछ छुपा कर अपने को स्वत: सम्पूर्ण और सुरक्षित मानने

का भ्रम पाल बैठते है। जब भाषाओं पर सवाल उठता है तो हम अनेकता में एकता के अथवा हिन्दी हटाओ, अंग्रेजी को सेतू बनाओ या त्रिभाषा जैसे एक गड़बड़ फार्मूले की धूँध छोड़ देते हैं। निजी बनाम सार्वजनिक क्षेत्र की बहस उठी तो हमारे नेता दो टूक राय देने के बजाय गठजोड़ के घटको से खर्चीला और अनुत्पादक समझौता कर लेते हैं। पर ऐसा अवसरवाद नई डगर पर हमें बहुत दूर नहीं ले जा सकेगा। विश्वमंडी में जितनी दूर हम आ गए हैं, वहाँ आकर हमें अपना कच्छप अवतार छोड़ना होगा। कुएँ से निकले बिना हम कूपकंडको के लिए दूसरा कुँआ नहीं बना सकते। हमारे ज्यादातर अर्थशास्त्रियों, समाजशास्त्रियों और आर्थिक पत्रकारिता करने वालों का नकली चेहरा समाजवाद और मार्क्सवाद की माला जपने के बाद भी अपने से अलग वर्गों से भाषा और रोजमर्रा के संदर्भों में कटी हुई है। बदलती हुई परिस्थितियों के साथ बदलने और समय के साथ चलने में खुद को असमर्थ पा कर ही प्रायः यह पूरा वर्ग

भूमंडलीकरण पर घायल शेर की तरह दहाड़ता रहा है या फिर अंदर ही अंदर अपनी समृद्धि की गुप्त गाटियॉ बिछाकर वह इसका तर्क बिना समर्थन कर रहा है। उनकी तुलना में जमीनी स्तर के कामों और ग्रामीण स्तर की अनगढ़ भाषाई पत्रकारिता राज समाज की बदलती जरूरतों और पूँजी-संचरण की दिशा और खतरों से सचेत करने में खुद को कहीं अधिक व्यवहारिक, सक्षम और ईमानदार प्रमाणित कर रही है। रातोरात अमरीकी या ब्रिटिश लहजे की कामचलाऊ अंग्रेजी और कम्प्यूटर गणना पद्धतियाँ अपना कर नई तरह की नौकरियों से अपना भविष्य सवारने में और साथ ही भाषाई माध्यम से देश की राजनीति समझने और बाँचने में यह वर्ग देरी नहीं लगा रहा उनकी तुलना में उनसे कहीं ज्यादा पढ़े लिखे उच्च मध्य वर्ग के लोग अभी भी असली भारतीय इतिहास के कोहरे और अंतर्द्वनदों के अन्भ्यस्त है। अपने स्वार्थो के बुते वे वैश्वीकरण से या तो उत्कट प्रेम करते हैं या वेपनाह धृणा। इसे गहरायी से समझने की कोशिश वे प्रायः नहीं करते।

युगसंधि की इस हलचल भरी बेला में देखने और समझने लायक सबसे बड़ी जरूरत यह है कि राष्ट्र-राज्य का मूल जनहितकारी स्वरूप बाजार के अनियंत्रित दवाबों से एक सीमा से अधिक विकृत न हो, और जनप्रतिनिधियों शासकों के पास हर वक्त हर हाल में स्वार्थपरकता और हिंसक प्रवृतियों पर लगाम साधने लायक न्यूनतम क्षमता और इच्छा शक्ति बची रहे। यह जरूरत है, ताकि सभ्य समाज को मत्सय न्याय से बचाया जा सके।

इसके बिना अर्निबाध पूँजी बहाब को लम्बे अरसे तक कायम नहीं रखा जा सकता। इसके लिए हमारे पूँजीपतियों प्रबंधन विशेषज्ञों और आर्थिक नीति-निर्धारकों को देशी राजनीति के प्रति अपना चुहलभरा अवहेलना भाव त्याग कर अपने राष्ट्र-राज्य के कायदे-कानूनों को पूरा आदर और महत्व देना होगा। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि देशों के भीतर पूँजी के इस महासागर में अभी भी उठ सकने वाले झंझावातों और सुनामियों के प्रकोप से अपने उद्यमियों और श्रमिकों को यथासंभाव रक्षा कर सकने योग्य राजकीय संस्थान मजबूती से कायम रहे। इसके लिए राजनेतओं और पूँजीपतियों, दोनों को अपनी नजरें सिर्फ पूँजी की धारा से हटाकर देश के भीतर बन रही परिस्थितियों पर भी केन्द्रित करनी होगी। उन्हें अपने घरेलू उपक्रमों की कार्यक्षमता उसके श्रमिकों की हुनरमंदी और निवेश तीनों का लगातार नवीनीकरण करना होगा, भले ही कई बार यह करना खर्च क्यों नहीं बढ़ाता हो। अंत में, चटपट कमाए मुनाफे से छकी सरकारों तथा कारपोरेट जगत को अपने राजमिडास जैसे लालच और अहंकार को नियंत्रित करना ही नहीं सीखना होगा, दुर्दिन के लिए पर्याप्त बचा कर न

रखने और बिना सोचें समझे कमाया पैसा बर्बाद करने की नवधनाढ्य प्रवृतियों से भी छुटकारा पाना होगा क्योंकि:-

''अब आँधियां ही करेंगी रोशनी का फैसला,
जिस दीये में तेल होगा जितना, वह करेगा प्रकाश उतना।''

संदर्भ सूची

1. आधुनिकता के आइने मे दलित पृ0 397 प्रकाशक वाणी प्रकाशण नई दिल्ली, 2005
2. सांस्कृतिक समुच्चय पृ0 52 वार्षिकी - 2005
3. सांस्कृतिक समुच्चय पृ0 57, 58 वार्षिकी - 2005
4. हिन्दुस्तान दैनिक 1 मार्च 1993
5. हिन्दुस्तान दैनिक 2 मार्च 1997
6. दलित साहित्य एवं चिंतन का दलित समाज के उत्थान में योगदान पृ0-82 यू0जी0सी0 लघु शोध प्रबंध, शोधप्रज्ञ- डा0 शिववन्द्र
7. हिन्दुस्तान दैनिक सितम्बर 2005
8. विचार वल्लरी पृ0 25 कुमार बुक डिपो, अशोक राजपथ, पटना।

संस्कृत

महाकवि भवभूति का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

वीणा कुमारी

शोधार्थी, मानवीकी संकाय संस्कृत विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

भवभूति के तीनों रूपकों में उनके परिवार के विषय में चर्चाएँ हैं। महावीरचरित की प्रस्तावना में सुत्रधार, नाटक के रचयिता का परिचय देते हुए कहता है कि दक्षिणपथ में पद्मपुर नामक नगर में तैत्तिरीय शाखा के काश्यपगोत्री, पंक्तिपावन, पंचाग्नि के उपासक, अंगीकृत के निर्वाहक, सोमपान करने वाले, 'उदुम्बर' इस उपाधि के धारण करने वाले, ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मण रहते हैं। उसी वंश में वाजपेय यज्ञ करने वाले, कीर्तनीय नाम वाले, पवित्र यश वाले महाकवि भट्ट गोपाल के पंचमपौत्र, पवित्र कीर्ति नीलकंठ तथा जतुकर्णी के पुत्र श्रीकण्ठ इस उपाधि से समन्विय, व्याकरण, मीमांसा और तर्कशास्त्र के आचार्य कवि भवभूति हमारे मित्र हैं, यह आप भी जानें। महर्षियों में अंगिरा के सदृश एवं परमहंसों में प्रधान अन्वर्थनामा ज्ञाननिधि उनके गुरू थे। भवभूति को सूत्रधार श्रीत्रियपुत्र भी कहता है।

उत्तररामचरित की प्रस्तावना में भवभूति के विषय में संक्षिप्त किन्तु महावीरचरित सें साम्य रखता हुआा तथ्य मिलता है। केवल उनके गुरू के नाम की चर्चा नहीं है।

मालतीमाधव में जो परिचर्चा है वह महावीरचरित की तरह ही है किन्तु इसमें विशेष बात यह है कि कवि का नटों से मैत्री-भाव माना गया है तथा कहा गया है कि उन्होने स्वयं गुण-बहुला इस कृति को हमारे सूत्रधार के हाथों में समर्पित किया है। इसके साथ ही कवि की अपनी घोषणा होती है कि जो व्यक्ति हमारे प्रति या हमारे कृतियों के प्रति अवज्ञा का भाव रखते हैं, वे अत्यंत तुच्छ या सीमित बुद्धिवाले होते हैं, उनके लिए हमारा यह रूपक-प्रणयन रूप प्रयास भी नहीं है। मेरा कोई समानधर्मा-समानगुणवाला अतएव मेरी रचनाओं का मर्म जाननेवाला व्यक्ति अवश्य ही उत्पन्न होगा, क्योकि यह काल असीमित है और यह पृथ्वी भी अत्यंत विस्तीर्ण है। कवि अपने गुणों को महनीय मानता है क्योंकि अपने गुणों के अनुरूप नाम वाले भगवान ज्ञाननिधि उसके गुरू हैं।

महावीरचरित और मालतीमाधव के उल्लेखों में से एक अन्तर दृष्टिगत होता है। महावीरचरित में महाकवे पञ्चमः सुगृहीतनाम्नों भट्टगोपालस्य पौत्रः यह निर्देश मिलता हैं, जबकि मालतीमाधव में महाकवेः पंचमः यह नहीं उद्धृत है। टीकीकारों ने महाकवेः को भट्टगोपालस्य का विशेषण बताया है जबकि पंञ्चमः को पौत्र का, किन्तु एक साथ नहीं रखकर दोनों को दूर-दूर रखना उचित प्रतीत नहीं होता। यदि यह अर्थ होता कि महाकवि और अन्वर्थ नामवाले भट्टगोपाल के पंचम पौत्र, तो कवि ने ऐसा लिखा होता कि महाकवेंः सुगृहीमनाम्नों भट्टगोपालस्य पंचमः पौत्र, जबकि उन्होने लिखा है - तत्र भवतो वाजपेयमाजिनो महाकवेः सुगृहीमनाम्नों भट्टगोपालस्य पंचमः पौत्र इससे दस अर्थ की अधिक संभावना होती है कि महाकवि नामक व्यक्ति से संशश्रेणी में पांचवे भवभूति रहे होंगे।इस तरह भट्टगोपाल में से दो श्रेणी ऊपर महाकवि नाम के भवभूति के पूर्वज रहे होंगे।

तीनों रूपकों में प्राप्त संकेतों से यह स्पस्ट होता है कि भवभूति का जन्म तैत्तिरीयशाखा के, काश्यपगोत्र के श्रोत्रिय पंक्तिपावन, पंचाग्नि के उपासक, उद्म्बर उपाधि को धारण करने वाले तथा वाजपेय यज्ञ करनेवाले ब्रह्मणों के श्रेष्ठ कुल में हुआ था। अपनी उपस्थिति से पंक्ति में बैठनेवालों का पवित्र करनेवाले ब्राह्मण को पंक्तिपावन की जाता था। ऐसे ब्राह्मण वेदांगों में निष्णात होते थे, ज्येष्ठ साम पढे होते थे, नचिकेम अग्नि में होम के संपादक होते थें, जो पंचाग्नि रखते थे, त्रिसुपर्णा पढे रहते थे, वेदाध्ययन के उपरानत समावर्तन स्नान किये रहते थे तथा ब्रह्म-विवाह वाली संस्कृतमाला की सन्तान होते थे।

मनु ने वेदज्ञ, सहस्त्र गायों का दान करनेवाले एवं सौ वर्ष का अवस्था वाले ब्राह्मण को पंक्तिपावन कहा है। इस तरह यह स्पष्ट होता है कि भवभूति पंक्तिपावन ब्राह्मण थे। वे प्रख्यात क्षत्रिय ब्राह्मणों के कुल में उत्पन्न हुए थे, जिस कुल में वाजपेय यज्ञ भी किए गए थे। इनके पितामह का नाम भट्टगोपाल था। पिता का नाम नीलकण्ठ तथा माँ का नाम जतुकर्णी। भवभुति ने सवयं भी कहा है कि पूर्वज तत्वनिर्णय के लिए निरन्तर शास्त्र-श्रवण श्रेष्ठ कर्म यथा यज्ञादि-अनुष्ठान एवं तड़ाग आदि के निर्माण के लिए धनों का, संतान के लिए पत्नी तथा तपस्या के लिए आयु का आदर करते थे।[1]

इनके अपने ही नाम के संबंध में टीकाकारों ने विवाद खड़ा कर दिया है। कुछ लोग श्रीकण्ठ इनका वास्तविक नाम तथा भवभूति को उपाधि मानते हैं। जगद्धर श्रीकण्ठ को भवभूति का वास्तविक नाम मानते हैं, और भवभूति को उपाधि श्री सरस्वती कण्ठे यस्य स श्रीकण्ठः। तद्वाचक पदलान्छनं चिन्ह यस्य सः नाम्न श्रीकण्ठः प्रसिद्ध या भवभूतिरित्यर्थः।[2]

घनश्याम ने भी श्रीकण्ठ को दनका नाम माना है, जबकि भवभूति को उपाधि श्रीकण्ठ नामा साम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः दतिश्लोक निर्माणवेलागुणावशादाननदमरिते न राज्ञैव भवभूतिरिति ख्यायितः कविः।[3] वीरराघव[4], त्रिपुरारि[5], भी श्रीकण्ठ को ही भवभूति का उचित नाम मानते हैं। ये विद्वान श्रीकण्ठ को इनका वास्तिविक नाम बतलाते हैं और भवभूति को उपाधि। श्रीकण्ठ इति पदं याब्दों लान्छनं नाम यस्य सः अथवा श्रीकण्ठस्थ शिवस्य पदे पादावेव लांछनं यस्य इति श्रीकण्ठः। इनके अनुसार साम्बापुनातु भवभूति पवित्रमूर्तिः जथा गिरिजायाः कुचौवन्दे भवभूतिसिताननौ, इन उद्धरणें से स्पष्ट होता हैकि भवभूति यह उपाधि विद्वत समाज द्वारा प्रदत्त थी, किन्तु अन्य विद्वान ऐसा नहीं मानते काणे ने उचित सम्मति प्रकट की है कि किसी भी प्राचीन ग्रन्थ में भवभूति को छोड़कर श्रीकण्ठ नाम नहीं आया है।

अतः भवभूति ही उनका वास्तविक नाम था।[6] भवभूति के कण्ठ में वाग्देवी विराजमान रहती थीं अतः उनके लिए श्रीकण्ठ यह विशेषण प्रयुक्त हुआा था।[7] श्रीकण्ठ इस उपाधि से हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि वे संस्कृत पद्यों का सुन्दर गायन करते रहें होंगे तथा विद्या को कण्ठस्थ करने का उन्हे अपूर्व अभ्यास रहा होगा। जो लोग श्रीकण्ठ नाम के लिए यह तर्क देते हैं कि पिता का नीलकण्ठ होने से पुत्र का नाम श्रीकण्ठ ही सम्यक प्रतीत होता है, वे यह भूल जाते हैं कि नीलकण्ठ के पिता का नाम भट्टगोपाल था और उने भी पहले उनके पितामह का नाम महाकवि था। वसतुतः भवभूति को ही उनका वास्तविक नाम मानना उपयुक्त है, सवयं भवभमति के द्वारा मालतीमाधव में भवभमतिनामा इस निर्देश से भी यही विचार संगत प्रतीत होता है। वाक्पतिराज, राजशेखर, कलहण,

गोवर्धनाचार्य आदि ने भी अपने ग्रन्थों में भवभूति इस नाम की चर्चा की है। दीपशिखा कालिदास, आतपत्रभरवि, घष्टामाघ, आदि उपाधियों से उकत कवि नहीं प्रचलित रहें हैं, प्रत्युत् उपाधिविहिन नामों से ही वे प्रसिद्ध रहें हैं, अतः भवभूति यह महाकवि की उपाधि थी, यह कहना सर्वथा उपयुक्त नहीं प्रतीत होता। वसतुतः श्रीकण्ठ ही उनकी उपाधि रही होगी या घर के लोगों के लिए प्रचलित उपनाम रहा होगा। भवभूति के संबंध में तथा उम्बेक का उभेद निरूपण या पार्थक्य निरूपण इस संबंध में श्री काणे तथा मिराशी ने विस्तृत विवेचन से इसे स्पष्ट किया है कि दोनों व्यक्तित्व के नाम थे, अतः प्रकृत में उस पर विचार नहीं किया जाता।[8]

भवभूति ने अपने गुय का नाम महावीरचरित और मालतीमाधव में ज्ञाननिधि बतलाया है। महावीरचरित में एक स्थान पर प्रकारान्तर से उन्होंने अपने गुरू ज्ञाननिधि की चर्चा की है - किसेकदेशेन महाज्ञाननिधेर्माहात्म्यम पहि्यते।[9] अपने गुरू को उन्होंने अंगिरा ऋषि के समान तथा परमहंसो में अग्रगण्य एवं यथार्थनामा बतलाया है जिससे स्पष्ट होता है कि वस्तुतः ज्ञानविज्ञान के निधि थे। स्वयं भवभूति का ज्ञान अत्यन्त विशद् था। स्वयं वे विदर्भभूमि में जन्में थे जो सरस्वती के पुत्रों की भूमि था।[10]

मालतीमाधव की प्रस्तावना में उन्होने स्वयं ही कहा है कि वेद, उपनिषद्, सांख्य, योग इन समग्र शास्त्रों का अध्ययन-ऩल उनके रूपकों में प्रतिबिम्बित होता है। वाणी की प्रौढ़ि और उदारता तथा अर्थ का गौरव, इन दोनों को उनके पाण्डित्य और वैदग्ध्य के सम्मिलन ने अपूर्व प्रणाली से इन रूपकों में विनियोजित किया है।[11] मालतीमाधव का सूत्रधार इसमें श्रृंगार आदि विभिन्न रसें के सफल निबन्धन, पात्रों का यथार्थ प्रत्यंकन तथा विभिन्न कलाओं का निबन्धन पाता है।[12] कवि ने अपने इस प्रकरण को सर्वातिशायी बतलाया है।[13]

स्वयं वागधिष्ठात्री देवी उनकी वश्या हैं - वशंवदा।[14] प्रकृत में उनकी व्युत्पत्ति के संबंध में विस्तार अनपेक्षित है, अतः संकेत मात्र दिया गया है। केवल एक तथ्य का उनके जीवन के संबंध में विवेचन आवश्यक है और वह है भवभूति का समग्र जीवन अभावों तथानिराशाओं से परिपूर्ण होना। उनके रूपकों में यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उन्हे अपने जीवन में दचित अभिव्यक्ति नहीं मिली। यही कारण है किउन्होंने अपने से पूर्ववर्ती किसी कवि का उल्लेख नहीं किया। केवल आदिकवि के प्रति उन्होंने सम्मान का भाव प्रदर्शित किया है।

कालिदास ऐसे अप्रतिम प्रतिमासम्पन्न कवि का भवभूति द्वारा अनुल्लेख समाज के प्रति उनके आक्रोश का सूचक है। जब दूसरे आदर नहीं करें तो व्यक्ति सवयं ही अपनी वस्तु का मूल्य लोगों को समझाना चाहता है। ये ब्रह्माणतियं देवी वाग्वाश्येवानुवर्तत, मुम्नां रसानां गहनः प्रयोगः,अस्ति वा कुतसिचदेवभूतं महादुभूतं विचित्ररमणीयोज्जवलं प्रकरणम् वे नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां जानन्ति ते किमपि तान्प्रति नैष यत्नःआदि अभिव्यक्तियाँ इसी को संकेतित करती हैं। परंच कवि को विश्वास है कि उसका समानधर्मा अवश्य होगा, जो उसकी रचनाओं के मर्म को समझेगा।

संदर्भः-

1. मालतीमाधव, 1/5.
2. वही, पृष्ठ 8 टीका से उद्धृत।
3. उत्तररामचरितम्, काणे, पृष्ठ 2.

4. श्रीकण्ठपदलांछनं पितृकृतनामेदम्। ख्र भवभूतिर्नाम साम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः इति श्लोकरचनासन्तुष्टेन राज्ञा भवभूतिरिति ख्यापितः। किंचास्मैकवये ईश्वर एवं भिक्षारू पेणागत्य भूतिं दतवानिति वदन्ति। एवं च भवाद्मगवतो मूर्तियस्येति भवभूतिरित्यन्यर्थ इत्याहुः।
   - वीरराघव, महावीरचरित पर।
5. भवभूतिरिति व्यवहारे तसयैव नामान्तरम्।
   - त्रिपुरारि मालतीमाधव पर।
6. U.R.C., introduction, Kane, p.2.
7. लोकातिगकविशक्तिदर्शनाद्वाग्देवी नित्यकालमस्य कण्ठे वसतीति मत्वा तदानीन्तनैः भवभूतेः श्रीकण्ठ इति विशेषणं परिकल्पितम्।
   - महाकवि भवभूति, पृष्ठ 7.
8. द्रष्टव्य U.R.C., Introd, kane and Bhavbhuti, Mirashui.
9. महा0, पृष्ठ 74.
10. सोयिं सुभुपुरी विदर्भविषयः सारस्वतीजन्ममूः।।
    - वाल रा0 ए0, 10/74.
11. मालतीमाधव, 1/7.
12. वही, 1/4.
13. अस्ति वा कुतनिश्चदेवंभूतं महाद्भुत विचित्ररमणीय प्रकरणम्
14. उत्तर 0, 1/2.

संस्कृत

हमारे संस्कृति में संस्कार

मनीष कुमार भारती

शोध छात्र, संस्कृत, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

किसी भी देश एवं राष्ट्र का प्राण उसके संस्कृति होती है क्योंकि यदि कोई उसकी अपनी संस्कृति नहीं तो संसार में उसका अस्तित्व ही क्या? पसन्तुसंस्कृति का क्या अर्थ है भारतीयों से आर्य संस्कृति है यह नही बतलाया जाता है। लोग अंग्रेजी शब्द 'कल्चर' का अर्थ कहते है। संस्कृति परन्तु संस्कृति भाषा का शब्द है। इसलिए संस्कृति शब्द से अर्थ संस्कृत व्याकरण के अनुसार ही होना चाहिए। 'सम' उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से भूषण अर्थ में सुट् का आगत करके क्तिन् प्रत्यय करने से संस्कृति शब्द बनता है जिसका अर्थ होता है। भूषण भूत सम्यक् कृति इसलिए भूषणभूत सम्यक् कृतियों का सत्पूर्ण क्षेत्र संस्कृति का क्षेत्र है।

पशु पक्षी कीट पतंगादि भोग योनियों में जीव की चेष्टायेंक रने में समर्थ होता है। इसलिए सम्यक् चेष्टा या कृति संस्कृति का प्रयोग मनुष्य के संबंध में ही किया जा सकता है। इसलिए मनुष्य की भूषण भूत सम्यक कृति या चेष्टा ही संस्कृति है।

जिन चेष्टाओं के द्वारा मनुष्य अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में उन्नति करता हुआ सुख शांति प्राप्त करे वे चेष्टायें ही उसके लिए भूषण भूत सम्यक् चेष्टायें कही जा सकती है अथवा मनुष्य की आधि भैतिक आधि दैविक और अध्यामित्क उन्नति के अनुकूल चेष्टायें ही उनकी भूषण भूत सम्यक् चेष्टाऐ है या मनुष्य की व्यैक्तिक सामाजिक आर्थिक राजनैतिक धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में लौकिक-परलौकिक अभ्यूदय के अनुकूल देहेन्द्रय, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार की चेष्टा ही उसके भूषणभूत सम्यक् चेष्टा या संस्कृति है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मनुष्य के लौकिक-पारलौकिक सर्वाभियुद्य के अनुकूल आचार-विचार हों संस्कृति है

किसी जाति के लिए लौकिक-पारलौकिक विश्वास का आधार उस जाति का दर्शन शास्त्र होता है। दर्शन शास्त्र सत्यासत्य विवेचनात्मक ज्ञान परख होता है। मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ, कहाँ जाऊँगा, इस नाना नाम रूपमय जगत का सच्चा स्वरूप क्या है इसका कर्ता कौन है। वह जड़ है या चेतन और परम सुख शांति का क्या स्वरूप है आदि का समाधान दर्शन शास्त्र से होता है। कोई जाति अपने दर्शन शास्त्र के अनुसार इहलोक और परलोक का जो स्वरूप निर्णय करती है उसी के अनुरूप लौकिक-पारलौकिक उन्नित का मार्ग प्रदर्शक उस जाति का आचार शास्त्र होता है। आचार शास्त्र या धर्म शास्त्र विधि निरोधात्मक कर्तव्य संबंधी आज्ञा प्रदायक कर्म परक होता है। किसी जाति का धर्म शास्त्र अपने दर्शन शास्त्र प्रतिपादित लौकिक-पारलौकिक अभ्युदय में सहायक जिन कर्मो या आचार विचारों का विधान करता है। वे कर्म ही उस जाति के लिए कर्त्तव्य होते है और उन्ही के द्वारा वह जाति अपनी लौकिक-पारलौकिक उन्नित मानती है। उससे स्पष्ट है कि किसी जाति के धर्म शास्त्र

द्वारा प्रतिपादित आचार-विचार ही उस जाति की संस्कृति का सवरूप होता है। अर्थात संस्कृति का आधार धर्म शास्त्र या धर्म ग्रन्थ ही है।

मनुष्य को अल्पशक्ति और सीमित सामर्थ से अनन्त शक्ति और अपरिमित सामर्थ की ओर अथवा जीव भाव से ईश भाव या ब्रह्म भाव की ओर स्वाभाविक रूप से अग्रसर करने वाले इस वर्णाश्रम व्यवस्था का आर्य संस्कृति के प्रत्येक बातें रहस्यपूर्ण विशेषतामय है। आर्य संस्कृति वर्ण संकर्ता में समाज एवं राष्ट्र का विकाश देखती है। आर्य संस्कृति का वैदिक इतिहास बतलाया है कि 432000 वर्ष का कलयुग होता है। इसके द्विगुण, त्रिगुण एवं चतुरगुण, क्रमशः द्वापर त्रेत और सतयुग होते है। चारों युग मिलकर एक महायुग कहलाता है और 71 महायुगों का एक मनवंतर होता है। एक मनवंतर में काल प्रमापक मनु और देवाराज इन्द्रादि बड़े-बड़े देव पदाधिकारी बदल जाते है। और उनके स्थान पर नये पदाधिकारी आ जाते है। ऐसे 14 मनवंतरों का एक कल्प होता है वर्तमान कल्प के प्रारम्भ में वैवस्वत मनु नामक मनु भृगुअंगिरा आदि ऋषिगण उत्पन्न हुए थे। और उनके द्वारा गोत्र तथा प्रवरों की सृष्टी हुई थी उस समय से लेकर आजतक आर्य जाति में गोत्र और प्रवरों का यथाक्रम अखण्ड संबंध चला आ रहा है। इस प्रकार गोत्र प्रवर के संबंध सं आर्य संस्कृति में जाति के आधार पर विवाहादि संबंध द्वारा रज वीर्य की शुद्धि ही हिन्दू जाति के चिरंजीवी होने का प्रधान कारण है। वृद्ध पूजा हिन्दू संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है।

अभिवादनशीलस्य नित्यम् वृद्धोपसेविनः

चत्वारि तस्य वर्धान्ते, आयुर्विद्या यशोबलम्।।

नारी को शक्ति का प्रतीक मानकर उसकी पूजा करना आर्य जाति में ही स्वीकार किया है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्तेतत्र देवताः।

आर्य संस्कृति में घृणा के लिए स्थान नहीं है 'शूनिचैव श्वपाकेच पंडिमा समदर्शिनः' का सिद्धांत माना जाता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना आर्य संस्कृति में ही है। इसलिए हम स्पष्ट कह सकते हैं कि 'चतुष्पादपूर्ण' एवं 'चतुवर्ग फलप्रद' अपनी पहली विशेषताओं के कारण ही आर्य संस्कृति सर्वकल्याणकारी अमर और विश्व की सम्पूर्ण संस्कृतियों की जननी है।

कुछ सवदेशी एवं विदेशी आलोचक पंगवों ने नारी के प्रति सम्मान की वैसी भावना नहीं दर्शायी है जितनी सद्भाव सम्मान एवं समादर आर्य संस्कृति में नारियों के लिए है। आर्य संस्कृति में ना ओर नारी का जितना सर्वांगिन विवेचन देखने को मिलता हैउतना अन्यत्र कहीं नहीं। मुसलमानों में तो औरतों को वासनापूर्ति का एक खिलौना मात्र समझा है, ईसाई भी स्त्रियों के साथ समान वर्ताव के बहाने उन्हें विलासिता की सामग्री मात्र समझते हैं।

इसके विपरीत आग्र संस्कृति में (आर्य धर्म में) नारी को अत्यंत सम्मानपूर्ण स्थान पर प्रतिष्टित किया गया है। जीवन मार्ग में प्रस्तुत होने वाले बालक को वेद सबसे पूर्व स्त्री का सम्मान करना सीखाता है।

संस्कृत

काशी का धार्मिक जीवन

राधिका कुमारी

शोधार्थी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

काशी के इतिहास को देखने से पता चलता है कि यहाँ वैदिक विश्वासों के साथ-साथ नाग और यक्ष की पूजा का भी प्रभाव था। उस युग में भी शिव पूजा अवश्य प्रचलित होगी, पर इसका विस्तार गुप्त-युग में अधिक बढ़ा। काशी बौध-धर्म का भी एक प्रधान क्षेत्र बना रहा, पर पुरातात्विक अवशेंषों के आधार पर यही का जा सकता है कि वह सारनाथ तक ही सीमित था, वाराणसी क्षेत्र में तो शैव धर्म का ही बोलबाला था।[1]

सातवीं सदी में यवान चवाड़ ने भी यह बाल परिलक्षत की। अनेक धर्मो का अड्डा रहते हुए भी वाराणसी शैव धर्म की ही केन्द्र थी और अब भी है। पौराणिक साहित्य भी बानारस के शिवलिगों की महिमा से भरा पड़ा है। समय की गति के अनुसार जैसे-जैसे काशी का इतिहास आगे बढ़ता है, वैसे - वैसे शिवलिंगों की संख्या भी बढ़ती जाती है तथा चित्र-विचित्र वेश वाले योगियों और सन्यासियों की भी।[2]

काशी पुरी के जन्मारंभ से ही धार्मिक विशेषता भी उसके साथ जुड़ गया थी। यहाँ पहले यक्षों की पूजा होती थी काशी में कई तरह के पूजा स्थान अभी तक है, जिन्हें वीर या चौड़ा कहते हैं। जहुरावीर और बुल्लावीर प्रसिद्ध है, जो भारहुत से मिली हुई चुलकोका यक्षियों के ढ़ंग पर छोटे और बड़े बीर संज्ञा वाले देवता थे। काशी विश्वविद्याालय में भी बीरों के कई चौरे अभी तक लगते हैं। मत्स्यपुराण की एक कथा के अनुसार काशी के हरिकेश यक्ष ने शिव की अखंड भक्ति करके काशी में स्थायी रूप से बसने का वरदान प्राप्त किया।[3] तब से उसने शिव-पूजा का प्रचार और यक्ष-पूजा की पुरानी परंपरा को शिव- पूजा ने आत्मसात का लिया और उसी के अनुसार काशीपुरी का धार्मिक विकास होने लगा। इसका प्रत्यक्ष फल यह हुआ कि काशी के धुल-कोट के भीतर अनेक शिवस्थानों की जींव पड़ी, जिनका उल्लेख काशी खण्ड एवं तीर्थकल्पतरू ग्रंथ में पाया जाता है। राजघाट की खुदाई में जो मिट्टी की मुहर मिली है, उसने पहली बार काशी के प्राचीन इतिहास की, लगभग एक सहस्त्र वर्श (200 ई० पू० से 800 ई0 पू० तक) की समाग्री का उद्घाटन किया है। पुराणों में आये हुए कुछ शिवलिंगों के अस्तित्व का समर्थन पुरातत्व की समाग्री से हो रहा है।

काशी का धार्मिक महात्म्य बहुत अधिक है। पुराणों में ऐसा उल्लेख आया है कि ब्रह्महत्या का अपराधी अविमुक्त में प्रवेश करने मात्र से ही पापमुक्त हो जाता है और यदि वहाँ मृत्यु को प्राप्त करता है तो उसे मोक्ष मिलता है। अविमुक्त में प्रवेश करते ही सभी प्रकार के प्राणियों के पूर्वजन्मों के हजारों पाप क्षणमात्र में नष्ट हो जाते हैं। धर्म में आसक्ति रखनेवाला व्यक्ति काशी में मृत्यु होने पर पुनः संसार को नहीं देखता। संसार में योग के द्वारा मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती, किन्तु अविमुक्त में योगी को मोक्ष सिद्ध हो जाता है।[4] कुद स्थलों पर वाराणसी तथा वहां की नदियों के संबंध में रहस्यात्मक संकेत भी मिलते हैं। उदाहरणार्थ 'असी' को 'इड़ा', 'वरणा' को 'पिंगला',

अविमुक्त को 'सुषुम्ना' तथा इन तीनों के सम्मिलित स्वरूप को काशी कहा गया है।[5] परंतु लिंगपुराण का इससे भिन्न मत है। वहाँ असी, वरणा और गंगा को क्रमशः पिंगला, इडा तथा सुषुम्ना कहा गया है।

पुराणों में कहा गया है कि काशी क्षेत्र के एक - एक पग में एक - एक तीर्थ की पवित्रता है।[6] काशी की तिलमात्र भूमि भी शिलिंग से अछूती नहीं है। जेसे काशीखण्ड के दसवें अध्याय में ही 64 लिंगों का वर्णन है। ह्वेनसांग के अनुसार उसके समय में काशी में सो मन्दिर थे और एक मन्दिर में भगवान महेश्वर की 100 फीट ताँबे की मूर्ति थी। किन्तु दुर्भाग्यवश विधर्मियों द्वारा काशी के सहस्त्रों मन्दिर विध्वस्त कर दिए गए और उनके स्थान पर मस्जिदों का निर्माण किया गया। औरंगजेब ने तो काशी का नाम महम्मदाबाद रख दिया था। परन्तु यह नाम चला नहीं और काशी में मन्दिर फिर बनने लगे।

भगवान विश्वनाथ काशी के रक्षक हैं और उनका मन्दिर सर्वप्रमुख है। ऐसा विधान है कि प्रत्येक काशीवासी नित्य गंगा स्नान करके विश्वनाथ का दर्शन करना चाहिए। पर औरंगजेब के बाद लगभग 100 वर्षो तक यह व्यवस्था नहीं रही। शिवलिंग को तीर्थयात्रियों के सुविधानुसार यत्र - तत्र स्थानांतरित किया जाता रहा।[7] वर्तमान मन्दिर अठारहवीं शताब्दी के अन्तिम चरण में रानी अहल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित हुआ। अस्पृश्यता का जहाँ तक प्रश्न है, प्रतिदिन प्रातः ब्रह्मबेला में मणिकार्णिका घाट पर गंगा स्नान करके प्राणियों द्वारा ग्रहण की गयी अशुद्धियों को धो डालते हैं।[8]

कुछ पुराणों के अनुसार काशी में रहकर तनिक भी पाप नहीं करना चाहिए क्योंकि इसके लिए बड़ेही कठोर दंड का विधान है। तीर्थस्थान होने के कारण यहाँ पूर्वजों अथवा पितरों का श्राद्ध और पिंडदान किया जा सकता है। किन्तु तपस्वियों द्वारा काशी में मठों का निर्माण अधिक प्रशंसनीय है। साथ ही, यह भी कहा जाता है कि प्रत्येक काशीवासी को प्रतिदिन मणिकर्णिका घाट पर स्नान करके विश्वेश्वर का दर्शन करना चाहिए। किसी अन्य स्थल पर किए गये पाप काशी आने पर नष्ट हो जातें हैं, किन्तु काशी में किए गए पाप दारूण यातनादायक होते हैं। जो काशी में रहकर पाप करता है, वह पिशाच हो जाता है। वहाँ इस अवस्था में सैकड़ों वर्षो तक रहकर परमज्ञान को प्राप्त होता है, तदुपरांत उसे मोक्ष मिलता है।[9] काशी मे रहकर जो पाप उन्हें यमयातना सहनी पड़ती है, चाहे वह काशी में मरें या अन्यत्र। जो काशी में रहकर पाप करते हैं वे कालभैरव द्वारा दण्डित होते हैं। काशी में पाप करके कहीं अन्यत्र कहीं अन्यत्र मरते हैं, वे राम नामक शिव के गण द्वारा सर्वप्रथम यातना सहते हैं, तत्पश्चात् वे कालभैरव द्वारा दिये गये दण्ड को सहस्त्रों वर्षो तक भोगते हैं। फिर वे नश्वर योनी में प्रविष्ट होते हैं और काशी में मरकर निर्वाण (मोक्ष या संसार से मुक्ति) पाते हैं।

1. (क) डॉ मोतीचनद्र - काशी का इतिहास, पृ0 27
   (ख) पं0 कुबेरनाथ सुकुल, वाराणसी वैभव, पृ0 32
2. डॉ मोतीचनद्र - दो शब्द, काशी का इतिहास, पृ0 10, तृ सं0 2003
3. मतस्यपुराण, 180/6-20.
4. मतस्यपुराण, 185/15-16.
5. स्कन्धपुराण, काशीखण्ड, 515
6. स्कन्धपुराण, काशीखण्ड, 59, 118
7. त्रिस्थलीसेतु, पृ0 208
8. त्रिस्थलीसेतु, पृ0 183
9. त्रिस्थलीसेतु, पृ0 168

संस्कृत

द्वैत वेदान्त में प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप

आशुतोश कुमार

शोधच्छात्रा, संस्कृत-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

1. प्रत्यक्ष प्रमाण की आवश्यकता

प्रमाणों की गणना में प्रत्यक्ष प्रमाण को ही सर्वप्रथम परिगणित किया जाता है। 'प्रत्यक्ष' पद 'प्रति' (सामने अथवा समीप अथवा-सम्बन्धित और अक्ष (नेत्रा) के संयोग से व्युत्पन्न होता है। जिसका तात्पर्य है- तात्कालिक ज्ञान। समस्त भारतीय शडास्तिक एवं त्रिविध नास्तिक दर्शन सम्प्रदाय प्रत्यक्ष प्रमाण के अस्तित्व को निर्बाध रूप से स्वीकार करते हैं। बाह्य जगत् में स्थित विषयों का ज्ञान प्राप्त करने में प्रत्यक्ष प्रमाण प्रथम साधन हैं। प्रत्यक्ष प्रमाण वास्तविकता के उस पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है (जो प्रत्यक्ष योग्य है) जिसका ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ग्रहण किया जा सकता है। इसलिए मधव तीनों प्रमाणों में (प्रत्यक्ष, अनुमान एवं शब्द) प्रत्यक्ष प्रमाण को सर्वाधिक प्रमाणिक और निश्चयात्मक मानते हैं।[1] अत: प्रमाण मीमांसा में भी सर्वप्रथम प्रत्यक्ष प्रमाण का ही निरूपण किया गया है। जिस कारण इसे ज्येष्ठ प्रमाण भी कहा जाता है।[2]

अनुमान प्रमाण अथवा शब्द प्रमाण बिना प्रत्यक्ष प्रमाण के स्वार्थ सिद्धि ही नहीं कर सकते हैं, क्योंकि अनुमान प्रमाण के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण आवश्यक है, अन्यथा पर्वत पर वह्नि की सिद्धि ही असम्भव हो जायेगी। उसी प्रकार शब्द प्रमाण के लिए प्रत्यक्षेन्द्रिय श्रोत ही परमावश्यक होता है।

2. प्रत्यक्ष पद के विभिन्न अर्थ

भारतीय दर्शन परम्परा में 'प्रत्यक्ष' पद तीन अर्थों में प्रयुक्त होता है -प्रथम अर्थ है - प्रत्यक्ष ज्ञान का साधन जिसका आश्रय न्यायसूत्रादि परम्परा लेता है और जिसको द्वैत वेदान्त भी मानता है। द्वितीय अर्थ है- प्रत्यक्ष से उत्पन्न ज्ञान अर्थात् प्रत्यक्ष प्रमा। इसका आश्रय द्वैत वेदान्त और परवर्ती नैयायिक लेते हैं। तृतीय अर्थ है- ज्ञान का विषय। जिस प्रकार आत्मा है। इसका ग्रहण भी द्वैत वेदान्त सिद्धान्त में परिलक्षित होता है।

उपर्युक्त तीनों अर्थों का समेलित रूप ही प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। जिस प्रकार द्वैत वेदान्त के अनुसार 'निर्दोषार्थेन्द्रियसन्निकर्ष: प्रत्यक्षम्' अर्थात् दोष से रहित इन्द्रिय और विषय का सन्निकर्ष प्रत्यक्ष ज्ञान होता है।

3. द्वैत वेदान्त में प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप

प्रत्यक्ष प्रमाण के द्वारा प्रायश: उन विषयों का ज्ञान होता है, जो वर्तमान काल में उपस्थित होते हैं, आसन्न होते हैं एवं जिनका अस्तित्व पूर्णरूप से अव्यवहित होता है[3]। प्रत्यक्ष ज्ञान के साधनों को

दो प्रकार से परिभाषित किया जाता है, जो प्राचीन नैयायिकों से प्रभावित है। प्राचीन नैयायिक करण को 'व्यापारवद् असाधारणकारणम्'[4] रूप से स्वीकार करते हैं, इसी रूप को स्वीकार करके मधव ने प्रत्यक्ष को इस रूप में परिभाषित किया- 'अदुष्टमिन्द्रियम् प्रत्यक्षम्'[5] अर्थात् दोष रहित इन्द्रिय प्रत्यक्ष है। किन्तु इस रूप के पश्चात् नैयायिकों ने केवल 'असाधारणकारणम्'[6] रूप में करण को परिभाषित किया, जिससे द्वैत वेदान्त में भी प्रत्यक्ष को 'निर्दोषार्थेन्द्रियसन्निकर्षः प्रत्यक्षम्'[7] अर्थात् अर्थ और इन्द्रिय के दोष रहित संयोग (सन्निकर्ष) को प्रत्यक्ष रूप में परिभाषित किया गया है। न्याय सम्प्रदाय के समान ही द्वैत वेदान्त सम्प्रदाय भी इन्द्रियार्थासन्निकर्ष को प्रत्यक्ष प्रमाण के लिए आवश्यक अङ्गरूप में स्वीकर करता है।[8] क्योंकि जयतीर्थ के अनुसार 'पूर्णतः निर्दोष (दोष से रहित) अर्थों के सन्निकर्ष (संयोग) से उत्पन्न ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण हो सकता है।'[9] अन्यथा प्रमा की उत्पत्ति ही नहीं होगी। इसी कारण जयतीर्थ ने 'प्रमाणपद्धति' में अर्थविषयक दोषों का भी परिगणन किया है। जिनके कारण प्रत्यक्ष ज्ञान प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है। वे दोष इस प्रकार है- अतिदूरत्व, अतिसामीप्य, सूक्ष्मता, व्यवधान, समानद्रव्याभिघात, अनभिव्यक्तत्व, सादृश्य इत्यादि।[10] जयतीर्थ इन्द्रियादि को दूषित करने वाले कारणों का निरूपण भी करते हैं। यथा - पाण्डुरोग, बुखार, सर्दी-जुकाम, लकवादि जैसी व्याधियाँ इन्द्रिय को दूषित या दोष ग्रसित कर देती है। उपर्युक्त दोषों का राहित्य होने पर ही शडिन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों से सन्निकृष्ट होकर प्रत्यक्ष प्रमा को उत्पन्न करती है। अतिदूरत्वादि अष्टविध दोषों का उल्लेख ईश्वरकृष्ण ने भी सांख्यकारिका में किया है।[11] सम्भवतः द्वैत वेदान्त सम्मत प्रत्यक्ष प्रक्रिया को दूषित करने वाले दोषों का निरूपण सांख्यकारिका से उद्धृत किया गया हो। द्वैत वेदान्ती मानते हैं कि उपर्युक्त दोष से युक्त इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, वह ज्ञान (यथार्थ) न होकर प्रमा के स्थान पर संशय अथवा विपर्ययादि (विपरीत या मिथ्या) ज्ञान[12] होता है।[13]

4. प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया में आवश्यक तत्त्व

द्वैत वेदान्ती इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष को अधिक विस्तारित और विश्लेषित नहीं करते, जिस प्रकार न्याय दर्शन संयोग, समवाय समवेतादि को करता है। द्वैत वेदान्ती अर्थ और इन्द्रिय के मधय केवल संयोग सबंध को ही मानते हैं। उनके अनुसार प्रत्येक इन्द्रिय तेजस से उत्पन्न होती है। जिस कारण इन्द्रियों में इतनी क्षमता होती है, कि वह अपने-अपने विषयों को प्रकाशित या व्यक्त कर सकती है। के.टी.पाण्डुरङ्गी के अनुसार प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया में इन्द्रियों के द्वारा चार तत्त्वों (विषयों) की आवश्यकता होती है।[14]जो इस प्रकार है -

1. प्रमातृ (साक्षिन्)
2. मनस्
3. इन्द्रिय
4. विषय (अर्थ)

इस प्रक्रिया में 'मनस्' की क्रियाशीलता अति आवश्यक है। किन्तु प्रत्यक्ष के यथार्थ होने के लिए किसी भी प्रकार के दोष का अभाव होना चाहिए। इन्द्रियाँ, विषय, अवान्तर व्यापार इत्यादि सभी दोष रहित होने चाहिए।

प्रमाणपद्धति में सर्वप्रथम इन्द्रियों का विश्लेषण किया गया है। जयतीर्थ के अनुसार इन्द्रियों से ज्ञानन्द्रियों का ही ज्ञान होता है।[15] द्वैत वेदान्त के अनुसार ज्ञानेन्द्रियाँ सात हैं। इनमें पाँच चाक्षुष्, घ्राणज, रासन, श्रोत एवं त्वक् इन्द्रियाँ हैं। जिनका स्वरूप अन्य भारतीय दर्शनों के समान ही है। शडिन्द्रिय अन्तःमन है और सप्तम साक्षी इन्द्रिय है। जिसकी परिकल्पना भारतीय दर्शन में नवीन है।

4.1 द्वैत वेदान्त में सप्त ज्ञानेन्द्रियों का द्विविध विभाजन

जयतीर्थ ने उपर्युक्त सात ज्ञानेन्द्रियों को दो वर्गों में विभाजित किया है- 1. प्रमातृ स्वरूप एवं 2. प्राकृत स्वरूप।[16]

1. प्रमातृ स्वरूप (साक्षी) - साक्षी एक विशुद्ध या परिशुद्ध इन्द्रिय है, जो वस्तुतः प्रमातृ स्वरूप है। साक्षी साक्षात् रूप (साक्षात्द्रष्टरि इति, यस्तु तदस्य अस्ति इत्यर्थे विहितः "इनि" इति प्रत्ययः स अत्र साक्षात्करोति इत्यर्थे विहितः इति तथा च साक्षात्करोति इति साक्षी) से ज्ञान को स्वरूपतः जान लेता है। द्वैत वेदान्त के अनुसार साक्षी एक प्रमाता का कार्य भी करता है और एक साधन का कार्य भी करता है।[17] पदार्थों का साक्षात् या प्रत्यक्ष जीव ही कर सकता है, वह जब स्वयं को विषयी बना लेता है, तब ज्ञेय भी साक्षी होता है। द्वैत वेदान्त के ज्ञान का सिद्धान्त प्राकृतेन्द्रिय से होने वाले प्रत्यक्ष और प्रमातृ स्वरूप प्रत्यक्ष पर आधारित है। द्वैत वेदान्त की मान्यता है कि ज्ञान की प्राप्ति प्राकृतेन्द्रिय एवं मनस् के द्वारा विषय के साथ संयोग से होती है और ज्ञान की प्रमाणिकता सदैव उसकी उत्पादिका इन्द्रियों की शुद्धता पर निर्भर करती है, किन्तु जो ज्ञान साक्षी इन्द्रिय या प्रमातृ स्वरूप के द्वारा होता है, वह कभी अयथार्थ और दोषयुक्त नहीं होता।[18] अतः प्रमातृ रूप से ज्ञात ज्ञान की प्रामाणिकता की परीक्षा भी आवश्यक नहीं है।

2. प्राकृत (शड्ज्ञानेन्द्रियाँ) - प्रकृति, अहंकारतत्त्व एवं पञ्च महाभूतादि से उद्भूत होने से शड्विध ज्ञानेन्द्रियां प्राकृत कहलाती है।[19] यहाँ द्वैत वेदान्त ने सांख्य दर्शन के तत्त्वों को ही प्राकृतेन्द्रिय रूपेण ग्रहण किया है। द्वैत वेदान्त में घ्राण, रसना, चक्षु, त्वक्, श्रोत एवं मनस् भेद से शड्ज्ञानेन्द्रियों का विवेचन हुआ है।[20] जिनके माध्यम से प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया सम्भव होती है। द्वैत वेदान्ती का मानना है कि ज्ञान कभी भी विषय से रहित नहीं होता है। कई बार ज्ञान ही ज्ञेय के रूप में उपस्थित होता है। विषय से रहित ज्ञान को स्वीकार करने से स्वसिद्धान्तविरोध दोष का भाव हो जाता है। जो उचित नहीं है। अद्वैत और विशिष्टाद्वैत में निर्विकल्पक ज्ञान सम्भव है। किन्तु द्वैत वेदान्त निर्विकल्पक को नहीं मानता है।

